

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पौष्टिक गुणों से भरपूर अमरूद व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

माघ शुक्ल पक्ष, नवमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 34, अंक 24, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

लखनऊ, रविवार, 18 फरवरी 2024




**आज का मौसम** 26.0° अधिकतम तापमान | 14.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 44 सूर्यास्त 18 : 02


घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश......13


## गुलजार और रामभद्राचार्य को मिलेगा ज्ञानपीठ पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

- चयन समिति ने किया 58वें पुरस्कार की घोषणा



रामभद्राचार्य



गुलजार

प्रसिद्ध उर्दू कवि गुलजार और संस्कृत विद्वान जगद्गुरु रामभद्राचार्य को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। ज्ञानपीठ चयन समिति ने शनिवार को यह घोषणा की। गुलजार हिंदी सिनेमा में अपने कार्य के लिए पहचाने जाते हैं और वर्तमान समय के बेहतरीन उर्दू कवियों में शुमार हैं। उन्हें उर्दू में कार्य के लिए 2002 में साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2013 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार, 2004 में पद्म भूषण और कम से कम पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिल चुके हैं। चित्रकूट में तुलसी पीठ के संस्थापक और प्रमुख रामभद्राचार्य एक प्रसिद्ध हिंदू आध्यात्मिक गुरु, शिक्षक और 100 से अधिक पुस्तकों के लेखक हैं। 2023 के लिए दो भाषाओं के प्रतिष्ठित लेखकों को देने का निर्णय लिया गया है

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 : कल 14 हजार परियोजनाएं उतरेंगी जमीन पर

### 34 लाख रोजगार की नींव होगी पक्की

### 10 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे दुनियाभर के तीन हजार प्रतिभागी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री।

- प्रधानमंत्री के साथ शामिल होंगे जाने-माने उद्योगपति, 500 कंपनियां, बरेली से 99 निवेशक

**अमृत विचार** : राजधानी लखनऊ देश-दुनिया के दिग्गज निवेशकों, नामी-गिरामी हस्तियों का स्वागत करने को पलक-पांवड़े बिछा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देशी-विदेशी आगंतुकों की मेहमाननवाजी का एक और भव्य उदाहरण इतिहास में दर्ज होने को है। 19-21 फरवरी के बीच इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4 (जीबीसी-4) के विविध आयोजन होने हैं। इसमें दुनिया भर के तीन हजार से अधिक प्रतिभागी 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश के साक्षी बनेंगे। अकेले बरेली से 99 निवेशकों को न्योता दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आगुवाई में तमाम वीआईपी यहां मौजूद होंगे। इनमें जाने-माने उद्योगपति, देशी-विदेशी 500 कंपनियों के प्रतिनिधि, विदेशी निवेशक भागीदार ही नहीं राजदूत, उच्चायुक्त और अन्य प्रतिष्ठित अतिथि शामिल रहेंगे। इस आयोजन से 34 लाख रोजगार के अवसरों के लिए नींव मजबूत की जाएगी। साथ ही 14,000 से अधिक परियोजनाएं जमीन पर उतरेंगी। इनमें अयोध्या समेत पूर्वांचल, पश्चिमांचल और बुंदेलखंड की तमाम परियोजनाएं होंगी। दरअसल, पिछले साल 10 से 12 फरवरी के बीच यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का भव्य आयोजन हुआ था। इसके मात्र एक साल के अंदर राज्य सरकार 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा निवेश को धरातल पर उतारने जा रही है।

### मुख्यमंत्री योगी ने परखीं कार्यक्रम की तैयारियां

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को जीबीसी-4 को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत शनिवार को इंदिर गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से आयोजन को लेकर हो रही तैयारियों के बाबत जानकारी ली और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। खासतौर पर प्रधानमंत्री समेत अन्य विशिष्ट मेहमानों और निवेशकों के आवागमन, बैठने और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मुख्य हाल और वहां बने मंच का निरीक्षण भी किया।

### उप्र. इंटरनेशनल फिल्म सिटी की पहली झलक दिखेगी

**लखनऊ।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के आयोजन में प्रदेशवासी पहली बार जेवर में बनने जा रही उप्र. की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी की झलक देख सकेंगे। भविष्य में फिल्ममेकर्स को एक ही छत के नीचे फिल्म निर्माण का बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराया जाना है। यहां एकसाथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग संभव हो सकेगी। फिल्म सिटी की बिड प्राप्त करने वाली बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स और भूटानी ग्रुप ही इस स्टॉल पर फिल्म सिटी की रेप्लिका को डिजाइन कर रही है। पहली झलक में अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर से लेकर केदारनाथ और लंदन से लेकर कनाडा की प्राइम लोकेशंस तक के सेट को प्रदर्शित किया जाएगा।






## एक नजर

### गर्भवती से सामूहिक दुष्कर्म के बाद किया आग के हवाले

**मुरैना (मप्र)।** मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में 34 वर्षीय एक गर्भवती महिला से तीन लोगों ने कथित तौर पर बलात्कार किया और फिर उसे आग लगा दी। पीड़िता अस्पताल में जिंदगी और मौत से जूझ रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि 80 फीसदी झुलसी पीड़िता का ग्वालियर में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह घटना शुक्रवार को अंबाह कस्बे से करीब तीन किलोमीटर दूर चांद का पुरा गांव में हुई। अंबाह थाने के पुलिस निरीक्षक आलोक परिहार ने बताया कि पीड़िता एक महिला के साथ समझौता करने के लिए गांव गई थी।

### मणिपुर में गोलीबारी में बीएसएफ का जवान घायल

**इंफाल।** मणिपुर के काकचिंग जिले में शनिवार को हुई गोलीबारी में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि घायल हेड कांस्टेबल सोम दत्त (45) हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि सुगनू गांव में गोली लगने से दत्त घायल हो गए और उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी ने कहा कि सुगनू में पिछले तीन दिन से हथियारबंद लोग लगातार हमले कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार रात पहाड़ी इलाकों से गोलीबारी की।

### कबाड़ माफिया रवि काना की पत्नी को जेल भेजा

**नोएडा।** सामूहिक दुष्कर्म और गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे कुख्यात कबाड़ माफिया रवि नागर ऊर्फ रवि काना की पत्नी मधु नागर को शनिवार को गौतम बुद्ध नगर की अदालत ने न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। मधु नागर को शुक्रवार को दिल्ली हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उसे जनपद गौतम बुद्ध नगर न्यायालय में पेश किया वहां से अदालत ने उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# पुलिस भर्ती में 25 जिलों से सेंधमारी 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

## गुरुवार से शनिवार तक कार्रवाई में मुखबिर और बायोमेट्रिक फिंगर प्रिंट से मिली मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### 10 लाख रुपये में लिया परीक्षा पास कराने का ठेका, बरेली से चार गिरफ्तार

10 लाख रुपये में पुलिस भर्ती परीक्षा पास कराने का ठेका लेने वाले साल्वर गिरोह के सरगना समेत चार लोगों को एसटीएफ ने बरेली के भमोरा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। आगरा में पुलिस ने 11 सॉल्वर पकड़े। इनमें दो पुलिसकर्मी हैं। हाथरस में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में पेपर लीक कर परीक्षार्थियों को पढ़वाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। तीनों के पास से पुलिस भर्ती के 46 और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के 36 प्रवेश पत्र बरामद किए गए।

- मुरादाबाद में एक सॉल्वर समेत दो अभ्यर्थी गिरफ्तार, बिजनौर से भी पकड़ा गया एक सॉल्वर

**अमृत विचार** : प्रदेश की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा, पुलिस भर्ती को बेदाग संपन्न कराने में एसटीएफ और पुलिस महकमा कई दिनों से सक्रिय है। वहीं दूसरी और सॉल्वर गैंग और फर्जी प्रश्न-पत्र बेचने वाले जालसाज भी अपने स्तर से सेंधमारी में लगे हैं। शनिवार और रविवार को होने वाली इस परीक्षा में 15 से 17 फरवरी को शाम साढ़े चार बजे तक 24 जिलों में कुल 122 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार किए गए हैं। तकरीबन डेढ़ सौ से अधिक एडमिट कार्ड भी बरामद होने की खबर है।

एसटीएफ और जिला पुलिस की तीन दिन की इस कार्रवाई में एक तरफ जहां मुखबिरों ने मदद की, वहीं दूसरी ओर शनिवार को परीक्षा केंद्र के भीतर जाने के दौरान फेस रिकग्निशन और बायोमैट्रिक फ्रिंगर प्रिंट ने सॉल्वरों को बेनकाब किया। गोरखपुर में प्रथम पाली की परीक्षा में इस्लामिया कालेज ऑफ कामर्स बख्शीपुर केंद्र पर दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे अंजनी कुमार को पकड़ा गया। नेवादा बिहार का रहने वाला यह सॉल्वर रेलवे में स्टेशन मास्टर है। वह चिलुआताल निवासी दुर्गेश यादव की जगह पर परीक्षा दे रहा था।

प्रयागराज में शनिवार को सॉल्वर गिरोह के पांच सदस्यों समेत नौ पकड़े गए, जबकि कैंट से छह को गिरफ्तार किया गया। कौशांबी जिले में तीन पकड़े गए हैं। उनके पास से नौ लाख रुपये, लैपटाप, आईकार्ड और फर्जी प्रवेश पत्र बरामद किया गया है। कानपुर में चार लोगों अजय अतिरेक कटियार, वीरपाल सिंह, अनिल कुमार कटियार और नीरज कुमार को पकड़ा गया। लखनऊ के इंदिरानगर से कुलदीप वर्मा को धरा गया है। सिद्धार्थनगर से भी 9 सॉल्वर पकड़े गए हैं। मुरादाबाद के महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज से बिहार के सीतामढ़ी निवासी अवनीश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वह ठाकुरद्वारा के अभिषेक कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। उसका साथी भी डिलारी के इगरा निवासी मनीष कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया था। इस आधार पर दिल्ली रोड स्थित मॉर्डन पब्लिक स्कूल से मनीष को गिरफ्तार किया गया। एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी की जा रही है। पुलिस ने अविनाश, अभिषेक और मनीष को गिरफ्तार किया है।

बिजनौर के नूरपुर रोड स्थित रूट्स इंटरनेशन कॉलेज परीक्षा केंद्र में शनिवार सुबह प्रथम पाली में परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देने आया सॉल्वर अभिनव उर्फ आलोक को पकड़ा गया। आरोपी बिहार का रहने वाला है। वह शिवाला कलां क्षेत्र के रहने वाले आशीष के स्थान पर परीक्षा देने आया था।

गाजियाबाद में परीक्षा में ब्लूटूथ का प्रयोग कर नकल कराने वाले गिरोह के चार लोगों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया।

## 'दंगल' की बाल कलाकार सुहानी भटनागर का निधन



**फरीदाबाद/नई दिल्ली।** अभिनेता आमिर खान अभिनीत प्रख्यात हिंदी फिल्म 'दंगल' में पहलवान बबीता फोगाट के बचपन की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री सुहानी भटनागर का 19 साल की उम्र में निधन हो गया। सुहानी के एक संबंधी ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए शनिवार को बताया कि उन्होंने शुक्रवार शाम को दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में अंतिम सांस ली। परिवार के करीबियों ने उनकी मौत को लेकर विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन मीडिया में आई खबरों के अनुसार पैर में फ्रैक्चर के बाद उत्पन्न चिकित्सकीय जटिलताओं के कारण उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि सुहानी को सात फरवरी को एम्स में भर्ती कराया गया और 16 फरवरी को उन्होंने दम तोड़ दिया। फरीदाबाद में जन्मी सुहानी, 2016 में एक पहलवान के जीवन पर बनी फिल्म 'दंगल' का प्रमुख चेहरा थीं जो अपनी दोनों बेटियों को कुश्ती में दक्ष बनाता है।

# कमलनाथ के भाजपा में जाने की अटकलें

नई दिल्ली/भोपाल, एजेंसी

- बोले-अगर ऐसी कोई बात होगी तो पहले मीडिया को बताएंगे
- उनके पुत्र सांसद नकुलनाथ ने एक्स पर परिचय से हटाया कांग्रेस



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों को शनिवार को उस वक्त बल मिला जब उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कोई बात होगी, तो वह इसकी जानकारी पहले मीडिया को देंगे। दूसरी तरफ, मध्य प्रदेश से संबंधित कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि उनका पार्टी एवं गांधी-नेहरू परिवार से कई दशक पुराना रिश्ता है। कमलनाथ के भाजपा के साथ जाने की अटकलों के बीच उनके पुत्र एवं सांसद नकुलनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने परिचय से कांग्रेस हटा दिया। 'एक्स' पर नकुलनाथ के परिचय में अब सिर्फ इतना लिखा है कि वह छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश) के सांसद हैं। राजनीति कयासों के बीच कमलनाथ शनिवार को दिल्ली पहुंचे।

दिल्ली पहुंचने के बाद कमलनाथ ने भाजपा में शामिल होने की अटकलों से जुड़े सवालों पर संवाददाताओं से कहा कि आप लोग बहुत उत्साहित हो रहे हैं। यह मैं नहीं कह रहा हूं, आप लोग कह रहे हैं।

### दिग्विजय ने अटकलों को बताया मीडिया की उपज

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इन अटकलों को खारिज किया और इन बातों को मीडिया की उपज करार दिया। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर दिग्विजय सिंह ने जबलपुर में संवाददाताओं से कहा कि एक व्यक्ति जिसने अपनी राजनीतिक यात्रा कांग्रेस से शुरू की और जब इंदिरा गांधी को जनता पार्टी द्वारा जेल भेजा गया तो वह नेहरू-गांधी परिवार के साथ खड़े थे, क्या आपको लगता है कि ऐसा व्यक्ति कभी कांग्रेस और गांधी परिवार को छोड़ेगा?

# इनसैट-3डीएस कक्षा में स्थापित

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

**19 मिनट** की उड़ान के बाद कक्षा में पहुंचा

**27.5 घंटे** की उलटी गिनती के बाद प्रक्षेपण

**51.7 मी.** लंबे जीएसएलवी का 16वां मिशन



- मौसम और प्राकृतिक आपदा की चेतावनी देने में सक्षम

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो ) ने एक महत्वपूर्ण मिशन के तहत श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से मौसम उपग्रह इनसैट- 3डीएस का शनिवार को प्रक्षेपण किया। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित हो गया। इसरो ने बताया कि 27.5 घंटे की उलटी गिनती के बाद, 420 टन वजनी और 51.7 मीटर लंबे जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (जीएसएलवी)-एफ14 रॉकेट ने इनसैट-3डीएस को लेकर शाम 5:35 बजे दूसरे लॉन्च पैड से उड़ान भरी। 19 मिनट की उड़ान के बाद उपग्रह अपनी वांछित कक्षा में स्थापित हो गया।

इनसेट-3डीएस भूस्थैतिक कक्षा में स्थापित किए जाने वाले तीसरी पीढ़ी के मौसम उपग्रह का मिशन है। इसे मौसम का अवलोकन करने, भविष्यवाणी और आपदा चेतावनी के लिए भूमि और महासागर सतहों की निगरानी करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस उपग्रह से वर्तमान में संचालित इनसैट-3डी और इनसैट-3डीआर उपग्रहों के साथ मौसम संबंधी सेवाओं में वृद्धि होगी। इसरो के मुताबिक, जीएसएलवी रॉकेट से यह 16वां मिशन है। इससे पहले 15 मिशनों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनमें से सिर्फ चार मिशन ही असफल हुए हैं।

# विकास केंद्रित होगा भाजपा का चुनाव अभियान

नई दिल्ली, एजेंसी



- राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पूर्व पदाधिकारियों को किया संबोधित
- प्रधानमंत्री बोले-370 सीट पर जीत श्यामा प्रसाद को समर्पित करेंगे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी का प्रचार अभियान विकास, गरीब कल्याण के लिए किए गए कार्यों और दुनियाभर में बढ़े देश के कद के इर्दगिर्द केंद्रित करने का आह्वान किया और कहा कि 370 सीट पर कमल खिलाकर पार्टी इस जीत को अपने विचारक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को समर्पित करेगी। यहां भारत मंडपम में राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पहले हुई भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष इस चुनाव में अनावश्यक और भावनात्मक मुद्दों को उठाएगा, लेकिन पार्टी को अपने मुद्दों पर ही अडिग रहना है और तैयारियों में जी-जान से जुट जाना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता को अगले 100 दिनों तक मतदान केंद्रों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और 2019 की तुलना में प्रत्येक मतदान केंद्र पर पार्टी के लिए कम से कम 370 अधिक वोट सुनिश्चित करने चाहिए।

अगले सौ दिनों में लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने की संभावना है। बैठक की जानकारी देते हुए भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भाजपा को लोकसभा चुनाव में 370 सीट जीतनी हैं। मोदी ने कहा कि पार्टी के लिए 370 केवल एक आंकड़ा नहीं बल्कि एक भावना है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए जम्मू-कश्मीर से धारा 370 को हटाने को लेकर अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। भाजपा 370 सीटों पर कमल खिलाकर इसे डॉ मुखर्जी को समर्पित करेगी।

### राजग के उम्मीदवारों का चुनाव चिह्न कमल होगा

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि प्रधानमंत्री ने बैठक में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों को लेकर कहा कि सभी 543 सीट पर भाजपा का चुनाव चिह्न 'कमल' का फूल होगा। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री ने आगामी चुनाव में हर बूथ पर पिछले चुनाव के मुकाबले 370 अधिक वोट हासिल करने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित किया है।

# कार सवार नाबालिग ने कारोबारी को रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- दवा कारोबारी साइकिल से जा रहे थे बिठूर स्थित साईं मंदिर



अमृत विचार : नवाबगंज थानाक्षेत्र में शनिवार सुबह बिठूर मार्ग पर दोस्त के साथ स्टंट कर रहे नाबालिग कार सवार ने साइकिलिंग कर रहे दवा कारोबारी को कुचल दिया जिससे कारोबारी की मौके पर ही मौत हो गई। बेकाबू कार गंगा बैराज मार्ग के किनारे बनी दीवार से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। भाग रहे नाबालिग और उसके दोस्त को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सिविल लाइंस में ग्रीन पार्क के पीछे गुजरात अपार्टमेंट में रहने वाले निकेश तलाटी (63) का बिरहाना रोड दवा मार्केट में तलाटी ब्रदर्स के नाम से दवाओं का होलसेल कारोबार है। छोटे भाई आशीष तलाटी ने बताया कि निकेश रोज की तरह शनिवार सुबह सात बजे दो दोस्तों अमरदीप और रवि शास्त्री के साथ स्पोर्ट्स साइकिल से साइकिलिंग करते हुए गंगा बैराज मार्ग होते हुए बिठूर स्थित साईं मंदिर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उन्हें रौंद दिया।

## देवर ने भाभी का गला रेतकर उतारा मौत के घाट, खुद पहुंचा थाने

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला की उसके देवर ने शनिवार सुबह चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। महिला की तीन महीने पहले दूसरी शादी हुई थी। उसने अपने पहले पति को छोड़कर उसके दोस्त से शादी की थी। थाना कटघर क्षेत्र में करुला गली नंबर-7 शफीनगर में रहने वाली फरहीन (28) की शनिवार सुबह लगभग छह बजे उसके देवर गुलफाम ने गला रेतकर हत्या कर दी। गुलफाम घर में घुसा और फरहीन के गले रेतकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद गुलफाम मौके से भाग गया और चाकू लेकर कटघर थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया।

# किसान बोले एमएसपी पर अध्यादेश लाए केंद्र सरकार

चंडीगढ़, एजेंसी



पंजाब-हरियाणा शंभू सीमा पर दिल्ली कूच के लिए डटे किसान।

- दिल्ली कूच को शंभू सीमा पर डटे हरियाणा में निकाला ट्रैक्टर मार्च
- पंजाब में भाजपा नेताओं के घर पर धरना, टोल वसूली का किया विरोध

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने केन्द्र सरकार से शनिवार को मांग की कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने के लिए अध्यादेश लाए। किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू तथा खनौरी में डटे हुए हैं और एमएसपी की कानूनी गारंटी दिया जाना उनकी मुख्य मांग है। किसान नेता पंधेर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब किसान नेता और केन्द्रीय मंत्रियों के बीच कल रविवार को चौथे दौर की वार्ता होनी है। पंधेर ने कहा कि केन्द्र के पास राजनीतिक निर्णय लेने का अधिकार है। उन्होंने सीमा पर संवाददाताओं से कहा कि अगर केन्द्र सरकार चाहे तो वह रातोंरात अध्यादेश ला सकती है। अगर सरकार किसानों के आंदोलन का कोई समाधान चाहती है तो उसे यह अध्यादेश लाना चाहिए कि वह एमएसपी पर कानून लागू करेगी, तब बातचीत आगे बढ़ सकती है। दूसरी ओर अपनी मांगों को लेकर किसानों ने पंजाब के कई जिलों में धरना-प्रदर्शन किया और टोल नहीं दिया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) के सदस्यों ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के आवास पर धरना दिया। हरियाणा में किसानों ने एकजुटता का प्रदर्शन करते हुए जींद सहित कई जिलों में ट्रैक्टर मार्च निकाला और केंद्र सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की गुहार लगाई।

पंधेर ने कहा कि जहां तक स्वामीनाथन आयोग की अनुशंसा के अनुरूप सी2 प्लस 50 प्रतिशत की मांग है सरकार ए2 प्लस एफएल फॉर्मूले के अनुसार कीमत दे रही है और उसी फॉर्मूले के तहत अध्यादेश लाया जा सकता है। कृषि ऋण माफी के मुद्दे पर पंधेर ने कहा कि सरकार कह रही है कि ऋण राशि का आकलन करना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में बैंकों से आंकड़े एकत्र कर सकती है। यह इच्छाशक्ति की बात है। पंधेर ने कहा कि वे (केन्द्र) कह रहे हैं कि इस पर राज्यों से चर्चा करनी होगी। आप राज्यों को छोड़िए। आप केवल केन्द्र और राष्ट्रीकृत बैंकों की बात करिए और इस पर निर्णय कीजिए कि किसानों के कर्ज कैसे माफ करने हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने भी कहा कि सरकार को देश के लोगों को कुछ देने के लिए एक अध्यादेश लाना चाहिए।

## एक नजर

### केजीएमयू में जल्द शुरू होगी रोबोटिक सर्जरी

**अमृत विचार,लखनऊ :** किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय( केजीएमयू) में मरीजों को जल्द ही रोबोटिक सर्जरी की की सुविधा मिलने लगेगी। प्रदेश में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने वाला दूसरा सरकारी संस्थान बन जायेगा। इसके लिए जल्द ही रोबोटिक सर्जरी के प्रशिक्षिण के लिए डॉक्टरों को भेजा जायेगा।केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ.सुधीर सिंह ने शनिवार को बताया कि रोबोटिक सर्जरी की मांग बढ़ी है, इसमें जटिल सर्जरी भी सटीक संपन्न होती है। अन्य तकनीक की अपेक्षा रोबोटिक सर्जरी सस्ती भी होती है। केजीएमयू में पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप( पीपीपी) मॉडल पर रोबोट यूनिट संचालित होगी। इसमें लंबा चीरा न लगने की वजह से खून का श्राव कम होता है और मरीज कम दवाओं का सेवन कर जल्द ही घर पहुंच जाता है और अपेँक्षाकृत शीघ्र ही दैनिक दिनचर्या शुरू कर सकता है। उन्होंने बताया कि रोबोटिक यूनिट में गेस्ट्रो, एंडोक्राइन, यूरो व जनरल सर्जरी विभाग के मरीजों की सर्जरी संपन्न होंगी।

### चौधरी चरण सिंह को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**अमृत विचार, लखनऊ।** रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह ने 'भारत रत्न' चौधरी चरण सिंह की जन्मस्थली हापुड के नूरपुर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया, और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर आशीर्वाद लिया और 'भारत रत्न' से सम्मानित किये जाने की ख़ुशी मनाई। रालोद के प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि चौधरी साहब की जन्मस्थली में भारत रत्न मिलने के बाद से दिवाली जैसा माहौल है।

# परंपरागत खेती के साथ औद्यानिक फसलों को भी बढ़ाना आवश्यक

## राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने की 55वीं प्रादेशिक फल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी की शुरुआत



आयोजित प्रदर्शनी में फल के साथ राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी ।



प्रदर्शित की गईं शाकभाजी को देखती महिला व बच्चा। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजभवन में आयोजित प्रदर्शनी में राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया स्मारिका का विमोचन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश के पास भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का मात्र 11 फीसदी है, लेकिन देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन का 20 फीसदी से अधिक शेयर अपने राज्य का है। उप्र. के अंदर किसान औद्यानिक फसलों के लिए मात्र 10 फीसदी कृषि योग्य भूमि का ही उपयोग करते हैं, जबकि 10 फीसदी भूमि में कृषि की कुल जीडीपी में 24 फीसदी शेयर औद्यानिक फसलों के माध्यम से किसानों व प्रदेश को प्राप्त होता है। यह दिखाता है कि किसानों की आमदनी को कई गुना बढ़ाना है तो परंपरागत खेती के साथ ही औद्यानिक फसलों को बढ़ाना होगा।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। शनिवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के साथ उन्होंने राजभवन में 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 की शुरुआत की।

### किसानों का किया गया सम्मान

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रगतिशील कृषकों का सम्मान भी किया। सम्मान पाने वाले किसानों में रायबरेली के विष्णुदत्त पांडेय, पीलीभीत के आयुष अग्रवाल, कन्नौज के विजेंद्र सिंह, मीरजापुर के रामजी दुबे, सहारनपुर की उषा उपाध्याय, बुलंदशहर के अनंत पोद्दार, चंदौली के बलवंत प्रसाद, आजमगढ़ के श्रीप्रकाश सिंह, प्रयागराज के इंद्रजीत पटेल आदि प्रमुख रहे।

इसके बाद राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी देखी। यह प्रदर्शनी तीन दिनों (17 से 19 फरवरी) तक चलेगी। योगी ने यहां विभागीय अधिकारियों व किसानों से फलों-सब्जियों के बारे में जानकारी ली और इसके आयात-निर्यात के बारे में भी पूछा। राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने स्मारिका का विमोचन भी किया।

इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# 16 विभागों ने साधा शत प्रतिशत लक्ष्य

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) में राज्य सरकार जो 10 लाख करोड़ से अधिक की निवेश परियोजनाओं को शुरु करने जा रही है, उसमें सरकार के 37 विभागों का योगदान है। इन 37 में 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने निर्धारित लक्ष्य का शत प्रतिशत या उससे अधिक हासिल किया है। इसके तहत बेसिक शिक्षा विभाग निर्धारित लक्ष्य का 88 प्रतिशत निवेश जमीन पर उतरेगा तो वहीं राशि के मामले में यूपीसीडा के अंतर्गत सर्वाधिक 1.5 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाएं अमली जामा पहनेंगी।

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग की करीब 1.42 लाख करोड़ की निवेश परियोजनाओं की भी शुरुआत होगी। इस तरह कुल 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का आगाज 19 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किया जाएगा।

**4.5 लाख करोड़ का निवेश:** जिन 16 विभागों ने शत प्रतिशत या इससे अधिक लक्ष्य हासिल किया है उनमें बेसिक शिक्षा के अलावा फूड एंड सिविल सप्लाई (226प्रतिशत), वन विभाग (182 प्रति.), आयुष (173 प्रति.), पशुपालन (167 प्रति.), ऊर्जा (165 प्रति.), माध्यमिक शिक्षा (139 प्रति.), तकनीकी शिक्षा (133 प्रति.), उद्यान (120 प्रति.), अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (114 प्रति.), केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री (112 प्रति.), चिकित्सा शिक्षा (110 प्रति.), स्वास्थ्य (105 प्रति.), यीडा (103 प्रति.), नागरिक उड्डयन (100 प्रति.), और जीनीडा (100 प्रति.) शामिल हैं। इन 16 विभागों के माध्यम से प्रदेश में करीब 4.5 लाख करोड़ की लागत वाले कुल 4381 परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है।

### जीबीसी के तहत रोजगार सृजन व प्रस्तावित निवेश

| रोजगार सृजन | प्रस्तावित निवेश |
|---|---|
| आवास-535 | 3409 करोड़ |
| पर्यटन-6396 | 3129 करोड़ |
| पशुपालन-93 | 14 करोड़ |
| आयुष-100 | 15 करोड़ |
| सहकारिता-100 | 57.37 करोड़ |
| दुग्ध विकास-285 | 150 करोड़ |
| ऊर्जा के अ.स्रोत विभाग-50 | 107 करोड़ |
| चि.शिक्षा विभाग-327 | 48.15 करोड़ |
| एमएसएमई-1775 | 189 करोड़ |
| वन विभाग-67 | 575 करोड़ |
| उच्च शिक्षा विभाग-630 | 505 करोड़ |
| उद्यान विभाग-6200 | 445 करोड़ |
| आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग-500 | 100 करोड़ |
| तकनीकी शिक्षा-598 | 113 करोड़ |
| यूपीसीडा-1320 | 1230 करोड़ |
| माध्यमिक शिक्षा-200 | 70 करोड़ |

### बुंदेलखंड में भी 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं होंगी शुरू

**लखनऊ :** जीबीसी में बुंदेलखंड क्षेत्र में भी करीब 60 हजार करोड़ की परियोजनाएं शुरू होंगी। बुंदेलखंड के सभी सातों जिलों में 59,288 करोड़ से ज्यादा की परियोजनाओं की शुरुआत होने जा रही है। इसमें सर्वाधिक निवेश परियोजनाएं झांसी में हैं, जहां से 23,739 करोड़ से ज्यादा के उद्यमों की शुरुआत होगी। इसके अलावा ललितपुर में भी 15,707 करोड़ से ज्यादा, जालौन में 9290 करोड़ से ज्यादा, चित्रकूट में 7047 करोड़ रुपए से ज्यादा, महोबा में 1664 करोड़ से ज्यादा, बांदा में 596 करोड़ से ज्यादा और हमीरपुर में 1243 करोड़ से ज्यादा की निवेश परियोजनाएं मूर्त रूप लेंगी।

# देश 5वीं अर्थव्यवस्था के पायदान पर तो क्यों दे रहे हैं मुफ्त में राशन



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव व शिवपाल यादव को असमी गमछा पहनाते असम से आये पार्टी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने उठाए सवाल
- पार्टी मुख्यालय में एकत्र कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया है कि अगर विश्व में भारत पांचवी अर्थव्यवस्था के पायदान पर है तो फिर 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन क्यों देना पड़ रहा है? किसान कर्ज से परेशान होकर आत्महत्या क्यों कर रहा है? भाजपा सरकार ने किसान की आय दुगनी करने का वादा किया था। आज तक उसने अपना संकल्प क्यों पूरा नहीं किया?

अखिलेश यादव शनिवार को पार्टी मुख्यालय, लखनऊ के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में एकत्र पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि, महंगाई और बेरोजगारी भाजपा सरकार की कुनीतियों का फल है। भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सिर्फ झूठे दावों और झूठे आंकड़ों के सहारे विकसित भारत का सपना दिखा रही है।

सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा को सन् 2024 में केन्द्र से बेदखल करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पीडीए को जिताना जरूरी है। इसमें कोई कोरकसर नहीं रहनी चाहिए क्योंकि यह लोकतंत्र और संविधान बचाने की अंतिम लड़ाई है।

### अखिलेश से मिला सपा असम का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से शनिवार को सपा असम के प्रदेश अध्यक्ष अजहरउद्दीन के नेतृत्व में प्रतिनिधिमडंल ने मुलाकात कर लोकसभा चुनाव को लेकर असम की राजनीतिक स्थिति के बारे में जानकारी दी। असम के प्रतिनिधिमंडल में सपा असम के प्रदेश महासचिव फखरुद्दीन अहमद, लोहिया वाहिनी के अध्यक्ष शोफीक अहमद, अल्पसंख्यक सभा के अध्यक्ष रहमान मंडल और कोषाध्यक्ष अब्दुस सुबन शामिल थे। प्रतिनिधिमण्डल ने अखिलेश यादव का असमी गमछा पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव, राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी मौजूद रहे।

# नव स्थापित चार ट्रॉमा सेंटर में जल्द ही मिलेगा इलाज

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- विशेषज्ञ डॉक्टर समेत 200 कर्मियों के पद सृजित
- गाजीपुर, कौशाम्बी, औरैया और हापुड़ में हुआ है निर्माण

**अमृत विचार:** जल्द ही गाजीपुर, कौशाम्बी, औरैया और हापुड़ में नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर मरीजों को इमरजेंसी में बेहतर इलाज देने लगेंगे। इसके लिए शासन द्वारा प्रत्येक ट्रामा सेंटर में नौ डॉक्टर समेत 50 कर्मियों के पद सृजित कर दिये हैं। इनमें विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा इलाज मिलना शुरू हो जाएगा तो मरीजों को दूसरे बड़े अस्पताल में धक्के खाने से छुटकारा मिल जायेगा।

प्रदेश में चिकित्सकीय सेवाएं दुरुस्त करने के लिए हर जिले में जहां मेडिकल कॉलेज स्थापित किये जा रहें हैं, वहीं ट्रामा सेंटर भी खोले जा रहे हैं। उक्त क्रम में ही गाजीपुर के मोहम्मदाबाद, कौशाम्बी के नर्सिंगपुर अजुआ, औरैया में भगौतीपुर और हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में नवस्थापित ट्रामा सेंटरों को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं।

ट्रामा सेंटरों में गंभीर मरीजों को तत्काल बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए एक ट्रामा सेंटर में तीन इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर(ईएमओ) के अलावा आर्थोपैडिक सर्जन, जनरल सर्जन और एनेस्थेटिक के दो-दो पद सृजित किये गये हैं। इसके अलावा 15 स्टाफ नर्स, तीन ओटी टेक्नीशियन, तीन एक्स-रे टेक्नीशियन, दो लैब टेक्नीशियन और नौ नर्सिंग अटेंडेंट के पद रखे गये हैं। साथ ही नौ पद मल्टी टास्क वर्कर के हैं जो कि सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से रखे जाएंगे। इस प्रकार चार ट्रामा सेंटरों में कुल 200 पद सृजित किये गये हैं। पद सृजन के यह निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अनुसचिव पीयूष कुमार ने स्वास्थ्य महानिदेशक को दिये हैं।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन डॉ.राजा गणपति ने बताया कि इन चार ट्रामा सेंटर में केवल हापुड का ट्रामा सेंटर स्वास्थ्य विभाग के अधीन हैं, शेष तीन जिलों के जिला अस्पताल चिकित्सा शिक्षा विभाग में ट्रांसफर हो चुके हैं, इसलिए ये ट्रामा सेंटर भी चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा ही संचालित किये जाएंगे।

इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के संचालित 37 ट्रामा सेंटरों में पांच चिकित्सा शिक्षा विभाग में जाने के बाद 32 ट्रामा सेंटर चल रहे थे, अब हापुड़ शुरू होने के बाद संचालित ट्रामा सेंटरों की कुल संख्या 33 हो जायेगी। जल्द ही हापुड़ ट्रामा सेंटर में चिकित्सकों की तैनाती कर दी जायेगी।

### चार फार्मा कंपनियां करेंगी प्रदेश में करोड़ों का निवेश

**अमृत विचार,लखनऊ :** प्रदेश में तेलंगाना की चार फार्मा कंपनियां करोड़ों रुपए का निवेश करेंगी। इन कंपनियों के आने से ड्रग व मेडिकल पार्कों के विकास के साथ ही प्रदेश फार्मा सेक्टर का हब भी बनेगा।

मालूम हो कि हैदराबाद में बीते 18 जनवरी को संपन्न फार्मा कान्क्लेव में तेलंगाना की चार फार्मा कंपनियों ने प्रदेश को ड्रग व फार्मा मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर के तौर पर विकसित करने की योजना में निवेश करने को सहमति प्रदान की है। औद्यौगिक विकास विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इनमें डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज ने यीडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के पास या नोएडा,ग्रेटर नोएडा में अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने का प्रस्ताव बनाया है। ललितपुर के बल्क ड्रग पार्क में निवेश के लिए 150 एकड़ से अधिक भूमि की मांग की गई है। आवश्यकता है। वहीं, नोएडा व ग्रेटर नोएडा में एक बायोटेक प्रयोगशाला और विनिर्माण इकाई स्थापित की जायेगी। इसके अलावा वीबीएल और रॉलवेल इंडस्ट्रीज भी निवेश करेगा। वहीं, रॉकवेल इंडस्ट्रीज ने वैक्सीन वाहकों पर प्राथमिक जोर देने के साथ, नोएडा में मेडिकल डिवाइस पार्क के भीतर एक विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए कुल 400-500 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

# सुरक्षा को लेकर सजग रहें अधिकारी : जिलाधिकारी



अधिकारियों को निर्देश देते जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था और रूट प्लान समेत अन्य मुद्दों को लेकर किया मंथन

**अमृत विचार :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में प्रस्तावित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने मातहतों को निर्देश दिए कि सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही, प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए रूट प्लान को लेकर भी अधिकारियों से बातचीत की।

जिलाधिकारी शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर अधिकारियों से बात की। कहा कि प्रतिष्ठान में जिन अधिकारियों की ड्यूटी लगी है वे पूरे प्रागंण का भ्रमण कर लें। भ्रमण करने के साथ ही इस बात की जानकारी रखें कि कहां क्या व्यवस्था की गई है। उन्होंने निर्देश दिए कि लाइजनिंग अधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी के बारे में विस्तार से बता दिया जाए।

# मोहनलालगंज से आरके चौधरी होंगे सपा प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**सपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं की बैठक में नाम किया सार्वजनिक**

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मोहनलालगंज सीट (लखनऊ) से पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शनिवार को आरके चौधरी के नाम सार्वजनिक किया है। सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सीएल वर्मा परिवारिक हवाला देते हुए चुनाव लड़ने से मना कर देने के बाद आरके चौधरी को पार्टी प्रत्याशी बनाया गया है।

दरअसल, राजधानी लखनऊ से सटी हुई मोहनलालगंज सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। वर्तमान इस सीट पर भाजपा के कौशल किशोर पिछले दो चुनावों से जीत दर्ज कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के फैजाबाद में जन्मे आरके चौधरी ने अपना राजनीतिक करियर बहुजन समाज पार्टी से शुरू किया था और वह बसपा के संस्थापक सदस्य भी थे।

आरके चौधरी अपने अंबेडकरवादी और समाजवादी विचारों के लिए काफी लोकप्रिय हैं। चौधरी बसपा सरकार में मंत्री रहे थे लेकिन पार्टी सुप्रीमो से बढ़ते मनमुटाव की वजह से उन्होंने बसपा का साथ छोड़ दिया था। उन्होंने साल 2019 का चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ा था, हालांकि वह चुनाव हार गए थे। इसके बाद फिर वह सपा में शामिल हुए और अब अखिलेश यादव ने उन्हें मोहनलालगंज सीट से उम्मीदवार घोषित किया है।

# राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण टला

**अमृत विचार,लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की बसन्तकुंज योजना में 117 करोड़ रुपये से 65 एकड़ में निर्माणाधीन राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पण कार्यक्रम टल गया है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर एलडीए द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 65 फीट ऊंची कांस्य की प्रतिमाएं लगायी जानी हैं। संस्कृति विभाग नोएडा में इन प्रतिमाओं को बनवा रहा है। अभी अटल और दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा के हिस्से नहीं पहुंचे हैं। केवल श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के हिस्से प्रेरणा स्थल पहुंचे हैं। बाकी दोनों प्रतिमाएं अभी पहुंची नहीं हैं तो लगेंगी कब। संस्कृति विभाग की लापरवाही से स्थल पर निर्धारित समय में प्रतिमाएं न लग पाने से 19 फरवरी को प्रधानमंत्री के हाथों लोकार्पण कार्यक्रम स्थगित हो गया है। जल्द ही कार्यक्रम की अगली तिथि निर्धारित की जाएगी।

**प्रधानमंत्री आईजीपी में 75 मिनट रुकेंगे :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) में 19 फरवरी को होने वाले ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल होने सोमवार को लखनऊ पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम में लगभग 75 मिनट रुकेंगे। एलडीए की प्रधानमंत्री के हाथों राष्ट्र प्रेरणा स्थल के साथ इन विभूतियों की प्रतिमाओं का अनावरण कराने की तैयारी थी। लखनऊ विकास प्राधिकरण युद्ध स्तर पर प्रेरणा स्थल में विकास कार्य करा रहा था।

# दीवारों पर कलाकृतियां, सजेंगे चौराहे

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान बदला-बदला सा दिखेगा शहर
- साफ सफाई, सजावट के लिए नगर निगम ने लगाए 800 कर्मचारी

**अमृत विचार :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान शहर बदला बदला सा नजर आएगा। चौराहों पर पौधों व फूलों से सजावट और दीवारों पर कलाकृतियां बनवाई जा रही हैं। इसके लिए नगर निगम ने 8,00 कर्मचारी लगाए हैं। एयरपोर्ट से लेकर आयोजन स्थल, शहीद पथ, लोहिया पथ और इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, कालिदास मार्ग, विक्रमादित्य मार्ग आदि जगहों पर ये कर्मचारी मुस्तैद रहेंगे।

600 सफाईकर्मी शहीद पथ और लोहिया पथ पर लगाए गए हैं। 100 कर्मचारी के प्रमुख स्थानों और मुख्य मार्गों को फूल और पौधों से सजाने के लिए लगाए गए हैं। 100 कलाकार दीवारों पर कलाकृतियां बनाकर लखनऊ की विरासत और धरोहरों के दर्शन कराएंगे। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए नगर निगम का इंजीनियरिंग गैंग तैनात रहेगा।

गैंग में शामिल नगर निगम के समस्त विभागों के कर्मचारी आयोजन स्थल से लेकर प्रमुख मार्गों पर पेयजल आपूर्ति, सफाई, जलभराव, सीवर लीकेज, मलबा, स्ट्रीट लाइट, आवारा पशु आदि सम्बंधित शिकायतों का तत्काल समाधान करेंगे। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। रविवार दोपहर तक सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएंगी।

**चौराहों पर वर्टिकल गार्डेन :** नगर निगम ने शहर के प्रमुख चौराहों पर वर्टिकल गार्डेन लगाकर रंग-बिरंगे फूलों से सजाया है।

मुख्य मार्गों के डिवाइडर और चौराहों पर गमले लगाकर खूबसूरत बना दिया है। चौराहों और प्रमुख मार्गों को झालरों से जगमग किया गया है। एयरपोर्ट, शहीद पथ, गोल्फ क्लब चौराहा, 1090 चौराहा, इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के आस-पास विशेष लाइटिंग की है।

लोहिया पथ पर गोल्फ क्लब चौराहे से डीजीपी कार्यालय मोड़ तक नाले को ग्रीन नेट लगाकर ढक दिया गया है।

# रामभद्राचार्य व गुलजार को योगी ने दी बधाई

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा से हर्ष

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जगद्गुरू रामभद्राचार्य और गुलजार को 58वें ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किये जाने की घोषणा पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने संस्कृत विद्वान और तुलसी पीठ के संस्थापक रामभद्राचार्य को अपनी शुभकामनाएं देते हुए अपने सोशल मीडिया पर इसे लेकर पोस्ट किया। सीएम ने लिखा, ''पूज्य संत, संस्कृत भाषा के प्रकांड विद्वान व आध्यात्मिक गुरु, जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज को प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार-2023 से सम्मानित होने पर हृदयतल से बधाई। आपका तपस्वी और शुचिता पूर्ण जीवन पूरे समाज के लिए एक महान प्रेरणा है।'

मुख्यमंत्री ने मशहूर उर्दू शायर गुलजार को अपनी शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'प्रख्यात गीतकार, कवि व फिल्मकार गुलजार जी को प्रतिष्ठित ज्ञानपीठ पुरस्कार-2023 से सम्मानित होने पर हार्दिक बधाई। लेखन के प्रति समर्पण और साहित्य जगत में आपका अतुल्य योगदान सभी के लिए प्रेरणाप्रद है।'

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर 3300 से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के आसपास का क्षेत्र नो फ्लाइंग जोन घोषित

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-2024 का इनॉग्रेशन करेंगे। उनके आगमन को लेकर लखनऊ पुलिस हाई अलर्ट है। हेलीपैड, एयरपोर्ट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के आसपास की ऊंची इमारतों पर कमांडो तैनात रहेंगे। एरिया को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। थाना पुलिस के अलावा पीएसी कंपनी भी लगाई गई है।संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि 19 फरवरी से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी शुरू हो रही है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई वीवीआईपी शामिल होंगे। सुरक्षा के मद्देनजर 2600 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा पुलिस मुख्यालय से 780 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई।

**पीएसी की भी तैनाती:** जेसीपी ने एलओ ने बताया यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिये रूट डायवर्जन किया गया है। रोडवेज व निजी बसों का लोहिया और शहीद पथ पर 19 फरवरी को आवागन प्रतिबंधित रहेगा। यातायात व्यवस्था को सुगम करने के लिए 600 से अधिक ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। पांच-पांच कंपनी पीएसी की तैनाती की गई है।

**लखनऊ पुलिस- इनकी लगी ड्यूटी:** 8 पुलिस अधीक्षक, 12 अपर पुलिस अधीक्षक, 31 पुलिस उपाधीक्षक, 79 निरीक्षक, 416 उप निरीक्षक, 37 महिला उप निरीक्षक, 1739 मुख्य आरक्षी, 318 महिला आरक्षी, 16 यातायात निरीक्षक, 123 यातायात उप निरीक्षक, 190 मुख्य आरक्षी यातायात, 600 आरक्षी यातायात, 5 कंपनी पीएसी और 5 कंपनी आरएफ/सीएपीएफ की ड्यूटी लगाई गयी है। वहीं इस दौरान 5 पुलिस अधीक्षक, 10 अपर पुलिस अधीक्षक, 24 पुलिस उपाधीक्षक, 25 निरीक्षक, 140 उप निरीक्षक, 15 महिला उप निरीक्षक, 520 मुख्य आरक्षी, 50 महिला आरक्षी और 5 कंपनी पीएसी की तैनाती रहेगी।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिये आसपास के एरिया को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। सुरक्षा के लिये शहर के सभी थानों की पुलिस अलर्ट कर दी गयी है।
**उपेंद्र अग्रवाल, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था, लखनऊ**

### कल यहां पर जाने से बचें

- 19 को सुबह 11.00 से शाम 4 बजे तक विजयीपुर शहीद पथ अंडर पास से आईजीपी चौराहे तक वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।
- लामार्ट गोल्फ चौराहे से 1090 समतामूलक होकर आईजीपी से विजयीपुर जाने वाले मार्ग पर भी जाने से बचें।
- कमता और कठौता की ओर जाने वाले लोग आईजीपी चौराहे से जाने की बजाय पॉलिटेक्निक की तरफ निकलें।
- वीवीआईपी आवागमन के कारण शहीद पथ पर भी अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए कार्यक्रम के समापन तक नहीं जाएं।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षो से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

## अमृत विचार आपके द्वार

'अमृत विचार, आपके द्वार' टीम आपकी समस्याएं जानने रविवार को विवेकानंदपुरी वार्ड में करीब 12 : 00 बजे छप्परतल्ला चौराहा पहुंचेगी। स्थानीय लोग और व्यापारी क्षेत्र की समस्याएं टीम के सदस्यों से साझा कर सकते हैं। आपकी दिक्कतों को अमृत विचार समाचार पत्र प्रमुखता से उठाएगा।

## शहर में आज

- जानकीपुरम के सरस्वतीपुरम में रेजिडेंट्स वेलफेयर एसो. का वार्षिकोत्सव - 10:30 बजे।
- रवीन्द्रालय (चारबाग) में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के तत्वावधान में व्यापारी सम्मेलन व सम्मान समारोह - 11.00 बजे।
- होटल फार्च्यून में लायंस क्लब फतेहपुर के प्रथम चार्टर सेरेमनी का आयोजन - 12.00 बजे।
- गोमती नगर के विजयंत खंड स्थित पद्मश्री मो. शाहिद सिंथेटिक टर्फ हॉकी स्टेडियम में प्रथम पंडित राम औतार मिश्रा स्मारक राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबल - 3.00 बजे।

## एक नजर

### जिलाधिकारी ने किया केन्द्र का निरीक्षण

**अमृत विचार लखनऊ :** सिपाही भर्ती परीक्षा के मद्देनजर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने परीक्षा केन्द्र बने अयोध्या सिंह मेमोरियल इंटर कालेज का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अभ्यर्थियों को सीधे बैठने की भी सलाह देते हुए पेपर हल करने को कहा। जिलाधिकारी ने कॉलेज में लगे अधिकारियों से भी परीक्षा व्यवस्था की स्थिति को जाना।

### जानकीपुरम में लगेगा बिजली कैंप

**अमृत विचार लखनऊ :** नये बिजली कनेक्शनों के लिए जानकीपुरम बिजली उपकेंद्र के अंतर्गत सेक्टर-6 अटल चौराहें के पास कैंप का आयोजन किया गया हैं। इस दौरान नये बिजली कनेक्शनों के संयोजन के लिए आने वाले उपभोक्ताओं को संयोजन दिया जायेगा। कैंप सुबह 10 बजें से लगाया जायेगा। यह जानकारी अधिशासी अभियंता रहीमनगर अक्षय कुमार नें दी।

### स्ट्रीट लाइट चोरी करने का आरोप

**अमृत विचार लखनऊ :** नगर निगम के मौलवीगंज वार्ड में स्ट्रीट लाइट चोरी करने का मामला पकड़ा गया है। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग का लाइनमैन ने स्ट्रीट लाइट चुरायी है। मौके पर क्षेत्रीय निवासी और पार्षद जमा हो गए। क्षेत्रीय पार्षद मुकेश सिंह मोंटी की उपस्थिति में बैग चेक करने पर स्ट्रीट लाइट मिली। वहीं लाइन मैन और जेई ने बिजली चोरी का आरोप लगाया है।

### बीकेटी में आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनुरक्षण कार्य के चलते ट्रांसगोमती के बीकेटी में रविवार को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बीकेटी उपखंड अधिकारी ने बताया कि 33 केवीए उपकेंद्र साढ़ामऊ में अनुरक्षण कार्य किया जाना है। जिसके चलते इस उपकेंद्र से निकलने वाले सभी फीडरों की बिजली सप्लाई को बंद किया जायेगा।

# सिपाही भर्ती : पहले दिन 12,975 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

## राजधानी के 113 केंद्रों पर पहले दिन दो पालियों में सकुशल संपन्न हुई परीक्षा, दूसरे दिन की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ परीक्षा केंद्रों के बाहर वरिष्ठ अधिकारी दिन भर लेते रहे जायजा

**अमृत विचार :** राजधानी के 113 परीक्षा केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए पहले दिन शनिवार को दोनों पालियों में करीब ढाई लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। स्टेटिक मजिस्ट्रेटों, अधिकारियों और पुलिस की निगरानी में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पहले दिन दोनों पालियों में कुल 12,975 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

आरक्षी नागरिक पुलिस (सिपाही) पद के लिए शनिवार को पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से 12 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक परीक्षा आयोजित हुई। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए सभी केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। सॉल्वर रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों से नजर रखी गई। केंद्रों के बाहर आलाधिकारी जायजा लेते रहे। पुलिसकर्मी भी परीक्षा केंद्रों के बाहर दिनभर डटे रहे। रविवार को भी परीक्षा आयोजित होगी।

### परीक्षा छूटने के बाद घर जाने की होड़

सुबह से ही रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर परीक्षार्थियों का भारी भीड़ दिखाई पड़ी। परीक्षा केंद्रों पर पहुंचने के लिए परीक्षार्थी रिक्शा, ऑटो, टेम्पो, सिटी बस का उपयोग करते दिखाई पड़े। सुबह 7 बजे से 8 :30 तक रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ दिखाई पड़ी। परीक्षा छूटने के बाद परीक्षार्थी वापस घर जाने के लिए उतावले दिखाई पड़े। रेलवे स्टेशन पर परीक्षार्थी आरक्षित बोगी पर भर चढ़ गए।

संयुक्त पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार के मुताबिक, पहले दिन प्रदेश के सभी जनपदों के अलावा मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, बिहार, हरियाणा और झारखंड के परीक्षार्थी भी शामिल हुए। परीक्षा के लिए कुल 48,17,441 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सभी केंद्रों के बाहर सुबह से ही पुलिस बल तैनात रहा। राजधानी के 29 थानाक्षेत्रों के अंतर्गत 113 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। पहले दिन से प्रत्येक थाने के प्रभारी निरीक्षक फ्लाइंग स्क्वायड के रूप में मुस्तैद रहे।


शनिवार को केकेसी कॉलेज से सिपाही भर्ती परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार

**मोबाइल व बैग जमा करने को लेकर करनी पड़ी मशक्कत :** परीक्षार्थी को केंद्र में मोबाइल फोन, बैग आदि ले जाने की अनुमति नहीं थी। कुछ केंद्रों में परीक्षार्थियों के बैग और मोबाइल सुरक्षित जमा कराए गए। वहीं, कुछ परीक्षार्थियों ने नुक्कड़, स्थानीय दुकानों में अपना सामान रखा। परीक्षा छूटने के बाद परीक्षार्थी अपना सामान वापस पाने के लिए भीड़ में जद्दोजहद करते दिखाई पड़े। दुकानदारों ने सामान जमा करने के लिए परीक्षार्थियों से मुंह मांगा दाम वसूला।

**रेलवे स्टेशन के बाहर वाहनों का प्रवेश निषेध :** अभ्यर्थियों की भीड़ के मद्देनजर शनिवार दोपहर 2 बजे के बाद से रेलवे स्टेशन के पार्किंग एरिया में चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। यात्रियों को स्टेशन पर छोड़ने और लेने आने वाले वाहन मुख्य सड़क पर ही खड़े कराए गए।

## ऑटो-टैम्पो चालकों ने वसूला मनमाना किराया


अंकित


मनीष


विशाल

अमृत विचार, लखनऊ : सिपाही भर्ती परीक्षा में आए अभ्यर्थियों से ऑटो-टैक्सी वालों ने मनमाना किराया वसूल किया। राजस्थान से आये अंकित ने बताया कि पॉलीटेक्निक से चारबाग आने के लिए ऑटो वालों ने 100 रुपये तक किराया लिया। किराया अधिक होने की बात कहने पर चालक ने कहा, बैठना है तो बैठो, वरना उतर जाओ।राजस्थान से ही आए मनीष ने बताया कि उनसे भी अधिक रुपये लिए गए।

परीक्षा केन्द्र पर समय पर पहुंचना था, इसलिए बिना बहस किए रुपये दे दिए। मध्य प्रदेश से आए विशाल ने बताया कि चारबाग से आलमबाग के लिए टेम्पो वाले ने 50 रुपये लिए।


चारबाग स्थित केकेसी कॉलेज के पास सिपाही भर्ती परीक्षा खत्म होने के बाद लगा लंबा जाम। अमृत विचार

# परीक्षा खत्म होते ही धीमी पड़ी राजधानी की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ प्रमुख मार्गों पर बनी रही जाम की स्थिति, घंटों फंसे रहे राहगीर

अमृत विचार : सिपाही भर्ती परीक्षा के छूटते ही राजधानी में गाड़ियों की रफ्तार धीमी पड़ गई। देर शाम शहर के प्रमुख मार्गों में राहगीरों के वाहन रेंगते रहे।

शनिवार को राजधानी के 113 परीक्षा केंद्रों पर आरक्षी नागरिक पुलिस (सिपाही) पद पर दो पालियों में पहले दिन की परीक्षा आयोजित हुई। इसमें ढाई लाख से ज्यादा परीक्षार्थी सम्मलित हुए। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र से चारबाग, कैसरबाग, कमता व अन्य स्टेशन व बस अड्डों पर पहुंचने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी। किसी प्रकार परीक्षार्थी चारबाग पहुंचे, जहां पर भीड़ बढ़ती ही गयी। इसके चलते चारबाग, लाटूश रोड, कैसरबाग चौराहा, मवैया, टेढ़ी पुलिया समेत अन्य क्षेत्रों में लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। हालात इतने बिगड़ गए कि राहगीरों ने ट्रैफिक जाम संबंधी फोटो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर दीं। एक्स पर चन्द्रामा कुमार ने जाम की फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि लखनऊ में ऐसे ही चलता हैं क्या? 25 मिनट से कैसरबाग कोतवाली के पास जाम में फंसे हैं। ट्रेन के लिए लेट हो रहे हैं। इसके अलावा बाराबिरवा, चिनहट, ठाकुरगंज, आलमनगर, बुद्धेश्वर चौराहा, हैदरगंज, मवैया, समेत अन्य इलाकों में लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा।

### सामान वापस लेने के लिए लगानी पड़ी लंबी लाइन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चारबाग स्थित केकेसी कॉलेज से सिपाही भर्ती परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों को अपना जमा सामान मोबाइल और बैग लेने के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ी। लाइन लंबी होने के कारण अभ्यर्थियों का समय भी बर्बाद हुआ। इस दौरान कई अभ्यर्थियों ने नाराजगी भी जाहिर की। हालांकि कॉलेज प्रशासन ने कहा कि इसको लेकर पहले से ही चेतावनी जारी कर दी गई थी।

### बाहरी परीक्षकों ने नहीं किया सहयोग

**अमृत विचार, लखनऊ :** परीक्षा के दौरान बाहरी परीक्षकों की लापरवाही भी देखने को मिली। इसकी शिकायत केन्द्र बने विद्यालय प्रबंधन की ओर से जिलाधिकारी से की गई है। लखनऊ मांटेसरी स्कूल की ओर से भेजी गई शिकायत के मुताबिक, गांधी आदर्श विद्यालय हायर सेकेण्डरी स्कूल अमावा के आठ अध्यापकों की ड्यूटी केन्द्र पर अन्तरीक्षक के रूप में लगाई गई थी। ड्यूटी में लगे शिक्षकों को परीक्षा केन्द्र पर अपनी उपस्थिति देने के लिए निर्देशित किया गया था। प्रातः 8 से 8:15 बजे के बीच में केवल 3 अध्यापक नरेन्द्र कुमार यादव, निर्मेश कुमार पाण्डे तथा राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने ही उपस्थिति दर्ज कराई। प्रथम पाली की परीक्षा 12 :00 बजे खत्म होने के बाद तीनों अध्यापक बिना सूचित किए ही विद्यालय परिसर से बाहर चले गए। दूसरी पाली में अभ्यर्थियों के अपरान्ह 1 बजे से कमरों में बैठने को लेकर प्रवेश शुरू हो गया। तीनों अध्यापक ड्यूटी लगे कमरों में अनुपस्थित पाए गए। तीनों एक साथ अपरान्ह 2 :11 बजे विद्यालय में उपस्थित हुए।

# सीट पाने को खिड़कियों के रास्ते ट्रेनों और बसों में दाखिल हुए परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा देने के बाद शनिवार शाम से परीक्षार्थी रेलवे स्टेशन और प्लेटफार्म पर जमा होने लगे। बस अड्डों पर भी यात्री बसों में शामिल होने को धक्का मुक्की करते नजर आए। चारबाग रेलवे स्टेशन पर तो परीक्षार्थी अपनी जान जोखिम में डाल कर ट्रेन पकड़ने दो ट्रैक के बीच में पड़ी खाली जगह पर पहुंच गए। परीक्षा के बाद परीक्षार्थियों की भीड़ चारबाग रेलवे स्टेशन और बस अड्डों पर उमड़ना शुरू हो गया। ऐसे में चारबाग रेलवे स्टेशन, लखनऊ जंक्शन और शहर के विभिन्न बस स्टेशनों पर ट्रेन और बस पकड़ने पहुंचे तो सभी व्यवस्थाएं धरी रह गईं। एक तरफ वापसी वाली ट्रेनों में परीक्षार्थियों की भारी भीड़ जुटी तो दूसरी तरफ रविवार को दूसरे दिन की परीक्षा देने आने वालों की भीड़ रही। देर शाम रेलवे स्टेशन पर पैर रखने की जगह नहीं थी। भीड़ भाड़ के दौरान 15 अभ्यर्थी चोटिल हो गए और 23 अस्वस्थ हो गए।

शनिवार को आलम यह था कि अभ्यर्थी खिड़की के रास्ते ट्रेन में शामिल होते नजर आए। आरक्षण वाले डिब्बों में भी यात्री बिना टिकट पहुंच गए। आरक्षित टिकट धारकों ने आरपीएफ के जवानों से शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। भीड़ के सामने आरपीएफ के जवान भी बेबस दिखाई पड़े। नीलांचल, पंजाब मेल, वाराणसी इंटरसिटी, प्रयाग इंटरसिटी, देहरा, इंटरसिटी, किसान, कुंभ, गंगा गोमती, त्रिवेणी सहित विभिन्न ट्रेनों में यात्री बिना टिकट चढ़ गए। परिवार के साथ यात्रा कर रहे लोगों के साथ ही बुजुर्गों और महिलाओं को सफर में काफी परेशानी उठानी पड़ी। चारबाग रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और परीक्षार्थियों के मोबाइल चार्जिंग को लेकर मशक्कत करनी पड़ी। एक बोर्ड पर ही दर्जनों की संख्या में परीक्षार्थियों के बीच मोबाइल चार्जिंग को लेकर मारामारी होती रही। चार्जर लगाकर मोबाइल हाथ में पकड़कर परीक्षार्थियों ने मोबाइल चार्ज किया।


सिपाही भर्ती परीक्षा देने के बाद घर वापसी के लिए चारबाग रेलवे स्टेशन पर सीट के लिए खिड़कियों से घुसते अभ्यर्थी। अमृत विचार

▸▸ परीक्षार्थियों की भीड़ के सामने धरी रह गईं रेलवे की सभी व्यवस्थाएं

▸▸ रोडवेज की बसों का देर रात तक हुआ संचालन

### सिटी बसों में उमड़ी भारी भीड़

सिटी बस प्रबंधन ने परीक्षार्थियों के लिए बसों की व्यवस्था की थी, लेकिन भीड़ के सामने यह व्यवस्था ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुई। ऐसे में परीक्षार्थी ई रिक्शा, ऑटो, टेंपों से परीक्षा केंद्रों तक और वहां से वापस रेलवे स्टेशन पहुंचे। भीड़ होने के कारण ई रिक्शा और ऑटो चालकों ने परीक्षार्थियों से मनमाना किराया भी वसूला। ऑन लाइन रेडियो टैक्सी के लिए लोग घंटों इंतजार करते दिखे। क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ आरके त्रिपाठी के अनुसार चारबाग से 190 बसों से आठ हजार से अधिक परीक्षार्थियों को रायबरेली, सुल्तानपुर, अमेठी, कानपुर और प्रतापगढ़ भेजा गया। कैसरबाग से बाराबंकी, हरदोई और अयोध्या को अभ्यर्थी भेजे गए। आलमबाग डिपो से 512 बसों से 29 हजार यात्रियों को रवाना किया गया। आजमगढ़, वाराणसी, प्रयागराज, दिल्ली, आगरा, सुल्तानपुर, अकबरपुर, झांसी, एटा, मैनपुरी, बांदा, महोबा और अलीगढ़ को बसों से यात्री भेजे गए।

**उदासीनता** भूमिगत पार्किंग में इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध कराने का दावा अभी नहीं उतर पाया धरातल पर

# ई-वाहनों के करंट फ्यूल को लापरवाही का झटका

नीरज मिश्र, लखनऊ

▸▸ आठ भूमिगत पार्किंग से ईवी वाहनों को मिलना था करंट

▸▸ 'कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान' के तहत लखनऊ का हुआ है चयन

▸▸ बढ़ती ई-वाहन की रफ्तार, पार्किंग में अभी करंट फ्यूल का इंतजार

**अमृत विचार :** अगर ई-वाहनों को भूमिगत पार्किंग में 'करंट फ्यूल' (चार्जिंग व्यवस्था) उपलब्ध कराने की गति इतनी ही धीमी रही तो इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को बढ़ावा देने की सरकार की मुहिम को जोर का झटका लग सकता है। जिस गति से काम हो रहा है, ऐसा लगता नहीं कि वाहन स्वामियों को यह सुविधा नगर निगम जल्द उपलब्ध करा पाएगा। आठ भूमिगत पार्किंगों में ईवी की चार्जिंग व्यवस्था बनाने के जिम्मेदारों के दावे अभी धरातल पर नहीं उतर पाए हैं।

**8 में से मात्र 1 जगह पर ही ट्रायल रन के तौर पर हो पाई है चार्जिंग व्यवस्था :** दरअसल, प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान में सबसे पहले लखनऊ का चयन किया है। इसमें शहर की आवश्यकताओं के अनुसार, जगह-जगह इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट तैयार किए जाने हैं। नगर निगम के अतिरिक्त उसी की निगरानी में कुछ संस्थाओं को भी चार्जिंग की व्यवस्था करने का जिम्मा सौंपा गया है। चूंकि नगर निगम के पास बाजारों समेत कई स्थानों पर भूमिगत पार्किंग हैं। ऐसे में शुरुआत इन्हीं 8 भूमिगत पार्किंगों से की जानी थी, लेकिन अभी तक इनमें से महज एक स्थान हजरतगंज भूमिगत पार्किंग स्थल पर ही ट्रायल पर चार्जिंग व्यवस्था लगायी गयी है। अन्य स्थानों की ओर अभी जिम्मेदारों का ध्यान नहीं गया है। हजरतगंज स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में इलेक्ट्रिक वाहनों को करंट देने के लिए छह चार्जिंग प्वाइंट दिए गए हैं। नगर निगम की इस पार्किंग में सबसे ज्यादा वाहन पार्किंग के लिए आते हैं।

> "कॉम्प्रिहेंसिव मोबिलिटी प्लान के तहत लखनऊ का चयन हुआ था। इसके अंतर्गत शहर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट की सुविधा दी जानी थी। इसके लिए नगर निगम ने अपनी भूमिगत पार्किंगों में इस सुविधा को लाने का निर्णय लिया था। टेंडर हुआ था, लेकिन तय मानकों के अनुरूप हिस्सेदारी नहीं थी। अतिशीघ्र टेंडर प्रक्रिया कराई जाएगी।
>
> -ओपी सिंह, प्रचार प्रभारी नगर निगम


हजरतगंज स्थित पार्किंग में इलेक्ट्रिक गाड़ियों के लिए लगा चार्जर। अमृत विचार

**एक्शन प्लान बहुत धीमा :** इसके लिए नगर निगम प्रशासन ने एक्शन प्लान तैयार करने की बात कही थी। इसके लिए जल्द ही टेंडर निकाले जाने थे, लेकिन अधिकारियों के मुताबिक इसमें तकनीकी और शर्तों को लेकर लोगों ने भाग नहीं लिया। इसके लिए नियमों को शिथिल कर तत्काल फिर से टेंडर किए जाने चाहिए थे, लेकिन वह आज तक नहीं हो सके।

कुछ प्रमुख पार्किंग स्थल, जहां इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट जल्द लगेंगे : राजधानी में नगर निगम की तकरीबन 8 भूमिगत पार्किंगों में इलेक्ट्रिक चार्जिंग प्वाइंट की सुविधा शुरू होनी है। इनमें नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित झंडी वाला पार्क भूमिगत पार्किंग, मल्टी लेवल भूमिगत पार्किंग, दया निधान पार्क भूमिगत पार्किंग, सरोजनी नायडू पार्क भूमिगत पार्किंग, भूतनाथ मार्केट, महानगर गोल मार्केट चौराहा, चंदर नगर मार्केट, अमीनाबाद झंडी वाला समेत कई प्रमुख बाजारों में पार्किंग हैं।

### मंशा

भूमिगत पार्किंग में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की चार्जिंग के पीछे मंशा थी कि एक तो ग्राहक सड़कों पर वाहन पार्क नहीं करेंगे, दूसरे बाजारों में शॉपिंग के साथ चार्जिंग की भी व्यवस्था का लाभ भी वह उठा सकेगा। जब तक वह खरीदारी कर वापस लौटेगा, तब तक उसका ईवी चार्ज हो चुका होगा। यही नहीं, लंबी दूरी से ईवी चलाकर ला रहे वाहन चालक को चार्जिंग डाउन होने की दशा में परेशान नहीं होना पड़ेगा और आसानी से उसका वाहन चार्ज हो जाएगा।

और तो और शहर में जगह-जगह टंकियों पर मिलने वाले पेट्रोल, सीएनजी और डीजल की तरह ही नगर निगम गाड़ियों को 'करंट' यानी इलेक्ट्रिक 'ईंधन' मुहैया कराने की भी बात होनी थी।

# चार वर्षीय बच्चे को आवारा कुत्ते ने काटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ एलडीए के लालबाग कार्यालय में हुयी घटना

**अमृत विचार :** आवारा कुत्तों का आतंक सड़कों पर ही नहीं सुरक्षित माने जाने वाले सरकारी विभागों में भी है। शनिवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण के लालबाग कार्यालय पहुंचे मुजीब के चार वर्षीय बेटे को कुत्ते ने काट लिया। जिससे मौके पर कर्मचारी जमा हो गए। बच्चे को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। पीड़ित ने बताया कि वह एलडीए कार्यालय काम से आए थे।

साथ में चार साल का बेटा था, जिसे कुत्ते ने काट लिया। एलडीए के लालबाग स्थित कार्यालय में सेवायोजन और प्रशासनिक कार्यालय भी है। कर्मचारियों का कहना है कि कार्यालय परिसर में अक्सर आवारा कुत्तों का जमावड़ा लगा रहता है। इससे पहले भी कई लोगों को कुत्ते काट चुके हैं।

**परीक्षा देने आए युवक पर कुत्ते ने बोला हमला**

बिहार से पुलिस परीक्षा देने आए युवक राजेश यादव पर पालतू कुत्ते ने हमला बोल दिया। घटाना गोमती नगर के विनय खंड में हुयी। युवक की परीक्षा भी छूट गयी। सुबह 9 बजे के करीब युवक नजदीकी केंद्र पर परीक्षा देने जा रहा था। युवक ने 112 पर कॉल करके पुलिस बुला ली। गोमती नगर थाने की पुलिस ने समझौता कराया। मालिक ने युवक को इलाज के लिए 1500 रुपये दिए तब मामला शांत हुआ।

## एक नजर

### शिविर में परीक्षण कर दिए स्वस्थ रहने के सुझाव

**अमृत विचार , लखनऊ :** रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ और श्री हरभज राम कृपा देवी ट्रस्ट चिकित्सालय, चारबाग के तत्वावधान में शनिवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आए मरीजों का नेत्र, दांत, बीपी व शुगर का परीक्षण कर उन्हें स्वस्थ रहने के सुझाव दिए गए। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष संगीता मित्तल, सचिव अंजना अग्रवाल और पूर्व विधायक विद्यासागर गुप्ता मौजूद रहे।

### समय पर कार्य पूरा करें नहीं तो कार्रवाई

**अमृत विचार,लखनऊ :** गर्मी शुरू होने से पहले राजधानी में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए शनिवार को मंध्याचल विद्युत वितरण निगम के एमडी ने कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने 29 फरवरी तक सप्लाई सिस्टम को सही करने के लिए आगाह किया। तय समय सीमा में काम पूरा न करने वाले अधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी। सभी एक्सईन को अपने क्षेत्रों के कार्यों की समीक्षा करने के लिए निर्देशित किया।


# एक्स-रे रेडिएशन से गर्भस्थ शिशु को खतरा नहीं

## केजीएमयू में आयोजित कार्यशाला में अमेरिका के जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के प्रो. एम महेश ने दी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अक्सर देखा गया है कि रेडियो डायग्नोसिस के क्षेत्र में काम करने वाली महिला कर्मचारी यदि गर्भवती हैं तो वह एक्स-रे का कार्य नहीं करती, उन्हें डर लगता है कि इससे निकलने वाले रेडिएशन से गर्भस्थ शिशु पर दुष्प्रभाव पड़ेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। यह कहना है अमेरिका स्थित जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम महेश का।

उन्होंने यह बात केजीएमयू के शताब्दी अस्पताल में शनिवार को एमआरआई और सीटी स्कैन में नई सीमाओं की खोज विषय पर आयोजित कार्यशाला को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बताया कि एक्स-रे करते समय




केजीएमयू में आयोजित कार्यशाला के दौरान कुलपति प्रो . सोनिया नित्यानंद, साथ में अन्य । अमृत विचार

**▸▸ एक्स- रे से रेडिएशन का दुष्परिणाम नहीं**

रेडिएशन को लेकर घबराना नहीं चाहिए। इसको लेकर शोध हो चुके हैं। जिसमें पेल्विस और एब्डोमिनल को छोड़कर अन्य अंगों में होने वाले एक्स- रे से रेडिएशन का दूरगामी दुष्परिणाम नहीं होता है।

उन्होंने बताया कि मौजूदा समय में ऐसी मशीन बन रही हैं। जिसमें रेडिएशन सेफ्टी रहती है। साथ ही अन्य कई तकनीक है जिसके चलते रेडिएशन से बचा जा सकता है। केजीएमयू के रेडियोडायग्नोसिस के आयोजन सचिव प्रो दुर्गेश द्विवेदी ने बताया कि प्रोफेसर एम महेश ने एक्स-रे के दौरान उत्पन्न होने वाले रेडिएशन को लेकर कई स्टडी की है जिसमें यह बताया गया है कि चेस्ट एक्स-रे के दौरान बहुत नॉर्मल रेडिएशन होता है, जिससे किसी प्रकार की जेनेटिक बीमारी नहीं होती है और ना ही इसका दूरगामी दुष्परिणाम होता है।

### एआई ने आसान किया इलाज

डॉ. दुर्गेश ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) तकनीक का इस्तेमाल गंभीर मरीजों के लिए संजीवनी साबित हो रहा है। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि एमआरआई जांच में अभी तक जहां करीब 45 मिनट तक का समय लगता था। वहीं, एआई तकनीक के इस्तेमाल से समयय में कमी आई हैं। अन्य जांचें भी काम समय में हो रही हैं जो गंभीर मरीजों का इलाज आसान कर दिया है। साथ ही दूरदराज के मरीजों के जांच से सम्बंधित इमेज भी साथ लाकर दिखाने की जरूरत नहीं होती है। अब कई ऐसे एप मौजूद हैं, जिनमें इमेज अपलोड कर आसानी से देखा जा सकता है। कार्यशाला में केजीएमयू की कुलपति प्रो . सोनिया नित्यानंद सहित कई विशेषज्ञ व पैरा मेडिकल स्टॉफ मौजूद रहा।

# समीक्षा बैठक में हंगामा करने वाले डॉक्टरों को दी नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ सीएमओ कार्यालय में शुक्रवार को हुई थी समीक्षा बैठक**

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा कार्यालय स्थित सभागार में शुक्रवार को आयोजित हुई राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अर्बन पीएचसी की समीक्षा बैठक में गालीगलौज और हंगामा करने के मामले जांच शुरू हो गई हैं। हंगामें में शामिल सात संविदा डॉक्टर जांच टीम की रडार पर हैं। शनिवार को अफसरों ने इन डॉक्टरों को नोटिस जारी करके जवाब तलब किया है।

सीएमओ के अधीन अर्बन में करीब 54 पीएचसी का संचालन हो रहा है। इसमें एनएचएम के तहत संविदा पर डॉक्टर तैनात हैं। इन डॉक्टरों को मरीजों के इलाज संग राष्ट्रीय कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कराना है। कई पीएचसी के डॉक्टर राष्ट्रीय कार्यक्रमों का निर्वाहन नहीं कर रहे थे।

इसे लेकर बैठक में एनएचएम के अफसरों ने उनके पेंच कसे। पीएचसी के डॉक्टर भड़क उठे थे। इसे लेकर अफसर-डॉक्टरों के बीच बैठक में जमकर तीखी झड़प हुई थी। मामला मारपीट तक पहुंच गया था। कई डॉक्टरों ने एनएचएम के अधिकारियों संग गालीगलौज भी किया था। शनिवार को सीएमओ के निर्देश पर अर्बन पीएचसी के नोडल डॉ. आएन सिंह ने सात डॉक्टरों को नोटिस थमाया है। मामले की रिपोर्ट शासन व एनएचएम को भेजी गई है। वहां से निर्देश मिलते ही कई डॉक्टरों की सेवाएं भी समाप्त हो सकती है।



## कार्यालय नगर पंचायत मलिहाबाद, लखनऊ

पत्रांक: 972 / न0पं0म / 2023–24 दिनांक : फरवरी 2024

**कोटेशन सूचना**

समस्त पंजीकृत इलेक्ट्रिकल मशीनिस्ट एण्ड सिविल इत्यादि के पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है, कि नगर पंचायत मलिहाबाद में चौधराना में ऊर्दू मीडिएम स्कूल के पास स्थिति पम्प हाउस तथा तहसील के पास स्थिति पम्प हाउस में सुलुसवॉल लगाने का कार्य कराया जाना है। जिसके लिए कुटेशन दिनांक 18.02.2024 से 23.02.2024 समय 2.00 बजे तक अलग–अलग कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं, कोटेशनदाताओं को अपनी दरें, नेट देनी होगी। किसी अन्य प्रकार का देय अलग से नही देय होगा। किसी एक या समस्त कोटेशन / कोटेशनों की स्वीकृति / अस्वीकृति करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा ।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम |
|---|---|
| 1 | Supply & Fixing of 150 mm Sluice With Rubber Packing & Nuts Bolts |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मलिहाबाद
लखनऊ

अध्यक्ष
नगर पंचायत मलिहाबाद
लखनऊ


# जल्द शुरू होगा जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जानकीपुरम के नव निर्मित ट्रॉमा सेंटर में जल्द ही मरीजों की भर्ती कर इलाज की सुविधा मिलनी शुरू हो जाएगी। इसके लिए यहां शासन की और से विशेषज्ञों के साथ ही स्टॉफ नर्स व फार्मासिस्ट की भी तैनाती कर दी गई है। भर्ती के लिए बेड समेत दूसरे संसाधन जुटाए जा रहे हैं। अभी तक यहां पर ओपीडी का संचालन किया जा रहा है।

जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर की नवनिर्मित इमारत को बीते साल कार्यदायी संस्था ने हैंडओवर कर




नवनिर्मित ट्रॉमा सेंटर।

**▸▸ विशेषज्ञों के साथ ही अन्य कर्मियों की हुई तैनाती**

दिया था। डॉक्टर व मैनपॉवर न होने से ट्रॉमा बंद पड़ा था। यहां आने वाले मरीजों को दूसरे संस्थान जाना पड़ रहा था। स्वास्थ्य विभाग ने फौरी तौर पर यहां पर पहले एक डॉक्टर व स्टॉफ को तैनात करके ओपीडी का संचालन शुरू कराया था। हालांकि यहां पर मरीजों की भर्ती नहीं हो पा रही थी। शासन ने बीते दिनों यहां पर सर्जन, बेहोशी के डॉक्टर, फिजिशियन, आर्थोपैडिक सर्जन, फार्मासिस्ट, स्टॉफ नर्स की तैनाती कर दी है। इससे यहां पर अब 24 घंटे मरीजों को इलाज मिलने की आस जगी है। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों का कहना है जांच के लिए पैथोलॉजी व रेडियोलॉजी के लिए नई मशीन जल्द स्थापित होगी। सीएमओ डॉ. मनोज ने बताया ट्रॉमा में विशेषज्ञ की तैनाती हो गई है। जांच के भी इंतजाम किए जा रहे हैं।




कार्यशाला के दौरान मिशन निदेशक डॉ .पिंकी जोवल व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### बच्चों के मानसिक विकास के लिए अच्छा माहौल जरूरी

**अमृत विचार,लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ . पिंकी जोवल ने कहा कि जन्म से ही बच्चों में मानसिक विकास होने लगता है, इसलिए गर्भवती माता एवं पैदा होने वाले बच्चे के साथ स्नेहित व्यवहार व देखभाल करनी चाहिये। साथ ही उन्होंने 'मानसिक' शब्द की जगह 'बौद्धिक' शब्द का प्रयोग करने का सुझाव दिया। मिशन निदेशक, दिल्ली में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग व विश्व स्वास्थ्य संगठन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को संपन्न 'मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने' विषयक दो दिवसीय कार्यशाला में संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि चैतन्य मन ही माहौल को खुशहाल बनाता है, इसलिए परिवार व समाज को व्यक्ति के शिशु, बाल और यौवन काल में सहयोगात्मक माहौल उपलब्ध कराना चाहिये।

### रानी अवंतीबाई अस्पताल में शुरू होगा मिल्क बैंक

**अमृत विचार , लखनऊ :** वीरांगना रानी अवंतीबाई महिला अस्पताल में जल्द ही मिनी मदर मिल्क बैंक की शुरुआत की जाएगी। इसके लिए शासन की ओर से बजट जारी होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। यह मिल्क बैंक अस्पताल के एनआईसीयू वार्ड में संचालित किया जाएगा। अस्पताल बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहित ने बताया कि इसमें लैक्टेशन मैनेजमेंट का काम किया जाएगा। जिन महिलाओं को मिल्क आ रहा हो उन्हें ब्रेस्ट पंप का इस्तेमाल करना सिखाया जाएगा। इसके अलावा जिन महिलाओं को किसी तरह की समस्या हो उन्हें दवा भी दी जाएगी।



## कार्यालय निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ

पत्र सं0– 779/पार्किंग निविदा सूचना (23–24)/लखनऊ, दिनांक: फरवरी, 2024

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ में नरही गेट स्थित वाहन पार्किंग हेतु एक वर्ष की अवधि हेतु भ्रमण करने आने वाले दर्शकों के लिए वाहन पार्किंग के संचालन हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 20.02.2024 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 26.02.2024 को सांय 05:00 बजे तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निविदा प्रपत्र ऑनलाइन भर सकते है। निविदादाता को ई–निविदा में भाग लेने हेतु ई–निविदा का शुल्क रू0 1180/–(18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सहित) का डिमाण्ड ड्राफ्ट तथा अर्नेस्ट मनी के रूप में रू0 50,000/– का एफ0डी0आर0 जो निदेशक, प्रिन्स आफ वेल्स जुलोजिकल गार्डेन्स ट्रस्ट, लखनऊ के नाम निरूपित हो, के रूप में एक लिफाफे में सील कर दिनांक 27.02.2024 तक अपराहनः 11:00 बजे तक निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के कार्यालय में देना अनिवार्य है। निविदा दिनांक 27.02.2024 को अपराह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा समिति द्वारा आनलाइन विधि से खोली जायेगी।

किसी एक अथवा समस्त निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार निदेशक, नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ को होगा।

(अदिति शर्मा)
निदेशक,
नवाब वाजिद अली शाह
प्राणि उद्यान, लखनऊ

UP – 203529 दिनांक 15.02.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# किसानों का हक नहीं दे रही सरकार:नरेन्द्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ खेती बनी घाटे का सौदा, किसान आत्महत्या करने को मजबूर**

**अमृत विचार :** कांग्रेस जिला कमेटी के श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान में भाजपा की डबल इंजन की सरकारें किसानों को उनका वाजिब हक नहीं दे रही हैं। इससे किसानों को दोबारा आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

ज्ञातव्य है कि पिछली बार किसानों के आंदोलन के कारण मोदी सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा था। सरकार को तीन कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था। अन्य लंबित मांगों पर सरकार ने अभी तक कोई विचार नहीं किया। मांगों के निराकरण को लेकर केन्द्र सरकार ने किसानों से वादा किया था। काफी इंतजार करने के बाद भी मांगे नहीं मानी गयी तो किसान दोबारा आंदोलन करने को बाध्य हुए हैं।नरेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि मोदी सरकार ने वर्ष 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का वादा किया था। लागत खर्च बढ़ने से आमदनी दोगुना होना तो दूर किसानों के लिए खेती घाटे का सौदा बन गयी है।

# दो बच्चों की सर्जरी कर बनाया मलद्वार

**▸▸ जन्म से ही मलद्वार न होने के कारण फूल रहा था पेट**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग के डॉक्टरों ने सर्जरी कर दो शिशुओं के मलद्वार बनाया। मलद्वार न होने के कारण उनके पेट फूल रहे थे।

केजीएमयू के बाल सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जेडी रावत ने बताया कि फैजाबाद निवासी मोहम्मद शादाब कुरेशी की शादी वर्ष 2019 में हुई थी। छह साल से संतान सुख के लिए अस्पतालों के चक्कर लगा रहे थे। काफी इलाज के बाद महिला गर्भवती हुई। दो फरवरी को शादाब के



बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग में भर्ती नवजात।

घर में किलकारी गूंजी। जन्म के दूसरे दिन से ही बच्चे का पेट फूलना शुरू हो गया।

स्थानीय डॉक्टरों को दिखाने पर राहत नहीं मिली।तब परिजनों ने केजीएमयू के बाल चिकित्सा सर्जरी विभाग में दिखाया। जहां जांच में मलद्वार न होने की पुष्टि हुई। इसी तरह बस्ती जिले के के महेंद्र पांडेय के घर भी तीन फरवरी को बच्चे का जन्म हुआ था। उसे भी ऐसी ही परेशानी होने पर जांच कराई गई। दोनों बच्चों में मलद्वार न होने पर सर्जरी कर मलद्वार बनाया गया है। अब दोनों बच्ची स्वास्थ्य हैं। जल्द ही छुट्टी दे दी जाएगी।

**सांस और खाने की नली आपस में जुड़ी थीः** लखीमपुर की स्वाति के बच्चे का जन्म 12 फरवरी को हुआ था। बच्चे को सांस लेने व दूध पीने में परेशानी हो रही थी। केजीएमयू में दिखाने पर डॉक्टरों ने जांच कराई। सांस और खाने की नली आपस में जुड़ी होने की पुष्टि होने पर उसकी सर्जरी सफलता पूर्वक की गई है।



## अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 जलकल विभाग, नगर निगम, सेक्टर बी पानी की टंकी परिसर अलीगंज, लखनऊ

पत्रांकः– 2344/EE–3/GL7/23–24 दिनांक 17/02/2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

एतदद्वारा जलकल विभाग नगर निगम जोन–3 लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से पृथक–पृथक निविदाएं दिनांक 22/02/24 अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की किया जाता है जो उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समझ खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22/02/24 को अपरान्ह 2.00 बजे तक इस कार्यालय के कैश काउन्टर में निर्धारित निविदा शुल्क जमा की जायेगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खोलने के दिवस अवकाश घोषित होने पर उसके अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदाएं प्राप्त व खोली जाएगी। अन्य नियम व शर्ते तथा कार्य विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है जो किसी भी कार्य दिवस में अवलोकित की जा सकती है–

| क्र0 सं0 | कार्य | निविदा शुल्क | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लालालाजपतराय वार्ड के अन्तर्गत इंदु पार्क में स्थित 1.5 एचपी समरसेबिल पम्प की रिबोरिंग कार्य। | Rs. 200/- | Rs3300.00 | 5 days |
| 2. | महाकवि जयशंर प्रसाद वार्ड के अन्तर्गत पुरनिया महालक्ष्मी स्वीटस के सामने पार्क में 1.5 एचपी समरसेबिल पम्प की रिबोरिंग कार्य। | Rs. 200/- | Rs3300.00 | 5 days |
| 3. | लाललाजपतराय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर–एन–जेड निकट गायत्री द्विवेदी पार्क 1.5 एचपी समरसेबिल पम्प की रिबोरिंग कार्य। | Rs. 200/- | Rs3300.00 | 5 days |

अधिशासी अभियन्ता जोन–3
जलकल विभाग नगर निगम


# पेंशन योजना के फर्जीवाड़े पर लगेगा ब्रेक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ समाज कल्याण विभाग ने पारिवारिक लाभ योजना को कॉमन रजिस्ट्रेशन सिस्टम से जोड़ा**

**▸▸ पेंशन योजना में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए सीआरएस प्रणाली लागू करने की तैयारी**

**▸▸ एक क्लिक पर मिलेगी आवेदनकर्ता की संपूर्ण जानकारी**

**अमृत विचार :** पेंशन योजना में फर्जीवाड़े पर ब्रेक लगाने के लिए समाज कल्याण विभाग अब कॉमन रजिस्ट्रेशन सिस्टम (सीआरएस) को लागू करने की तैयारी कर रहा है। सीआरएस लागू होने के बाद एक क्लिक पर पेंशन के लिए आवेदन करने वालों का पूरा विवरण विभाग के सामने होगा।

समाज कल्याण विभाग की ओर से वृद्धावस्था, दिव्यांग एवं कुष्ठावस्था और निराश्रित पेंशन योजना का संचालन किया जाता है। पेंशन योजनाओं में कई बार अपात्रों को पात्र दर्शाकर पेंशन के लिए आवेदन करा दिया जाता है। सबसे अधिक खेल आय प्रमाण पत्र में होता है। वृद्धावस्था पेंशन के तहत 47 लाख 55 हजार 138, निराश्रित पेंशन योजना के तहत 31 लाख 28 हजार 880 और दिव्यांग एवं कुष्ठावस्था पेंशन के तहत 11,672 को पेंशन राशि दी जा रही है। पेंशन योजनाओं में परादर्शिता लाने के लिए अब कॉमन रजिस्ट्रेशन सिस्टम लाने की तैयारी है। सभी पेंशन योजनाओं को इससे जोड़ दिया जाएगा। इससे जुड़ने के बाद पेंशन के लिए आवेदन करने वालों के आय, मूल, जाति, मृत्यु और निवास प्रमाण पत्र के बारे में एक क्लिक से पता चल जाएगा। आधार कार्ड से भी इनका सत्यापन किया जाएगा। आधार कार्ड नंबर डालने के साथ ही आवेदनकर्ता से जुड़ी सभी जानकारियों के बारे में पता चल जाएगा।

> सीआरएस लागू होने से दो स्तर पर सत्यापन हो जाएगा। इसको पारिवारिक लाभ योजना में लागू कर दिया गया है। प्रयास किया जाएगा कि मार्च में सभी पेंशन योजनाओं को इससे लिंक कर दिया जाए।
>
> **–कुमार प्रशांत,** निदेशक समाज कल्याण

# बिजली बिल ठीक कराने पहुंचे युवक से मारपीट, दी तहरीर

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**▸▸ वीडियो वायरल होने पर एमडी ने लिया संज्ञान**

**अमृत विचारः** एफसीआई उपकेंद्र पर बिल ठीक कराने के लिए कई दिनों से चक्कर लगा रहे युवक ने कर्मचारियों पर गंभीर आरोप लगाया। आरोप है उससे कई बार आवेदन मांगा गया। मना करने पर कर्मचारियों ने पिटाई कर दी। इस संबंध में पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पारा के अशोक विहार निवासी इंद्रावती का एक किलोवाट का कनेक्शन है। वह हर महीने बिल जमा करती हैं। अचानक उनका बिल 35 हजार रुपये आ गया। इंद्रावती का बेटा अजय गौतम उसे ठीक कराने के लिए एफसीआई उपकेंद्र पर शनिवार को पहुंचा। कर्मचारियों से बिल ठीक करने को कहा। इस पर कर्मचारियों ने आवेदन पत्र देने को कहा। अजय ने इस पर आपत्ति की। कहा कि कई बार आवेदन दे चुका है। अब वह नहीं देगा। इस पर कर्मचारी भड़क गये। कर्मचारियों ने उस पर हमला कर दिया। चोटिल अजय ने इसकी शिकायत थाने में की।

उधर, एक्सईएन सेस-2 राघवेंद्र यादव ने बताया कि इस तरह की कोई घटना नहीं हुई है। जानकारी होगी तो इस संबंध में बताया जाएगा। वहीं, मध्यांचल एमडी के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। एमडी को इस बारे में अवगत कराया जाएगा। सूत्रों के अनुसार देर शाम को दोनों पक्षों में समझौता गया है।

# समस्याएं निपटाने उपभोक्ताओं के घर जाएंगे बिजली अधिकारी

नीरज अभिषेक, लखनऊ

**▸▸ 20 से 29 तक प्रदेश भर में चलेगा विशेष अभियान**

**▸▸ सभासद से लेकर विधायकों तक से भी ली जाएगी मदद**

**अमृत विचारः** बिजली कनेक्शन और लोड बढ़ाने के लिए अब उपकेंद्र के चक्कर नहीं लगाने होंगे। बिल सुधार के लिए साहब को सुविधा शुल्क भी नहीं देना पड़ेगा। बिजली से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण के लिए विभागीय अधिकारी आपके द्वार पहुंचेंगे।

सौर एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर पॉवर कारपोरेशन 20 से 29 फरवरी तक प्रदेश भर में विशेष अभियान चलाने जा रहा है। अभियान के दौरान पॉवर कारपोरेशन के अधिकारी उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर उनकी समस्याएं दूर करेंगे। इस दौरान यदि उपभोक्ता के यहां बिजली चोरी या अन्य समस्या सामने आती है तो उसे वार्ता से दूर करेंगे। उपभोक्ता को जेल भेजने की धमकी या जुर्माने का खौफ नहीं दिखाएंगे।

पॉवर कारपोरेशन के अधिकारी इस अभियान में जन प्रतिनिधियों की मदद लेंगे। सभासद से लेकर क्षेत्रीय विधायक और पॉवर कारपोरेशन के अधिकारी इस अभियान का हिस्सा होंगे। गांवों में जगह-जगह चौपाल लगाई जाएगी और शहरों में सर्किट हाउस, सरकारी कार्यालयों और प्रमुख बाजारों में कैंप लगाए जाएंगे।

कारपोरेशन जल्द ही बिजली सेवा और जनसम्पर्क अभियान चलाकर उपभोक्ताओं के साथ जन प्रतिनिधियों से फीडबैक लेकर शिकायतों को दूर करने का प्रयास करेगा। लेसा अधिकारियों के अनुसार इसके लिए अधीक्षण अभियंता स्तर के अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

बैठक में जनप्रतिनिधियों के रूप में व्यापार मंडल, किसान, मंडी के प्रतिनिधि, उद्यमियों, ग्राम प्रधान को शामिल कर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति और उपभोक्ताओं के फायदे के लिए बनी योजनाओं को विस्तार से बताया जायेगा। अभियान के दौरान आरडीएसएस योजना के लॉस रिडक्शन में लगभग 13,500 करोड़ के किये गये कार्यों भी उपभोक्ताओं को बताया जाएगा। स्मार्ट मीटर मद से उपभोक्ताओं के संयोजन को प्री-प्रेड से स्मार्ट मीटर करने की योजना बताकर सुझाव लिये जायेंगे। बिजनेस प्लान, नगर निकायों की बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए किये गये 5000 करोड़ के कार्य के बारे में भी बताया जायेगा। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए लगभग 5000 करोड़ के प्रस्तावित कार्यों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए खुद से अपने बिलों को बनाने के लिए बने ऐप के साथ नये कनेक्शन लेने, लोड बढ़ाने, बिलों के भुगतान करने के लिए बनी ऑनलाइन व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया जायेगा। बैठकों में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी देने के साथ बदलती व्यवस्था के फायदे भी उपभोक्ताओं को बताए जाएंगे।

> ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर विशेष योजना चलाने के के निर्देश मिले हैं। इसमें गांवों में चौपाल लगाकर और शहरों में घर–घर जाकर उपभोक्ताओं की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किए जाएंगे। साथ ही इसमें समाज के हर वर्ग के प्रतिनिधियों को शामिल कर उनके सुझावों पर गौर किया जायेगा। अभियान दस दिनों तक चलेगा।
>
> **–रजत जुनेजा,** मुख्य अभियंता सिस गोमती



## कार्यालयः– ग्राम पंचायत बिराहिमपुर मलिहाबाद जनपद– लखनऊ।

पत्रांक: मेमो/2023–2024/अति अल्पकालीन निविदा/मनरेगा दिनांक: 17.02.2024

**निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बिराहिमपुर में मनरेगा/2023–24 की कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नांकित कार्यो हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित सामग्री की आवश्यकता है:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्रयुक्त होने वाली सामग्री | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईटा M-150 | ईटा M-275 | मौरंग | बालू | सीमेंट | ईटा रोड़ा | पत्थर गिट्टी | सरिया | RCC टाइल्स | सिरेमिक टाइल्स | अन्य सामग्री |
| 1. | सुनीत के घर के पास सेमेवालाल के घर के पास तक आर0सी0सी0 व नाली निर्माण | 5840 नग | – | 15.45 घमी | 13.28 घमी | 11.82 टन | 26.46 घमी | 20.40 घमी | – | – | – | – |
| 2. | रामू के घर के पास से पृथ्वीपाल के घर के पासतक आ.सी.सी. रोड व नाली निर्माण | 4562 नग | – | 14.29 घमी | 7.90 घमी | 10.0 टन | 15.80 घमी | 19.12 घमी | – | – | – | – |

उपरोक्त विवरण के अनुसार अति अल्पकालीन निविदा सूचना के इच्छुक पंजीकृत फर्म/आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद लिफाफे में प्रकाशन तिथि से 24/02/2024 को समय अपरान्ह 2.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। निविदा उसी दिन सभी निविदादाताओं व क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष 4 बजे खोली जायेगी। सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करना आवश्यक होगा। अधोहस्ताक्षरी को किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।

अनुज यादव – सचिव
ग्राम पंचायत बिराहिमपुर

रामशंकर– प्रधान
ग्राम पंचायत बिराहिमपुर

# नीति निर्माण और समाज की रीढ़ है शिक्षा : राज्यपाल

## बिहार के राज्यपाल बोले- मंथन के अर्थ को घर-घर पहुंचाने का लक्ष्य, नई शिक्षा नीति पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

**अमृत विचार :** बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने कहा कि समाज में नीतियों का निर्माण करने में शिक्षा का अभेद महत्व है। इससे परिवार ही नहीं समाज को भी दशा और दिशा मिलती है। हम सबको इस ओर अधिक ध्यान देने की जरूरत है।

बिहार के राज्यपाल लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन के समापन अवसर पर विश्वविद्यालयों के कुलपति और प्रवक्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद की सरकार ने अपने वैदिक विषयों को ध्यान में नहीं रखा। जिसका परिणाम शिक्षा पद्धति और विषयों पर देखने को मिला। कहीं न कहीं समाज में आए परिवर्तन इन्हीं सबके कारण हुए हैं।

उन्होंने कहा कि इस मंथन से पहले एक वर्ष पूर्व इंदौर में आयोजन हुआ था। जिसका असर नई शिक्षा नीति के तहत देखने को मिल रहा है। विवि में हुए नए मंथन को आधार बनाते हुए उसे घर-घर तक ले जाएं ताकि विषय ही नहीं हमारी हजारों वर्षों पुरानी संस्कृति, सभ्यता का भी प्रचार हो सके। इस दौरान वीबीयूएसएस के महासचिव प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा ने छात्रों के आध्यात्मिक विकास के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सौंपा गया लखनऊ घोषणा पत्र

विद्या भारती उच्च शिक्षण संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि तीन दिवसीय मंथन के बाद लखनऊ घोषणा पत्र तैयार किया गया है। विषयवार खाके को संस्थान, महाविद्यालयों, विद्यालयों और छात्रों के माध्यम से विभिन्न वर्गों तक साझा करने के लिए प्रेरित किया गया।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में हुआ त्रिदिवसीय कार्यक्रम का समापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित संवाद-मंथन का समापन पंचसूत्र को आधार बनाते हुए किया गया। इसमें 55 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने अपनी राय साझा की। घोषणा पत्र को सौंपने की जिम्मेदारी चार कुलपति और एक स्नातकोत्तर महाविद्यालय को मिली है। मंथन के बाद जो घोषणा पत्र तैयार किया गया है, वो विश्वविद्यालय की शिक्षा, समाज और उद्योग पर केंद्रित है। इसका लक्ष्य अधिक मानव-केंद्रित के साथ उद्योग में प्रगति करना है। दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया गया है। शिखर सम्मेलन में 55 विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की भागीदारी रही। इसी के आधार पर महत्वपूर्ण बिंदुओं को शामिल करते हुए लखनऊ घोषणा पत्र का निर्माण हुआ। ऐसे में रेखांकित कुलपतियों और प्राचार्यों को जिम्मेदारी भरा पत्र सौंपा गया है।


लविवि परिसर में अखिल भारतीय संस्थागत नेतृत्व में समागम के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में पंचसूत्र का लोकार्पण करते बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ अर्लेकर, कुलपति आलोक कुमार राय व अन्य। अमृत विचार

**पांच बिन्दुओं के माध्यम से मिली जिम्मेदारी :** समाज विषय के माध्यम से मातृभाषा और सामाजिक समरसता पर बल देने के लिए कहा गया। इसमें सामाजिक शोध, सामाजिक मांग सहित अन्य विषय शामिल हैं। सहयोग के विषय में सकारात्मक प्रयास, स्रोतों का चयन, नए आयाम आदि हैं। सुधार विषय में नए आयाम, स्रोत आदि जोड़े गए हैं। सततता में स्फूर्तिदायक प्रयासों को सम्मिलित किया गया है। अंतिम विषय संस्कार को आधार बनाया गया है। इसमें शिक्षा के सहारे उज्ज्वल चरित्र, मानवीय संवेदनाएं आदि सम्मिलित हैं।

### एमओयू के क्रियान्वयन पर जोर : प्रो. जैन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रोफेसर प्रमोद के जैन ने कहा कि अकादमिक जुड़ाव, सहयोग और समझौता ज्ञापन (एमओयू) के प्रभाव का मजबूती से कार्यान्वयन कराना चाहिए। उन्होंने एमओयू पर हस्ताक्षर करने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से उन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा है। एक नोडल केंद्र स्थापित करते हुए वित्त पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### बहु विषयक दृष्टिकोण लाभदायक

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईएएस सिपू गिरी ने एनईपी के परिवर्तन पर प्रकाश डाला। कहा कि कई बार व्यक्तिगत संकट के कारण छात्रों की डिग्रियों पर संकट आ जाता है। ऐसे में एनईपी सहायक व कारगर साबित होगी।

### मैकेनोट्रॉनिक्स जैसे विषयों को दें प्रमुखता

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रो. राघवेन्द्र पी तिवारी ने संयुक्त शैक्षणिक डिग्री पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मैकेनोट्रॉनिक्स जैसे विषयों पर प्रमुखता दिये जाना बेहतर साबित होगा।

### राम मंदिर के विजन पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रो. केवी राजू ने कहा कि जिस तरह से राम मंदिर की स्थापना के बाद पर्यटन जैसे तमाम से आयाम स्थापित हो गए हैं। वैसे ही विकल्पों को खुला रखने की जरूरत है। इसके लिए समाज के हर वर्गों में शिक्षण संस्थानों को विश्वास और मजबूत करने होगा।

### नैड के लिए आईडी आवश्यक

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रो. लोकेन्द्र सिंह ने कहा कि नैड छात्रों के लिए एकाधिक प्रवेश और निकास की सुविधाएं देता है। इसको लिए अपार आईडी आवश्यक है। इससे छात्रों को सुविधाएं मिलेंगी।

### आईआईआईटी निदेशक ने की छात्रों की पैरवी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईआईआईटी निदेशक डॉ. अरुण मोहन शेरी ने ज्ञान निर्माण, प्रसार और प्रमाणन पर बल दिया। कहा कि अनुसंधान पहलुओं में वृद्धि की जानी आवश्यक है। इससे छात्र-संकाय अनुपात में वृद्धि होगी।

### अभिमुखीकरण पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्व परिषद के पूर्व अध्यक्ष व सेवानिवृत्त आईएएस मुकुल सिंघल शामिल हुए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में तेजी से रोजगार के अवसर बढ़े हैं। सड़क और वायु संचालन का भी विस्तार हुआ है। इस अवसर पर प्रोफेसर विनीता काचर, प्रो. अमृतांशु शुक्ला, डॉ. मोहम्मद अनीस, प्रो. पुष्पेंद्र त्रिपाठी सहित काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### 100 कंपनियों को मिलेगी जिम्मेदारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** संवाद में सम्मिलित प्रो. योगेश सिंह ने एनईपी 2020 के अनुरूप मौलिकता, नवीनता और उद्यमिता की वकालत करते हुए आर्थिक विकास में शिक्षा की परिवर्तनकारी भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने सेवा-आधारित अर्थव्यवस्था में बदलाव और 2047 तक उच्च शिक्षा अधिनियम के विकास का प्रस्ताव रखा। भारत में एप्पल जैसी 100 कंपनियां बनाने का लक्ष्य भी रखा गया।

# आज से नई सुविधाओं से लैस होगा पोर्टल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- एआईसीटीई के चेयरमैन ने दी जानकारी
- बोले-पेटेंट दाखिल करने में देश को मिली उपलब्धि


एआईसीटीई चेयरमैन प्रो. टीजी सीताराम

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के चेयरमैन ने कहा कि ऑनलाइन राष्ट्रीय पोर्टल नई सुविधाओं से लैस होने जा रहे हैं। इसके सहारे छोटे नगर और खासकर ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को सुविधाएं मिलेगी। कहीं न कहीं नवाचार को बढ़ावा देने में ये व्यवस्था कारगर रहेगी।

प्रो. टीजी सीताराम ने भारतीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और इंजीनियरिंग सुविधाओं (आई-एसटीईएम) को विस्तार देते हुए कहा कि ऑनलाइन राष्ट्रीय पोर्टल एक दिन बाद से और कारगर साबित होगा। ये शोधकर्ताओं को उनके अनुसंधान एवं विकास कार्य के लिए विशिष्ट सुविधाओं का पता लगाने में सहायता करता है। इतना हीं नहीं छोटे नगरों और खासकर ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े छात्रों के लिए सुविधाजनक साबित होगा। बताया कि अब तक दो करोड़ छात्रों ने पोर्टल पर अपने पंजीकरण करा दिये हैं। बताते हैं कि भारत सबसे बड़ा पेटेंट दाखिल करने वाला देश बन गया है। इससे स्वदेशी स्टार्टअप में भी बढ़ोतरी आई है। चन्द्रयान और आदित्य एल वन इसका प्रमाण है।

**इसलिए स्टार्टअप बने यूनिकार्न :** नए स्टार्टअप के सहारे भारतीय बाजार की पूंजी 500 बिलियन पहुंच चुकी है। इसीलिए स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन गया है।

### इंजीनियरिंग, कृषि और स्वास्थ्य पर रहेगा फोकस

इंजीनियरिंग, कृषि और स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए सहयोग और अकादमिक जुड़ाव के लिए 12 क्षेत्रों पर फोकस किया गया है। इसमें शिक्षा मंत्रालय की इनोवेशन सेल और एआईसीटीई की एक श्रंखला सहयोगी की भूमिका में है।

### राष्ट्रीय एमओओसी प्लेटफॉर्म स्वयम से आकर्षित हुए छात्र

राष्ट्रीय एमओओसी प्लेटफॉर्म स्वयम और स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2017 के सहारे 4.3 करोड़ छात्रों का उच्च शिक्षा में प्रवेश करना बेहतर प्रमाण दे रहा है।

### आठ समझौतों में विश्वविद्यालय और संगठन हुए शामिल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित संवाद कार्यक्रम के अंतिम दिन विभिन्न विश्वविद्यालयों और संगठनों के बीच आठ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए, ऐसे में तमाम सी जानकारियां भी साझा की गईं। समारोह के समापन के दौरान हस्ताक्षरित एमओयू प्रभावशाली साझेदारी बनाने के लिए तैयार किया गया। जिसमें लविवि और भातखंडे संस्कृति विवि को सम्मिलित किया गया। दूसरे क्रम में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी संकाय लविवि और कॉन्कर टेक्नोलॉजी हैदराबाद को जोड़ा गया। तीसरी कड़ी में रसायन विज्ञान विभाग, लविवि और लाइफ एक्टिविस्ट प्राइवेट लिमिटेड को सहयोगी बनाया गया है। आईएमएस यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ और इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अलावा इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज लविवि और जेडक्स पैरेंट्रल प्राइवेट लिमिटेड को सम्मिलित किया गया है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विवि लखनऊ और बाबा साहेब भीमराव विवि मुजफ्फरपुर, बिहार भी सहयोगी बने हैं। सातवां संस्थान आत्मीय विश्वविद्यालय राजकोट और पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर राजस्थान बना है।

### नई शिक्षा नीति के सहारे 2047 पर बल

**अमृत विचार, लखनऊ :** संस्थागत नेताओं के राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन में विशेषज्ञों द्वारा संस्थानों के बीच तालमेल बनाकर व्यवस्था को दुरुस्त करने पर बल दिया गया। इस दौरान कई विवि के कुलपतियों के सवाल और संवाद भी स्थापित हुए। नई शिक्षा नीति के सहारे 2047 पर बल दिया गया। प्रोफेसर जेएन बलिया ने राष्ट्रीय विकास के लिए समाज, शिक्षा और उद्योग के बीच आवश्यक सहयोग पर जोर दिया। प्रो. केबी दास ने महामारी के दौरान ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका सहयोग की सफलता का हवाला देते हुए समाज, शिक्षा और उद्योग के अंतर्संबंध पर प्रकाश डाला। प्रोफेसर गौतम नरेश चंद्रा ने पाठ्यक्रम को कार्यबल की जरूरतों के अनुरूप बनाने, कौशल विकास को बढ़ावा देने और संस्थानों, उद्योग और सरकार के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर जोर दिया। एनआईटी कुरुक्षेत्र के प्रोफेसर बीवीआर रेड्डी ने नई प्रौद्योगिकियों और समग्र छात्र विकास के लिए गैर-रेखीय विकास पर जोर दिया। नई शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर प्रो. चंद्रा ने बाजार की मांगों के आधार पर पाठ्यक्रम विकास का आग्रह किया। ताकि 2047 के मिशन को पूरा किया जा सके।

# एटीजी के सहारे विवि की बदल दी तस्वीर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एटीजी व्यवस्था ने ऐसी राहत दी कि विश्वविद्यालय की तस्वीर बदल गई। आज इससे शिक्षक ही नहीं आमजन भी प्रेरणा ले रहे हैं। मामला दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय से जुड़ा हुआ है। यहां के कुलपति ने शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए एटीजी व्यवस्था का सहारा लेते हुए विवि में एक राहत कोष स्थापित किया है। जिसमें लाखों रुपये इकट्ठा करके छात्र और व्यवस्थाओं को मजबूती दी जा रही है।

दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केएन सिंह बताया कि विवि में अचानक समस्याएं आ गई थीं। सीमित फंड को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विवि के शिक्षकों से बातचीत शुरू की और समस्याओं के हल के लिए एक तरीका बताया। कहा कि सभी अपने पैसों को बचाने के लिए अलग - अलग मदों का इस्तेमाल कर रहे हैं। यदि यही धनराशि एटीजी के सहारे एक कोष में जमा हो जाए, तो विवि को लाभ मिलेगा। चंद माह के भीतर लाखों रुपया कोष में आ गया। फिर इसी कोष के सहारे उन्होंने विवि में अतिरिक्त कार्य कराए हैं।

### साइकिलें कर रहीं राह आसान

कोष बना तो सहूलियत भी शुरू कर दी। विवि के कुलपति बताते हैं कि कोष के सहारे उन्होंने सौ साइकिलें खरीदी हैं। इन्हें विश्वविद्यालय के भीतर खड़ा करवाया गया है। यदि कोई छात्र अंदर प्रवेश करता है, तो उसके वाहनों को एक किनारे खड़ा करके साइकिल से चलने के लिए कहा जाता है। इसके सहारे सेहत और व्यवस्थाएं दोनों दुरुस्त की जा रही हैं।

# इस बार 1 अप्रैल को मिल जाएंगी बच्चों को किताबें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- शिक्षा महानिदेशक ने की वितरण तैयारियों की समीक्षा
- खंड शिक्षा अधिकारी स्कूलों तक पहुंचाएंगे किताबें

**अमृत विचार :** इस बार प्रदेश के परिषदीय स्कूलों के बच्चों को 1अप्रैल को ही निशुल्क किताबें उपलब्ध कराने की तैयारी की जा रही है। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने तैयारी की समीक्षा की।उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि किताबें विद्यालय तक पहुंचाने में सहयोग करें। शिक्षकों पर बीआरसी से किताबें ले जाने का दबाव न डालें। लापरवाह मिलने पर कार्रवाई होगी।

सरकारी प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 1 से 8 तक बच्चों को निशुल्क किताबें दी जाती हैं। शिक्षा महानिदेशक मुताबिक ने बताया कि 2024-25 में सत्र आरम्भ के पूर्व ही विद्यालयों तक पाठ्यपुस्तक व कार्य पुस्तिकाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का लक्ष्य है। जिससे सत्र शुरू होते ही छात्र-छात्राओं को नवीन पाठ्य पुस्तकें प्राप्त हो जाएं। पाठ्य-पुस्तकों कार्यपुस्तिकाओं के मद्रण व प्रकाशन सम्बन्धी कार्यादेश आदि की प्रक्रिया गतिमान है। शीघ्र ही पाठ्य पुस्तकों, कार्यपुस्तिकाओं की आपूर्ति मुद्रकों प्रकाशकों की ओर से जिलो में शुरू हो जायेगी। 1.92 करोड़ बच्चों को निशुल्क किताबें नये सत्र में मिलेंगी।

**बीईओ को दिया गया निर्देश :** महानिदेशक ने सभी बीईओ को आदेश जारी करते हुए कहा है कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में आपूर्ति होने वाली पाठ्यपुस्तकों, कार्यपुस्तिकाओं की जनपद, ब्लॉक स्तर से विद्यालयों तक समय से दुलाई कराने हेतु आवश्यक प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर ली जाए, जिससे पुस्तकों की जनपदों में आपूर्ति आरम्भ होते ही उनका वितरण विद्यालयों तक अविलम्ब हो सके। पाठ्यपुस्तकों, कार्यपुस्तिकाओं की ढुलाई पर व्यय हेतु आवश्यक धनराशि शीघ्र ही उपलब्ध करा दी जाएगी।

### शिक्षकों को किताबें ढोने से मिलेगी राहत

शिक्षा महानिदेशक के आदेश के बाद शिक्षकों को किताबें ढोने से राहत मिल जायेगी। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जनपदों में पाठ्य पुस्तकों, कार्य पुस्तिकाओं की आपूर्ति हो जाने के उपरान्त उनकी ढुलाई की व्यवस्था की जाती है, जिसमें अत्यधिक समय लगता है। जिस कारण लम्बे समय तक पाठ्यपुस्तकें या तो जनपद स्तर व ब्लॉक स्तर पर रहती है। अथवा विलम्ब से विद्यालयों तक पहुंचती हैं। यह भी शिकायतें प्राप्त होती हैं कि पर्याप्त ढुलाई व्यवस्था न होने के कारण शिक्षकों को अपने स्तर से ढुलाई करनी अथवा करवानी पड़ती है, जबकि जनपदों को पाठ्य पुस्तकों की ढुलाई के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करायी जाती है।

# रोजगार मेले में 1000 अभ्यर्थियों ने किया आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 13 कंपनियों ने किया नौकरी के लिए अभ्यर्थियों का चयन
- 2 से 5 लाख तक सालाना वेतन और सुविधाएं देंगी कंपनियां

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ने शनिवार को सुन्दरम मैरिज लॉन में मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया। मेले का मुख्य उद्देश्य आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना एवं नौकरी चाहने वालों को विभिन्न उद्योगों के संभावित नियोक्ताओं से जोड़ना है।

मेले में देश की विभिन्न कंपनियों जैसे पेटीएम,टेक महिन्द्रा, जस्ट डायल, डिक्सन, हेवेल्स, अर्बन मनी, बिट प्रो साफ्ट टेक, एचडीबी फाइनेन्स समेत 13 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। लगभग 1000 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया। इन कंपनियों में चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न पदो के लिये सालना 2 लाख से 5 लाख रुपये और अन्य सुविधाएं कंपनियों द्वारा प्रदान की जाएंगी।

रोजगार मेले के मुख्य अतिथि ले. कर्नल प्रशान्त मिश्रा एवं रोजगार अधिकारी राज कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन नाइलिट के निदेशक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार मिश्र की उपस्थिति में किया गया।

# कर्बला अब्बास बाग मामला 21 तक नहीं सुलझा तो देंगे गिरफ्तारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हरदोई रोड स्थित कर्बला अब्बास बाग की जमीनों पर भू माफियाओं द्वारा किये गए कब्जों के खिलाफ कर्बला में मौलाना कल्बे जवाद के नेतृत्व में शुरू किये गए धरने को जिला प्रशासन के आश्वासन पर 21 फरवरी तक स्थगित कर दिया गया है।

मौलाना कल्बे जवाद ने कर्बला अब्बास बाग में जिला प्रशासन के साथ हुई बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि 21 फरवरी को भू माफियाओं के कब्जों की समस्या का हल निकल आना चाहिए। अगर 21 को भी मामला नहीं सुलझा तो हजरतगंज स्थित शाही मस्जिद से रोजाना किसी एक शिया धर्मगुरु के नेतृत्व में गिरफ्तारी दी जायेगी।


प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी देते मौलाना कल्बे जवाद व अन्य। अमृत विचार

मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि कर्बला अब्बास बाग की जमीन पर कार के शो रूम से लेकर तमाम मकान बना लिए गए हैं। अब भी निर्माण जारी है और इस निर्माण को ठाकुरगंज पुलिस की मदद मिल रही है। वक्फ की जमीन पर सड़क भी बना दी गई है। इस सड़क का समाजवादी पार्टी के विधायक अरमान खान ने उद्घाटन किया है।

मौलाना कल्बे जवाद ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर कर्बला के 1862 के नक्शे के मुताबिक पैमाइश कराई गई। इस पैमाइश में यह साबित हुआ कि तीन मूर्ति से लेकर मारुती शोरूम तक कर्बला की जमीन है। वर्ष 2014 में हाईकोर्ट ने भी कर्बला अब्बास बाग की सम्पत्ति के सन्दर्भ में एक आदेश दिया, जिस पर आज तक अमल नहीं किया गया।

मौलाना ने बताया कि पूर्व मुतवल्ली सिराज ने वक्फ की सम्पत्ति को सबसे ज्यादा नुक्सान पहुंचाया। पुलिस और प्रशासन के साथ तमाम बैठकों के बावजूद इसका कोई हल नहीं निकला है। इसी वजह से शुक्रवार से कर्बला में धरने का कार्यक्रम शुरू किया था।

जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आज मुलाकात कर यह कहा है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की वजह से वक्फ संपत्तियों के सन्दर्भ में 21 तक कार्रवाई संभव नहीं है। यह कार्यक्रम निपटने के बाद वक्फ सम्पत्ति का विवाद हल किया जायेगा।

# हिंदी गद्य और गणित में घुमावदार सवालों ने उलझाया

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**पुलिस भर्ती परीक्षा**

- यूपी के ऐतिहासिक स्थलों से भी जुड़े सवाल पूछे गए

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड परीक्षा के पहले दिन हिंदी में गद्य और गणित के घुमावदार सवालों में ज्यादातर परीक्षार्थियों को उलझाए रखा। कई प्रश्न ऐसे भी थे जिनको आसानी से हल कर लिया। परीक्षा में यूपी के ऐतिहासिक स्थलों से जुड़े सवाल भी पूछे गए।

60244 पदों के लिए परीक्षा कराई जा रही है। बलिया से पेपर देने आये अर्जुन साहू ने बताया कि सामान्य ज्ञान के प्रश्न आसान थे। पेपर में विश्व पुस्तक दिवस, बैलाडिला की पहाड़ियां, जनगणना संगठन, कुमारसंभव, सोनपुर पशु मेला, डबल्यूएचओ, नाल्को कंपनी, यूपी का राज्य वृक्ष, भदोही की कला, मथुरा किसकी जन्मस्थली आदि प्रश्न पूछे गए।

अभ्यर्थी राहुल श्रीवास्तव ने बताया कि चार सौ साल पहले किस राज्य के कुछ हिस्सों में नहर सिंचाई की एक स्थानीय प्रणाली विकसित हुई थी जिसे कल्ह कहा जाता है। किस संकीर्ण चैनल से भारत और श्रीलंका अलग होते हैं जैसे सवाल पूछे गये। जिन अभ्यर्थियों ने नियमित पढ़ाई की होगी उन्होंने आसानी से इसे हल कर लिया होगा। बाराबंकी निवासी अतुल, श्रेयांश, राहुल वर्मा ने बताया कि रीजनिंग के प्रश्नों को पढ़ने में लंबा समय लगा। प्रश्न बड़ा था। जिस कारण अभ्यर्थी पूरा पेपर तक हल नहीं कर पाए।

**एक ही भाग में पूरा प्रश्नपत्र :** अभ्यर्थियों ने बताया कि इस परीक्षा में पेपर एक ही भाग में था। डेढ़ सौ सवाल पूछे गए। अभ्यर्थियों ने बताया कि पहले प्रतियोगी परीक्षा में प्रश्न पत्र ए, बी, सी और डी भाग में बंटा होता था। शुरुआत में जनरल नॉलेज के सवाल थे। उसके बाद रीजनिंग, हिंदी, गणित आदि के सवाल डाल दिए गए थे। आखरी में फिर जनरल नॉलेज के सवाल रखे गए थे।

# पंचतत्व में विलीन हुए राज बिसारिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिष्य आशीष ने दी मुखाग्नि

**अमृत विचार :** प्रख्यात रंगकर्मी और भारतेन्दु नाट्य अकादमी के संस्थापक पद्मश्री राज बिसारिया का शनिवार को बैकुंठ धाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनकी पत्नी किरण बिसारिया, बेटी रजीना और नातिन की मौजूदगी में उनके शिष्य आशीष ने मुखाग्नि दी।

अंतिम संस्कार के समय फिल्म निर्देशक मुजफ्फर अली, मुम्बई से आये स्क्रिप्ट लेखक अतुल तिवारी, भारतेन्दु नाट्य अकादमी और लखनऊ दूरदर्शन के पूर्व निदेशक सुशील कुमार सिंह, अरुण द्विवेदी, वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी, ललित सिंह पोखरिया, आतमजीत सिंह, सूर्य मोहन कुलश्रेष्ठ, संगम बहुगुणा, मोहम्मद हफीज, मृदुला भारद्वाज, रोजी दुबे, इतिहासकार रवि भट्ट समेत बड़ी संख्या में रंगकर्मी मौजूद रहे।

इससे पहले आज सुबह गोमतीनगर के विशाल खंड स्थित आवास से उनकी अंतिम यात्रा शुरू हुई। उन्हें भारतेन्दु नाट्य आकादमी ले जाया गया। अकादमी के छात्रों और शिक्षकों ने अपने प्रिय गुरु और अकादमी के संस्थापक को श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

भारतेन्दु नाट्य अकादमी के पूर्व निदेशक पुनीत अस्थाना भी यहां मौजूद रहे। कुछ देर अकादमी में रखे जाने के बाद उन्हें बैकुंठ धाम लाया गया। जहां उन्हें पूरे विधि-विधान के साथ अग्नि को समर्पित कर दिया गया।

# रिश्तों के रंग को और गाढ़ा कर गया रंगमंच का गॉडफादर

**स्मृति शेष**

## थिएटर के प्रणेता राज बिसारिया को भूलना कलाकारों के लिए नामुमकिन

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ


राज बिसारिया

- श्रद्धांजलि देने वालों के नहीं रुक रहे थे आंसू, सहयोगियों के लिए थे संकटमोचक

**अमृत विचार :** रिश्तों को सलीके से निभाने की कला उन्हें बखूबी आती थी। डांटना-पुचकारना उनकी शगल में था। आपदा को अवसर बना देने में वे सिद्धहस्त थे। उनसे जो भी मिला उन्हीं का होकर रह गया। वे यारों के यार थे। सभी के गम में गमगीन हो जाना। सभी की खुशी में खुश होना उन्हें बखूबी आता था। जी हां, ऐसे ही थे अपने राज बिसारिया। थिएटर की दुनिया के बेताज बादशाह।

राज भले ही दुनिया छोड़ गए। लेकिन, उन्हें बिसराना किसी भी कलाकार के लिए नामुमकिन है। खूबियों की पाठशाला माने जाने वाले राज रंगमंच के गॉडफादर यूं ही नहीं कहे जाते थे। शुक्रवार की शाम जब अचानक उनकी आंखें बंद हो गईं तो उनके दरवाजे पर रंगकर्मियों का जमावड़ा लग गया। श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। प्रत्येक की आंखों में अश्रुधार। सभी के चेहरे गमगीन। सभी की आंखें मानों कह रही थीं "ऐ जाने वाले हो सके तो लौट के आना।"

कई रंगकर्मी राज को पिता जैसा सम्मान देते थे। अमेरिका में रहने वाली उनकी बेटी रजीना ने भी थिएटर की बारीकियां उन्हीं से सीखी। लेकिन, बाद में फिल्म मेकिंग के क्षेत्र में चली गईं। राज ने अपने शिष्यों को ही बेटा-बेटी माना। उन्हें भरपूर प्यार दिया। रंगमंच का ककहरा पढ़ाया। शिष्यों को इस काबिल बनाया कि वे रंगमंच पर अपनी छाप छोड़ सकें। अपने अभिनय से रंगमंच को जीवंत कर सकें।

**आशीष तिवारी ने दी मुखाग्नि :** राज बिसारिया के शिष्य आशीष तिवारी ने उन्हें मुखाग्नि देकर बेटा होने का फर्ज निभाया। राज को अपना गुरु,पिता व पथ-प्रदर्शक मानने वाले आशीष ने मुखाग्नि दे अपनत्व के रिश्ते की मर्यादा रखी।राज से रंगमंच का ककहरा सीखने आए थे आशीष। सीखते-सीखते रिश्ते गहराते गए। राज बीमार हुए तो आशीष ने अंतिम समय में अपने गुरु की पुत्र से बढ़कर सेवा की। वे अपने को राज के परिवार का अहम हिस्सा ही मानते थे।

### अपनों के अश्रुधार से भीगीं बैकुंठ धाम की सीढ़ियां

पिछले महीने राज बिसारिया पीजीआई में भर्ती थे तो उनके लिए दुआएं की जा रही थीं। रंगकर्मी ऐसे बेचैन थे कि जैसे उनके परिवार का कोई सदस्य अस्पताल में पड़ा हो। अस्पताल से छुट्टी पाकर वह घर पहुंचे तो रंगकर्मियों ने राहत की सांस ली। कल अचानक उनके न रहने की खबर आई तो उनके घर पर इतने रंगकर्मी पहुंच गए कि घर आने वालों को बाहर ही रोका गया। भीतर न आने की दुहाई दी गई। आज भारतेन्दु नाट्य अकादमी और बैकुंठ धाम की सीढ़ियों पर गुरु के लिए आंसू बहाते शिष्य नजर आये। ऐसा नजारा पहले शायद ही कहीं दिखा हो। भले ही वह किसी पुत्र के जैविक पिता न रहे हों। लेकिन थियेटर की दुनिया में कई पुत्रों के गाडफादर तो वे थे ही।

### कार्यशाला में मिली शुंग कुषाण और क्षत्रप काल की जानकारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य संग्रहालय और उत्तर प्रदेश पुरातत्व निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में राज्य संग्रहालय के सभागार में आयोजित पुरालेख एवं पुरालिपि कार्यशाला के तीसरे दिन शनिवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण मैसूर के सेवानिवृत्त निदेशक डॉ. टीएस रवीशंकर ने अपने व्याख्यान में अशोक कालीन प्रारम्भिक ब्राह्मी लिपि की वर्णमाला से परिचय कराने के साथ ही शुंग, कुषाण और क्षत्रप कालीन प्रारम्भिक ब्राह्मी लिपि के संयुक्ताक्षर एवं मात्राओं से परिचित कराया। इस कार्यशाला में 100 प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुरातत्व निदेशालय की निदेशक डॉ. रेनू द्विवेदी, राज्य संग्रहालय की सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका, कृष्ण मोहन दुबे, डॉ. अनीता चौरसिया आदि की मौजूदगी रही।

# खानापूर्ति : अतिक्रमण हटाया नहीं और बना दिए ठहराव स्थल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ प्रमुख चौराहों पर ठेले खड़े होने से लगता है जाम

▶▶ मवइया अंडरपास का ट्रैफिक डायवर्ट होने से चारबाग में बढ़ी समस्या

**अमृत विचार :** शहर के तीन प्रमुख चौराहों पर अतिक्रमण हटाए बिना ठहराव स्थल बनाने से जाम की समस्या और बढ़ गई है। नगर निगम ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत पांच चौराहों पर योजना प्रस्तावित की है। अभी दो और चौराहों पर ठहराव स्थल बनने हैं। योजना सफल होने पर सभी चौराहों पर लागू होने का प्रस्ताव है।

नगर निगम ने टैम्पो-टैक्सी एवं ऑटोरिक्शा संयुक्त मोर्चा के सहयोग से चारबाग, अवध, पॉलिटेक्निक, कमता एवं दुबग्गा में पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। चारबाग, दुबग्गा और अवध में ठहराव स्थल तो शुरू कर दिए गए लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाया गया।

चारबाग में रविन्द्रालय और मुसाफिर खाने के पास ठहराव स्थल बनाए गए हैं। यहां क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्था शुरू हो गई है।

वहीं नत्था चौराहा, मैट्रो के नीचे और सुदर्शन के सामने ठहराव स्थल बनने हैं। चारबाग में रविन्द्रालय के पास अनगिनत ठेले खड़े होने से जाम लगता है। मवईया के पास अंडरपास पर सड़क निर्माण कार्य के चलते पूरा ट्रैफिक चारबाग पर आ गया है। रविन्द्रालय के पास रोडवेज बसें मनमाने तरीके से खड़ी होने से भी जाम लगता है। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर रोक लगाये जाने की जरूरत है।

> आलमबाग का पूरा ट्रैफिक आरक्षण केन्द्र पर रहा है। रोडवेज की बस भी जाम का कारण बन रहीं है। नत्था चौराहे, सुदर्शन के पास, मेट्रो के नीचे ठहराव की व्यवस्था जाम के कारण नहीं लागू नहीं हो पा रही है। चारबाग, दुबग्गा, अवध पर ठहराव की व्यवस्था शुरु हो गयी है। इनके सुचारु संचालन के बाद पॉलिटेक्निक और कमता चौराहों पर भी व्यवस्था शुरु की जाएगी।
>
> –पंकज दीक्षित, अध्यक्ष टैम्पो–टैक्सी एवं ऑटोरिक्शा संयुक्त मोर्चा



चारबाग स्थित मेट्रो स्टेशन के पास बने ठहराव स्थल पर व्याप्त अतिक्रमण। अमृत विचार

## एक नजर

### रेलवे ट्रैक पर मिला मैकेनिक का शव

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत मलाक रेलवे क्रासिंग की तरफ पहुंचे लोगों ने शनिवार सुबह अधेड़ का शव पड़ा देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी पहचान निलमथा निवासी मोटर मैकेनिक मो. अकील (49) के रूप में हुई। भाई अतीक ने बताया अकील ने बताया शुक्रवार रात वह घर से निकला था। देर रात तक नहीं लौटा तो खोजबीन की, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। उन्होंने आरोप से इंकार करते हुये ट्रेन की चपेट में आने से मौत होने की आशंका जताई है। परिवार में मां अनवरी और, भाई, अतीक व शमी हैं।

### ई-रिक्शा पर सवार जेबकतरों ने काटी जेब

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा थानाक्षेत्र अंतर्गत अवध इंक्लेव कालोनी निवासी शमशाद शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे डालीगंज पुल से ई–रिक्शा पर सवार होकर अमीनाबाद जा रहे थे। आरोप है ई– रिक्शा पर पहले से ही एक युवक बैठा था। रास्ते में क्रिश्चियन कालेज रोड पर किसी ने उसकी जेब काट ली। कुछ देर बाद उसकी नजर पैंट की जेब पर पडी, तो वह कटी मिली। शमशाद ने बताया कि जेब में 95 हजार रुपए रखे थे। वजीरगंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### चलती ट्रेन में फोन चुराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** चलती ट्रेन से सवारियों का मोबाइल फोन चोरी कर भाग रहे दो चोरों को लोगों ने पकड़कर आलमबाग पुलिस के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पकड़े गए चोरों की पहचान पंजाब के गुरूदासपुर बिडीला कला निवासी सुखबीर, व गुरूप्रीत सिंह के रूप में हुई है। उनके पास से चोरी के 9 मोबाइल और आठ हजार की नकदी मिली है।

## दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** किशोरी को बहला- फुसलाकर भगाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म कर गर्भपात कराने वाले आरोपित को माल पुलिस ने गिरफ्तार किया।

पुलिस ने भानपुर निवासी कुलदीप को गिरफ्तार किया। आरोपित ने नाबालिग बच्ची को भगाकर उसके साथ शरीरिक संबंध बनाए गर्भवती होने के बाद उसका गर्भपात करवा दिया। जब किशोरी ने शादी का दबाव बनाया, तब आरोपित उसे उसे जान से माने की धमकी दे शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ बीते 14 फरवरी को मुकदमा दर्ज कराया था , जिसे शनिवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं।

## सेवानिवृत्त शिक्षिका ने कार में आग लगाने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर विस्तार इलाके में रहने वाली सेवानिवृत्त शिक्षिका ने अपार्टमेंट में खड़ी उनकी कार आग लगाकर जलाने का आरोप लगाया है। ग्रीनवुड अपार्टमेंट निवासी सीमा सिन्हा ने बताया 8 फरवरी को अपार्टमेंट की पार्किंग में उन्होंने कार खड़ी थी। आशंका है कि देर शाम अपार्टमेंट निवासी गौतम शंकर ने उनकी कार में आग लगा दी। सीमा ने बताया पार्किंग में लगे सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद हुई है। शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल की छानबीन की थी। सीमा ने बताया कि उनकी कार की बगल में अन्य गाड़ियां भी खड़ीं थी।

### दुकान में लगाई आग, सामान खाक, दो पर रिपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई थाना अंतर्गत बरौली खलीलाबाद निवासी छोटू रावत का गांव निवासी धीरज कुमार व सनी से विवाद हुआ हो गया था। बुधवार रात दोनों ने छोटू की शटरिंग दुकान में आग लगा दी। आग से हजारों रुपये का नुकसान हो गया था। अग्निशमन कर्मियों ने दुकान में लगी आग बुझाई थी। छोटू ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## तीन मकानों व दुकान से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ गोमतीनगर, कृष्णानगर, सरोजनीनगर और आलमबाग में हुई वारदात

**अमृत विचार :** गोमतीनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत अरण्य विहार कॉलोनी में चोरों ने वन विभाग के क्षेत्रीय सहायक अधिकारी के घर का ताला तोड़ लाखों की ज्वैलरी और नगदी पार कर दी। वहीं, चोरों ने कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में मकान और आलमबाग में दुकान से लाखों के नकदी पार कर दी। बंथरा में भी एक मकान में नकब लगाकर चोरों ने गहने व नकदी पार कर दी। चारों ही मामलों में पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक दीपक पाण्डेय के मुताबिक, हजरतगंज स्थित वन विभाग कार्यालय में कार्यरत क्षेत्रीय सहायक अधिकारी जयचन्द्र सपरिवार अरण्य विहार कॉलोनी में रहते हैं। गत 8 फरवरी को वह पारिवारिक सदस्यों के संग गृह जनपद बलिया गए थे। 12 फरवरी को पड़ोसी गुड्डी देवी ने मकान का ताला टूटा देख घर में हुई चोरी की सूचना दी। घर पहुंचने पर पीड़ित ने बताया कि चोरों ने उनके घर से पांच लाख की ज्वैलरी समेत 1.68 लाख की नकदी समेट ली। वहीं, कृष्णानगर के विजयनगर निवासी प्रमोद कुमार गुप्ता कृषि विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी है। बीती 15 फरवरी को वह सपरिवार के एक धार्मिक अनुष्ठान में फतेहगंज अमीनाबाद गए थे। देर रात वापस लौटने पर उन्हें घर में हुई चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने उनके घर से पांच लाख कीमत के कीमती आभूषण चोरी कर लिए हैं। उधर, चोरों ने आलमबाग, नटखेड़ा रोड पर संदीप अठवानी की दुकान से 30 हजार की नकदी चोरी कर ले गए। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही हैं।

वहीं बंथरा थाना क्षेत्र के सादुल्ला नगर निवासी मो. इस्लाम ने बताया कि शुक्रवार रात परिवार सहित एक कमरे में सो रहे थे। शनिवार सुबह उठे तो कमरे की दीवार में नकब लगी मिली। चोर कमरे में रखे संदूक के ताले तोड़कर तीन लाख के गहने और एक लाख रुपये की नगदी चोरी कर ले गये। तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

## मंत्री आवास के पीछे नाले में मिला युवक का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभूतिखंड थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, मृतक की शिनाख्त गोमतीनगर विस्तार थानाक्षेत्र अंतर्गत छोटा भरवारा निवासी अजीत कुमार आंनद के रूप में हुई है। परिजनों ने किसी पर भी आरोप नहीं लगाया है। बताया कि दोपहर में मंत्री आवास से कुछ दूरी पर बह रहे नाले में राहगीरों ने एक युवक का शव पड़ा देख फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल शिनाख्त कराए जाने का प्रयास किया था। बावजूद इसके पहचान नहीं हो पाई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रथम दृष्टया में नशे में या फिर चक्कर आने से युवक नाले में गिर पड़ा। जहां दम घुटने से उसकी मौत हो गई। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो गया।



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर लाइटों से सजाया गया 1090 चौराहा। अमृत विचार

## छात्रा के चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ:** कृष्णानगर प्रभारी निरीक्षक कैलाश दुबे के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (17) मामा के घर में रहकर इंटरमीडिएट में पढ़ाई करती है। छात्रा ने विनीत प्रताप सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। छात्रा ने बताया कि आरोपी जबरन संबंध बनाने का दबाव देकर उसकी एडिट फोटो और वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने और उसके चेहरे पर तेजाब डालने की भी धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर शोहदे पर सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं, निगोहां प्रभारी निरीक्षक अनुज तिवारी ने बताया कि क्षेत्र के गांव की रहने वाली छात्रा (22) ने पड़ोसी उमेश उर्फ नन्हा पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। छात्रा का आरोप है कि पड़ोसी में घर में घुसकर उससे जोर जबरदस्ती की। शोर मचाने पर पड़ोसी उसे धमकी देते हुए घटनास्थल से भाग निकला।

## सादे कागज पर हस्ताक्षर ले भेजा तलाकनामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ पीड़िता ने मदेयगंज थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी न होने पर एक युवक ने पत्नी को मायके छोड़ दिया। फिर समझौता करने के बहाने उसे कचेहरी लेकर पहुंचा। जहां सादे कागज पर हस्ताक्षर लेकर उसे तलाकनामा भेज दिया। महिला ने यह आरोप लगाते हुए मदेयगंज थाने में ससुराल पक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

मदेयगंज प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, खदरा रेती मोहल्ला निवासी मारिया फारुकी का निकाह वर्ष 2020 में सरांय हसनगंज निवासी मुमताज अली से हुआ था। आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जाता था। इसका विरोध करने पर गत 24 जुलाई को शौहर ने उसकी पिटाई कर मायके छोड़ दिया था। 20 अक्टूबर को शौहर उसे वापस ससुराल ले जाने का झांसा देकर कचेहरी ले गया। फिर समझौता करने के बहाने सादे कागज पर उसके हस्ताक्षर ले लिए। जिसके बाद वह पत्नी को मायके छोड़कर किसी काम का बहाना मारकर वहां चला गया। कुछ देर बाद आरोपी वापस आया और पीड़िता को तीन तलाक देते हुए उसके साथ में तलाकनामा देकर चल गया। मायके वालों ने समझौते का प्रयास किया, लेकिन आरोपी जिद पर अड़ा रहा। इसके बाद महिला ने सम्बन्धित थाने में लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## सार-संक्षेप

### अब गांव में ही निपटेंगी ग्रामीणों की समस्याएं

**अमृत विचार, निगोहां :** जमीन, नाली, सहन और घरेलू विवादों का अब गांवों में ही निस्तारण कराया जाएगा। ये जानकारी शनिवार को गौतमखेड़ा गांव में चौपाल लगाकर एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह ने ग्रामीणों को दी। एसीपी मोहनलालगंज राधा रमण सिंह व प्राभारी निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने चौपाल में ग्रामीणों से कहा कि बेहिचक अपनी समस्या बताएं। ग्रामीणों को टोल फ्री नंबर 1090,112,181,1930 और थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क की जानकारी भी दी गई। थाना प्रभारी ने ऑनलाइन ठगी से बचने के तरीके बजाए और सोशल मीडिया के जरिये कैसे अपराध होते हैं, इनकी जानकारी दी। एसओ ने कहा कि अशांति फैलाने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। ग्राम प्रधान गौतम खेड़ा और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्कूल में विदाई और सद्भावना समारोह मनाया गया

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** बख्शी का तालाब स्थित हेमी गांव स्थित एसएस पब्लिक स्कूल मे शनिवार को कक्षा 10 के छात्रों के लिए सद्भावना समारोह और कक्षा 12 के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन प्रवीण सिंह चौहान ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कक्षा 9 तथा 11 के छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। निशी सिंह को मिस फेयरवेल 2024 तथा दीपांशु सिंह को मिस्टर फेयरवेल 2024 चुना गया। कक्षा 12 के छात्र–छात्राओं को उपाधियों से विभूषित किया गया। प्रधानाचार्या चंद्र कांति शर्मा ने परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं दी।

### क्रेटा कार नहीं देने पर तोड़ा रिश्ता, आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** गाजीपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने बेटी की शादी गोंडा के देहात कोतवाली अंतर्गत भगहर बुलंद गांव निवासी माधवराज शुक्ला के बेटे देशदीप से तय की थी। पीड़ित ने बताया कि रिंग सेरेमनी में उसने जो भी लेन देन तय हुआ था, पूरा कर दिया था। लेकिन बरात जाने की तिथि से पहले ही लड़के के पिता व अन्य परिजन क्रेटा कार की मांग करने लगे। जबकि शादी से पहले ऐसी कोई मांग नहीं थी। आरोपियों के घर पहुंच उसने मांग पूरी करने में असमर्थता जताई। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने बिना कार के तिलक चढ़ाने पहुंचने पर मारने की धमकी देते हुये रिश्ता तोड़ दिया। इससे सामाजिक छवि भी धूमिल हुई है। इंस्पेक्टर गाजीपुर ने बताया मामले में माधव शुक्ल समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है

### साइबर ठगों ने तीन लोगों को निशाना बना 98 हजार ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के तेलीबाग निवासी प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले धनंजय कुमार मौर्या ने बताया कि कुछ दिन पहले व्हाट्सअप पर आये मैसेज में निवेश करने पर अधिक लाभ देने का झांसा दिया था। उन्होंने अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में बताये गये अकाउंट में 50 हजार रुपये निवेश कर दिये। इसके बाद नंबर स्विच ऑफ बताने लगा। तब उन्हें ठगी का एहसास हुआ। उधर, आशियाना सेक्टर एम निवासी पूजा यादव ने बताया साइबर ठग ने उनका मोबाइल हैक कर क्रेडिट कार्ड से 24 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिये। हसनगंज के मुकारिम नगर में रहने वाली दीपिका राय से ठग ने ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी का कर्मी बन कर बात की। इसके बाद लकी ड्रॉ के नाम पर उनके खाते से 24 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिये।

### शिक्षामित्र ने 5वीं के छात्र की पिटाई कर सिर फोड़ा

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां थानाक्षेत्र के उदयपुर गांव निवासी योगराज मजदूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि बेटा अंश गांव के प्राथमिक विद्यालय में पांचवीं कक्षा में पढ़ता है। लिखित शिकायत में उनका आरोप है कि शिक्षामित्र अनिल शुक्ला ने बेटे के गाल पर थप्पड़ जड़ते हुए दीवार से उसका सिर टकरा दिया था। जिसे बेटे का सिर फट गया और लहूलुहान अवस्था में दर्द से रोने लगा। जिसके बाद पीड़ित ने निगोहां थाने में शिक्षामित्र के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस सम्बध में शिक्षामित्र अनिल शुक्ला ने बताया कि बच्चा कक्षा में शरारत कर रहा था। इस पर उन्हें बच्चे को डांट तो वह भाग खड़ा हुआ और सिर दरवाजे से लड़ गया। प्रभारी निरीक्षक अनुज तिवारी ने बताया कि मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### शराब के लिए रुपये नहीं देने पर युवक को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना पुलिस ने शराब के लिये रुपये देने से मना करने पर युवक से मारपीट करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज की है। बंगला बाजार निवासी प्रेम मोहन ने बताया उनके घर के समीप मामा होटल है। पिछले रविवार की शाम होटल के कर्मचारी व पड़ोसी सुनील, पन्नू और अन्य ने उनसे शराब मंगाकर पार्टी की। नशे में धुत होने पर आरोपियों ने उनसे और शराब के लिए तीन हजार रुपये मांगे। देने से इनकार करने पर गाली–गलौज कर आरोपियों ने उनको पीट दिया। विरोध करने पर होटल मालिक ने पुलिसकर्मियों के साथ दोस्ती होने की बात कहते हुये धमकी दी। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### अधिवक्ता के परिवार को जान से मारने की दी धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कोर्ट में चल रहा मुकदमा वापस नहीं लेने पर आरोपियों द्वारा अधिवक्ता और उसके पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी है। मूलत : बहराइच के अंधरी निवासी अधिवक्ता ननकऊ प्रसाद मिश्रा आशियाना के रविखंड में रहते हैं। दो वर्ष पहले उन्होंने बहराइच के कटेल निवासी उदय भान, उसकी पत्नी गुड़िया व शैलेंद्र के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी रंजिश के चलते आरोपी आये दिन उन्हें गाली–गलौज करते थे। ननकऊ का आरोप है कि 26 जनवरी को शैलेंद्र ने उन्हें 91 बार कॉल कर केस वापस न लेने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

## फार्मेसी से दवाइयां चोरी करने वाला सफाई कर्मी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** कृष्णानगर पुलिस ने अपोलो अस्पताल की फार्मेसी से दवाइयां चोरी करने वाले सफाई कर्मियों को गिरफ्तार किया। वह फार्मेसी से मंहगी दवाइयां चोरी कर बेच दिया था। प्रभारी निरीक्षक कैलाश चन्द्र दुबे के मुताबिक, फार्मेसी मैनेजर आकाश चौधरी ने हास्पिटल की फार्मेसी से महंगी दवाइयां चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की जांच कर शनिवार को सफाईकर्मी आकाश मौर्या और अमित कुमार मौर्या को गिरफ्तार किया। आरोपियों ने बताया कि वह मंहगी दवाइयों को बेच देते थे। उनके पास कुछ दवाईं भी बरामद हुई है।

## रुपये लेने के बाद भी गाड़ी नहीं की ट्रांसफर

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** चार पहिया वाहन बेचने और रुपये लेने के बाद आरोपियों ने खरीदार के नाम ट्रांसफर नहीं कराया। दबाव बनाने पर पीड़ित को गाली गलौज कर धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

थाना अंतर्गत निशातगंज निवासी खालिद परवेज ने बताया कि हिंद नगर निवासी अंकुर, नवीन ने अपनी बहन नीरू यादव के नाम से पंजीकृत वैगनआर कार की किस्त अदा न कर पाने से बेचने को मंशा जाहिर की थी। खालिद ने अंकुर गुप्ता के घर पहुंच कर गाड़ी 5. 17 लाख की खरीद ली। आरोप है कि नवीन ने एनओसी आने पर आरटीओ ऑफिस चलकर गाड़ी ट्रांसफर करने की बात कही थी। बाद में नीरू के प्रेग्नेंट होने की बात कहा डिलीवरी के बाद ट्रांसफर करने का झांसा दिया। लेकिन कई माह बाद भी आरोपियों ने गाड़ी ट्रांसफर नहीं की। दबाव बनाने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। खालिद ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर महानगर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 41.22 लाख गबन करने वाला मैनेजर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ कंपनी निदेशक ने महानगर थाने में दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** प्राइवेट कंपनी के शोरूम में चोरी करने वाले स्टोर मैनेजर को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। कंपनी निदेशक ने आरोपी के खिलाफ गबन की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। जांच में आरोप की पुष्टि होने पर पुलिस ने कार्रवाई की।

महानगर थाना क्षेत्र निवासी मयूर अग्रवाल ने बताया उनकी वैल्यू प्लस रिटेल नाम से कंपनी है। जिसके वह निदेशक हैं। मंदिर मार्ग पर उनकी कंपनी का शोरूम है। अकाउंटेंट ने स्टाक की जांच की तो 41.22 लाख का सामान चोरी होने की बात पता चली। छानबीन में पता चला कि शोरूम के स्टोर मैनेजर मानक नगर के गढ़ी कनौरा निवासी सैफ अली ने यह सामान चोरी कर दूसरी जगह बेच दिया है। जब उनसे इस संबंध में बात की तो माफी मांगते हुये रुपये वापस करने की बात कही। लेकिन निर्धारित समय सीमा में वह रुपये नहीं लौटाये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर उचित कार्रवाई की मांग की।

इंस्पेक्टर अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की गई। इसमें आरोप की पुष्टि हुई। इसके आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

### कर्मी पर 3.87 लाख के गबन की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** तिवारी गंज स्थित अमित मोटर्स कंपनी के मैनेजर ब्रजकुमार सिंह ने बताया अंबेडकर नगर के माधौपुर निवासी अतुल मिश्र बिजनौर शाखा के प्रबंधक हैं। वह कई दिन से न तो ऑफिस आ रहे थे और न ही कॉल रिसीव कर रहे थे। 28 जनवरी को प्रदीप कुमार उनकी तलाश में ऑफिस पहुंचा। उसने बताया कि अतुल ने उससे 3.19 लाख रुपये लेकर बिना कागजात लिये वाहन डिलीवर कर दिया है। बताया कि कंपनी का अकाउंट चेक किया तो अतुल द्वारा यह रकम जमा नहीं करने का खुलासा हुआ। उनके खिलाफ बीरबल नामक व्यक्ति ने भी 68 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाया था। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**कार्यक्रम** नानमऊ गांव में 380 किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

## किसानों को बताए मोटे अनाज के फायदे

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** सरोजनीनगर ब्लॉक के नानमऊ गांव में कृषि विभाग ने शनिवार को जनपद स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम के तहत हुए प्रशिक्षण में श्री अन्न (मोटा अनाज) की खेती और अनाज से उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नानमऊ, तिरवा, गोंदौली, नारायणपुर, गढ़ी चुनौटी, भटगांव, सहिजनपुर, रामदासपुर, मवई पड़ियाना, लोनहा और पिपरसण्ड आदि गांवों के करीब 380 किसानों ने हिस्सा लिया। सलाहकार सुरेश कुमार राजपूत ने मोटे अनाज के उपयोग से होने वाले लाभ बताए।

रिटायर्ड सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा सुरेंद्र सिंह ने चूहों के नियंत्रण, अनाज भंडारण और आम के बागों में कीट रोग नियंत्रण के उपाय बताए। वरिष्ठ प्राविधिक सहायक प्रथम बीके वर्मा ने बताया कि जिन किसानों की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त रुकी है वह आधार कार्ड व खतौनी की छाया प्रति लेकर न्याय पंचायत स्तर के कृषि विभाग से संबंधित कर्मचारियों से ई केवाईसी कराएं।

सहायक विकास अधिकारी रामगोपाल ने जायद में मूंग, उड़द, सूरजमुखी, मक्का और सब्जियों की खेती के बारे में बताया। विषय विशेषज्ञ महेंद्र सिंह ने कृषकों को जीवामृत, धनजीवामृत, दशप्राणीअर्क, नीमास्तव ब्रह्मास्त्र, वर्मी कंपोस्ट की बनाने की विधि और उपयोगिता बताई। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तकनीकी सहायक सचेंद्र सिंह ने कृषि यंत्रों के प्रयोग और रखरखाव के बारे में बताया।




कार्यक्रम के दौरान किसानों को जानकारी देते विशेषज्ञ। अमृत विचार

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 286 पर कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ चेकिंग में शराब पीकर हंगामा करते मिले तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के निर्देश पर शुक्रवार रात राजधानी के सभी थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करते मिले 286 वाहन चालकों पर एमवी एक्ट की कार्रवाई और शराब पीकर हंगामा करते मिले तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी।

सभी थानों में रात 8 से 10 बजे तक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें वाहनों के अलावा शराब की दुकानों के बाहर, रेस्टोरेन्ट, स्ट्रीट फूड और ढाबों पर खुले में शराब पीने वालों की जांच की गयी। अभियान में 175 स्थानों पर चेकिंग की गयी।

इस दौरान 1895 वाहनों में सवार 3026 लोगों की जांच की गयी। इसमें नशे में मिले 146 पर धारा 34 और 286 वाहन चालकों पर एमवी एक्ट की कार्रवाई की गयी। जबकि 2 वाहनों को सीज और 6 लोगों का 151 में चालान किया गया। सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर उपद्रव करने वाले तीन व्यक्तियों के खिलाफ धारा 290 के अंतर्गत कार्रवाई की गयी।

## एक नजर

### दिव्यांग अभ्यर्थी अब करेंगे भूख हड़ताल

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिव्यांग अभ्यर्थी नियुक्ति की मांग को लेकर पिछले 46 दिन से इको गार्डेन में धरना दे रहें है। इतने दिन धरना देने के बाद भी नियुक्ति न होने पर अभ्यर्थी अब भूख हड़ताल करेंगे। अभ्यर्थियों का कहना है कि राजस्व लेखपाल परीक्षा 2021 में ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय सभी दिव्यांग ओएच श्रेणी की उपश्रेणी पूर्णता उल्लेखित था और उप श्रेणियों का चयन पा रहे थे। अभ्यर्थियों द्वारा पीईटी परीक्षा, लेखपाल परीक्षा और डीवी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बावजूद अभ्यर्थियों का चयन अभी तक नहीं हुआ। चयन न होने की वजह से अभ्यर्थियों का भविष्य अंधकार में है। अभ्यर्थियों को कई बार सरकार के प्रतिनिधियों द्वारा आश्वासन दिया गया लेकिन नियुक्ति नहीं की गई। जिसको लेकर अब अभ्यर्थी भूख हड़ताल करने को विवश है।

### अतिक्रमण हटाकर ठेले और काउंटर किए जब्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने शनिवार को अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया। शहीद पथ से लेकर अर्जुनगंज और मरी माता मंदिर तक मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाकर ठेले और काउंटर जब्त किए। गोमती नगर में इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान विभूतिखंड, समतामूलक चौराहा और चटोरी गली तक अवैध वेंडर हटाए गए। नगर निगम की प्रवर्तन टीम ने 1090 चौराहे से लोहिया पार्क, रिवर फ्रंट के चारों ओर, प्लासियो मॉल से गोमती नगर विस्तार में मातृ शिशु अस्पताल और पुलिस मुख्यालय के आस-पास अभियान चलाकर ठेले, काउंटर, गैस सिलेंडर सहित एक ट्रक सामान जब्त किया। जोनल अधिकारी जोन 4 संजय यादव के नेतृत्व में चलाये गए अभियान में कर अधीक्षक विजय शंकर, राजस्व निरीक्षक इमरान खान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा नगर निगम के प्रचार विभाग की टीम ने लोहिया पथ से लेकर इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, अर्जुनगंज, एयरपोर्ट, शहीद पथ पर अभियान चलाकर अवैध यूनिपोल और होर्डिंग उतारे।

# बिजली चोरी पकड़ने गई लेसा टीम पर हमला, एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चेकिंग अभियान के दौरान बकायेदारों को हिदायत देने गई थी लेसा टीम
- सआदतगंज कोतवाली पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट



**अमृत विचार :** सआदतगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत वजीरबाग चेकिंग अभियान के दौरान बकायेदारों को हिदायत देने गई लेसा टीम पर दबंगों ने हमला कर दिया। विरोध करने पर आरोपी टीम को धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। हालांकि, संविदाकर्मी की लिखित शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार के मुताबिक, नूरबाड़ी उपकेंद्र के संविदाकर्मी रामकुमार ने मोहल्ला वजीरबाग के सलीम, शारिक और एजाज के खिलाफ लेसा टीम पर हमला करने और सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि बुधवार दोपहर वह टीम के संग बिजली चोरी पकड़ने एवं बड़े बकायेदारों को अल्टीमेटम देने वजीरबाग गए थे। इसी बीच आरोपियों लेसा टीम से बदसलूकी करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने टीम पर हमला कर दिया। हालांकि, पीड़ित ने मोबाइल से वीडियो बनाने का भी प्रयास किया तब दबंगों ने उनका मोबाइल तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं मे एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आरोपी फरार हैं।

### छात्रा और ई-रिक्शा चालक ने की खुदकुशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मदेयगंज प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, खदरा शिवनगर मोहल्ला निवासी पूजा कश्यप बीए प्रथम वर्ष की छात्रा थी। शनिवार को पूजा का शव कमरे में पंखे के कुंडे से फंदे के सहारे लटका मिला। प्रथम दृष्टया में बीमारी से परेशान होकर छात्रा ने आत्मघाती कदम उठाया है। पिता भरत कश्यप चाय की दुकान चलाते हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मड़ियांव के दाउदनगर निवासी शिवाकांत शुक्ला शुक्रवार रात नशे की हालत में घर आया था। कुछ देर बाद कमरे में जाकर उसने दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे बाहर से आवाज दी लेकिन भीतर से जबाव नहीं मिला। किसी अनहोनी की आशंका पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ तो शिवाकांत का शव पंखे के कुंडे से रस्सी के फंदे के सहारे लटकता मिला। आनन-फानन में फंदे से उतारकर उन्हें अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।



राजभवन परिसर में तीन दिवसीय शाक भाजी पुष्प प्रदर्शनी में सजी झांकी के समक्ष सेल्फी लेतीं युवतियां। अमृत विचार

# एयरपोर्ट पर बने एरो ब्रिज और पार्किंग वे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे पर दो नए एरो ब्रिज और चार पार्किंग वे बनाए गए हैं। नए एरो ब्रिज का सबसे अधिक लाभ यात्रियों को मिलेगा। यात्री अब सीधे अपने क्राफ्ट में चले जाएंगे।

चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे का विस्तार किया जा रहा है। इसी क्रम में पहले छह एरो ब्रिज थे और 14 पार्किंग वे थे। एरो वे बनने से यात्रियों को यह लाभ होगा कि टर्मिनल से सीधे एयर क्राफ्ट में चले जाएंगे। अभी तक सीढ़ी लगाने के बाद उनका उतारा जाता है। कई बार बारिश होने पर यात्रियों को भीगतने हुए एयरक्राफ्ट तक जाना पड़ता था। अभी तक विमानों की पार्किंग दाहिने-बाएं करके खड़े करा दिए जाते थे। पार्किंग एरिया 14 से बढ़कर 18 होने पर पार्किंग सुविधा भी बढ़ेगी। जिससे चार्टर्ड विमान आदि को पार्क करने में सुविधा होगी। इनको एक क्रम के अनुसार पार्क कराया जा सकेगा। सूत्रों के अनुसार, एयरपोर्ट में विस्तार का काम लगातार चल रहा है। जुलाई में एक नया टर्मिनल भी शुरू होने की उम्मीद है।

# फंदे से लटका मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, लखनऊ/काकोरी

- मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में की शिकायत

**अमृत विचार :** पारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत बुद्धेश्वर बजरंग विहार कॉलोनी में शनिवार सुबह सीमा (23) का शव घर में फंदे से लटकता मिला। किराएदारों ने महिला को फंदे से लटकता देख फौरन पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मायके वालों को जानकारी देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि, मौजूद लोग महिला की हत्या कर शव को फंदे से लटकाए जाने की आशंका जता रहे हैं।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश वर्मा के मुताबिक, मूलरूप से उन्नाव जनपद के हसनगंज बभना खेड़ा निवासी सीमा की शादी फरवरी 2023 में सतीश से हुई थी। वह पति के संग बजरंग विहार कॉलोनी में किराए के मकान में रहकर मजदूरी करता था। सतीश ने बताया कि शनिवार सुबह वह काम पर चला गया। तभी किराएदारों ने सूचना दी कि सीमा ने घर में फंदा लगा लिया। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने महिला को फंदे से उतार नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सीमा को मृत घोषित कर दिया। मौजूद लोगों ने बताया कि महिला के दोनों पैर फर्श पर थे। आशंका जताई गई कि सीमा की हत्या कर शव को फंदे से लटका दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के मायके वाले तहरीर देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

# दो उड़ानें रद, आधा दर्जन विलंब से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7741 को रद कर दिया गया

**अमृत विचार :** मौसम में बदलाव के कारण दो उड़ानें रद कर दी गईं, जबकि आधा दर्जन से अधिक विलंब से रहीं। वाराणसी से लखनऊ आने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7739 और लखनऊ से वाराणसी जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 7741 को रद कर दिया गया।

दुबई से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या आईएक्स 194, रियाद से लखनऊ आने वाली फ्लाईनाश एयरलाइंस की उड़ान संख्या एक्सवाई 333 और दिल्ली से लखनऊ आने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 431 विलंब से पहुंची। दूसरी ओर लखनऊ से रियाद जाने वाली फ्लाई नास एयरलाइंस की उड़ान संख्या एक्सवाई 334, लखनऊ से गोरखपुर जाने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या 9आई 810, लखनऊ से मुंबई जाने वाली एयर इंडिया एयरलाइंस की उड़ान संख्या एआई 626, लखनऊ से दिल्ली जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 2243 और लखनऊ से चेन्नई जाने वाली इंडिगो एयरलाइंस की उड़ान संख्या 6ई 518 ने विलंब से उड़ान भरी।

# बोर्ड परीक्षाओं को लेकर सजग नजर आए विद्यार्थी

## यूपी बोर्ड

- कोई सुबह 4 बजे उठ रहा तो कोई कर रहा पांच से छह घंटे तक पढ़ाई
- बच्चों की हौसला अफजाई में अभिभावक भी पीछे नहीं, तैयारी करवाने में जुटे

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की परीक्षा 22 फरवरी से होनी है। परीक्षा को लेकर विद्यार्थी तैयारियों में जुट गए हैं। बच्चों के साथ ही अभिभावकों की भी परीक्षा शुरू हो गई। किसी के पिता तो किसी की मां बच्चों की पढ़ाई की तैयारी करवा रही हैं। तो वहीं कुछ बच्चे ऐसे भी हैं जो अपनी परीक्षा की तैयारी के साथ ही घर के कामों में भी हाथ बंटा रहे हैं। फिलहाल सभी माता पिता अपने बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाने की कोशिशों में लगे हैं।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

**तनाव के चलते पेट खराब होना आम समस्या: चिकित्सा अधीक्षक-** टुड़ियागंज स्थित आयुर्वेद चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. धर्मेन्द्र का कहना है कि तनाव के चलते पेट खराब होना आम समस्या है ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि बच्चों को सुपाच्य भोजन दें और उनमें समय से भोजन करने की आदत विकसित करें। परीक्षार्थी जंक फूड से दूरी बनाकर रखें तो बेहतर होगा।

**45 मिनट की पढ़ाई पर ले पांच मिनट का ब्रेक-** केजीएमयू के मनोचिकित्सक डॉ. आदर्श त्रिपाठी का कहना है कि कोई भी कार्य करते समय दो बार हमारा पूरा फोकस कार्य पर ज्यादा होता है। पहला जब कार्य शुरू कर रहे होते हैं और दूसरा जब कार्य समाप्त कर रहे होते हैं। यही नियम पढ़ाई में भी लागू होता है। जब बच्चे पढ़ने बैठते हैं तो उनका फोकस पढ़ाई पर होता है, लेकिन बाद में धीरे-धीरे वह फोकस कम होता जाता है। ऐसे में छात्र को चाहिए की वह 45 मिनट की पढ़ाई करें और उसके बाद केवल 5 मिनट का ब्रेक लें। इस दौरान बॉडी को स्ट्रेच करें, खूली हवा में सांस ले। कुछ कदम टहल भी सकते हैं। पांच मिनट बाद फिर से पढ़ाई में जुट जायें।

## अभिभावकों से बातचीत



मेरी बेटी काजल यादव लालबाग गर्ल्स स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा है, वह सुबह साढ़े चार बजे उठ जाती है और चार से पांच घंटे रोज पढ़ाई करती है। उसकी कोशिश है कि हर विषय में कम से कम 80 प्रतिशत अंक जरूर प्राप्त कर सके। मुझे अपनी बेटी पर गर्व है। - संदीप यादव



मेरी बेटी अंकिता तिवारी लालबाग गर्ल्स स्कूल में कक्षा 10 में पढ़ती है, वह अपनी पढ़ाईको लेकर काफी सजग है। वह पढ़ाई के साथ ही घर कामों में भी हाथ बंटाती है। वह कहती है कि मुझे पढ़कर अपने पापा का नाम रोशन करना है। मुझे अपनी बेटी के पढ़ाई के प्रति समर्पण देखकर बहुत खुशी होती है। - रामऋषि तिवारी



मेरी बेटी महिमा प्रजापति लालबाग गर्ल्स इंटर कालेज की छात्रा है, इस बार उसका हाईस्कूल है। परीक्षा की तैयारी को लेकर वह बहुत मेहनत कर रही है। मुझको उम्मीद है कि वह कम से कम 85 प्रतिशत अंक जरूर लायेगी। वह सुबह 4 बजे उठकर पढ़ाई शुरू कर देती है और दिन में लगभग पांच छह घंटे पढ़ाई करती है। मेरी बेटी अपने उद्देश्य में सफल हो, मेरी यही मनोकामना है। - गौरीशंकर प्रजापति



बोर्ड परीक्षा पास आने के कारण बच्चों पर बहुत अधिक टेंशन है। मेरी बेटी एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स कालेज से इंटर की छात्रा है। वह सुबह 7 बजे से ही उठ कर पढ़ाई करती हूं ताकि इस बार बोर्ड परीक्षा 12 में अच्छे अंक ला सके। इस बार बोर्ड परीक्षा में कुछ बदलाव भी हैं ऐसा बेटी बता रही है। आज कल के समय में कंपीटीशन बहुत हो गया हैं जिसके कारण बच्चों पर ज्यादा दबाव है। मेरी कोशिश है मैं अपनी बेटी की ज्यादा से ज्यादा मदद कर सकूं। - मंजू उपाध्याय

## क्या कहते हैं अध्यापक

### टाइम-टेबल बनाएं



सबसे पहले हमें एक अच्छी प्लानिंग और टाइम-टेबल बनाने की जरूरत है। टाइम-टेबल हमेशा अपने पढ़ाई के सिलेबस और खाने-पीने के रूटीन के मुताबिक ही बनाना चाहिए। टाइम-टेबल को हमेशा आसान बनाएं ताकि आप इसे आसानी से हैंडल कर सकें। दिनचर्या क्रम का नियमित अनुसरण करना और उसे कंटिन्यू करना बेहद जरूरी है।

-डॉ. मीता श्रीवास्तव, प्रवक्ता, हनुमान प्रसाद रस्तोगी गर्ल्स इंटर कॉलेज, सुभाष मार्ग, लखनऊ

### छोटे-छोटे नोट्स बनाएं



परीक्षा की तैयारी के लिए छात्र सभी किताबें खरीद लेते हैं। ऐसे में कंफ्यूजन होता है कि कौन सा सब्जेक्ट पहले चुनें। उसके लिए सबसे पहले जो विषय ज्यादा कठिन लगता है उसकी किताब लें और उसके छोटे-छोटे नोट्स तैयार करें। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की पढ़ने को लेकर हड़बड़ी न करें और शांत मन से रिवाइज्ड करें। जीवन में अनुशासित रहें। पढ़ाई की आदत डालें और अनुशासन के साथ टाइम-टेबल के अनुसार पढ़ाई करें। पढ़ाई को बोझ न बनाएं। इसलिए पढ़ाई को हंसी-मजाक के साथ करें। छात्र 50 मिनट पढ़ने के बाद 10 मिनट का ब्रेक ले सकते हैं।

- अनीता शर्मा, प्रवक्ता, नवयुग कन्या विद्यालय इंटर कॉलेज, राजेन्द्रनगर लखनऊ

### सोशल मीडिया और गेम्स की लत से बचें



सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर और ऑनलाइन गेमिंग आदि जैसे टाइम खपाने वाले प्रलोभनों से दूर रहें। जो छात्रों के लिए भ्रमित करने वाला हो सकता है। बेड पर पढ़ने की बजाय टेबल कुर्सी पर बैठकर पढ़ाई करें। आप पुस्तकालय में भी अध्ययन कर सकते हैं। इससे आपका ध्यान पढ़ाई पर बना रहेगा और इसका फायदा मिलेगा।

-मंजू चौधरी, नवयुग कन्या, महाविद्यालय

# तमंचे के बल पर इंटरमीडिएट के छात्र को किया अगवा, की पिटाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अर्धनिर्मित मकान में छात्र को बेरहमी से पीटा
- मामले की गहनता से जांच में जुटी गुडम्बा पुलिस

**अमृत विचार :** गुडम्बा क्षेत्र अंतर्गत दबंगों ने तमंचे के बल पर इंटरमीडिएट के छात्र को अगवा कर लिया। इसके बाद दबंग उसे अर्धनिर्मित मकान में लेकर पहुंचे और कमरे में बंधक बनाकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसके बाद दबंग छात्र को मरणासन्न हालत में छोड़ घटनास्थल से भाग निकले।

बीकेटी थानाक्षेत्र के भगवतपुरवा निवासी रौनक रावत पैकरामऊ के निजी स्कूल में इंटरमीडिएट का छात्र हैं। वह पढ़ाई करने के साथ ही पैकरामऊ में एक केमिस्ट शॉप पर नौकरी भी करता है। लिखित शिकायत में छात्र ने बताया कि गुरुवार उसके विद्यालय में छात्रों की विदाई समारोह का कार्यक्रम था। वह कार्यक्रम में शामिल होकर शाम को केमिस्ट शॉप पर चला गया। आरोप है कि कुछ देर बात परिचित एनु ने उसे फोनकर बात करने के लिए बुलाया। वह कॉलेज की मोड़ पर पहुंचा तभी ऐनु दोस्त अब्दुल्ला समेत सात लोगों को लेकर पहुंचा। आरोप है कि दबंगों ने उसे अकेला पाते ही लात-घूंसो से पिटाई कर दी। फिर उस पर तमंचा तानकर जबरन स्कूटी पर बैठा लिया। उसके बाद दबंग छात्र को अर्ध निर्मित मकान में लेकर पहुंचा। जहां उसे एक कमरे में बंधक बना बुरी तरह से पीटा। छात्र की चीख सुनकर राहगीरों ने मेडिकल स्टोर के मालिक अजय को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंचे स्टोर मालिक ने छात्र को बचाया। प्रभारी निरीक्षक नितीश श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर दबंगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

## शिक्षिका का अनूठा प्रयास, गाने पर थिरक रहे नौनिहाल

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों को लेकर अभिभावक अब आकर्षित होने लगे हैं। वजह, बीएसए की प्रेरणा से शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हर दिए नए तरीके से पढ़ाने को लेकर किए जा रहे प्रयोग का होना है। कुछ दिन पहले प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक का रामधुन पर बच्चों को डांस कराते वीडियो वायरल हुआ था। ऐसा ही वीडियो एक बार फिर वायरल हुआ है। यह वीडियो डलमऊ तहसील के एक प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत महिला शिक्षिका का है।

### पेड़ से टकराई बाइक, चालक की मौत, दूसरा घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर गांव के पास तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई, जिसमें चालक की मौत हो गई, जबकि युवक की हालत गंभीर होने पर जगतपुर सीएससी में भर्ती कराया गया। शनिवार को शंकरपुर गांव के रहने वाले महेंद्र कुमार पुत्र हीरालाल बाइक से अपने एक साथी को लेकर अपने घर जगतपुर की तरफ से आ रहे थे। तभी उनकी बाइक गांव के पास ही एक पेड़ से अनियंत्रित होकर टकरा गई, जिसमें बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठा दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा घायल को जगतपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां पर उसका उपचार किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। थानेदार बबिता पटेल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई है। दूसरा घायल है, जिसका उपचार चल रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा जाएगा

### फरार बंदी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायबरेली।** एक साल से से जिला कारागार में एनडीपीएस एक्ट के तहत निरुद्ध बंदी शुक्रवार को दीवानी कचहरी से उस समय पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। उसे जब पेशी के लिए कचहरी लाया गया था। कचहरी से बंदी के फरार होने की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन में हड़कंप मचा रहा। बंदी को पकड़ने के लिए पुलिस ने दबिश देनी शुरू कर दी। शनिवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अमेठी जनपद के फुरसतगंज थाना क्षेत्र के गुलाब शाह का पुरवा निवासी नदीम पुत्र शाकिर शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था को धता बता फरार हो गया था। नदीम एक साल साल से जिला कारागार में एनडीपीएस एक्ट के तहत जिला जेल में बन्द है। उसे पेशी पर न्यायालय लाया गया था। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि बंदी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# मवेशियों से लदे वाहन को एएसपी व एडीएम ने रोका

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** संदिग्ध परिस्थितियों में मवेशियों को ठूंस-ठूंस कर ले जा रही एक पिकप को एडिशनल एसपी नवीन सिंह और एडीएम प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी ने सलोन बाजार में रोक लिया। इसके बाद वाहन चालक द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर गोवंशो को गौशाला भेज दिया। वहीं पशु चिकित्सक ने पुलिस की कार्यवाही को गलत बताते हुए कहा कि शिकायत के आधार पर सभी गोवंशों को गौशाला भेजी जा रही थी। शायद क्षमता से अधिक मवेशी रखने पर कार्रवाई की गई हो।

शनिवार को एडिशनल एसपी और एडीएम सलोन क्षेत्र में थे। इसी दौरान कस्बे के सबसे व्यस्ततम बाजार से एक पिकप पर लगभग आधा दर्जन गोवंश बेतरतीब तरीके से लदे हुए दिखाई दिया। दोनों अधिकारियों बाजार में ही गाड़ी को रोकवाकर मवेशियों के बारे में जानकारी मांगी। लेकिन गाड़ी और सवार युवकों द्वारा कोई संतोष जनक उत्तर नही दिया गया। इसके बाद एडिशनल एसपी ने फटकार लगाते हुए सलोन पुलिस को बुलाकर गोवंशों को गौशाला भेजने के निर्देश दे दिए। जांच के दौरान पता चला कि गोवंशों को पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा गौशाला भेजी जा रही थी। इस संबंध में पशु चिकित्सक सूची मनोज कुमार का कहना है कि तहसील समाधान दिवस में गोवंशों को लेकर ग्रामीणों ने काफी शिकायते दर्ज कराई थी। आदेश के अनुसार मवेशियों को गौशाला भेजा जा रहा है। एसडीएम आशुतोष राय ने बताया की गोवंशों को गौशाला भेजा जा रहा था। हालाकि मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया की जिस तरह से गोवंशों को पिकप पर लादा गया था, उससे मवेशियों की जान भी जा सकती थी। इस तरह का प्रकरण पशु क्रूरता में आता है।



पिकप पर बेतरतीब ढंग से लदे गोवंश। अमृत विचार

### सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर बच्चों ने किया मंत्रमुग्ध

**सरेनी, रायबरेली, अमृत विचार।** सरस्वती बाल मंदिर इंटर कालेज लखनापुर में शुभकामना अर्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान बच्चों के साथ वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। सभी ने कार्यक्रम की खूब प्रशंसा की। प्रबंधक राकेश त्रिवेदी ने कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले यही पहली प्राथमिकता है। क्षेत्रीय प्रबंधक अरविंद मिश्र ने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और समर्पण भाव का नतीजा है कि हर साल हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम बेहतर आता है। प्रधानाचार्य कालीकिशोर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए अच्छे अंक के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर आचार्य रमेश, दिनेश, अकबाल, सुशील, अभिषेक, हितेश, अजय, रंजीत, विवेक दत्त, अभिषेक निगम, सुरेशवीर, विष्णुकांत, मननूलाल, प्रशांत, सीता, पूनम, आंचल, शिमला आदि मौजूद रहे।

# चिकित्सकों ने सेहतमंद होने व बेहतर इलाज के दिए टिप्स

संवाददाता, रायबरेली




कार्यक्रम का उद्घाटन करते आईएमए अध्यक्ष व अन्य चिकित्सक।

**अमृत विचार :** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से वार्षिक मेडिकल कॉन्फ्रेंस 7वी रीमाकान का आयोजन रिसॉर्ट किया गया। कॉन्फ्रेंस में विभिन्न चिकित्सा विषयों पर सत्र आयोजित किए गए और इन सत्रों में देश भर के जाने-माने चिकित्सकों ने व्याख्यान दिया। साथ सेहत का राज बताते हुए जिले के डॉक्टरों को नवीनतम चिकित्सा ज्ञान और तकनीकों से अवगत कराया।

मुख्य अतिथि केजीएमयू के सर्जरी विभाग के डॉ. संदीप कुमार ने अच्छे इलाज के नायाब नुस्खे के बारे में बताया। चंदन हॉस्पिटल के डॉ. एके सिंह ने इंहेलर के सही उपयोग के बारे में बात की। डॉ. विजयलक्ष्मी भाटिया (डिपार्टमेंट ऑफ़ एंडॉक्रिनलॉजी, एसजीपीजीआई लखनऊ) ने ग्रोथ में बच्चो की लम्बाई न बढ़ने के उपचार के बारे में बताया।

डॉ. अजय कुमार क्रिटिकल केयर इंचार्ज अपोलो मेडिक्स हॉस्पिटल लखनऊ ने सेप्टिक शॉक के प्रशिक्षित के बारे में नवीनतम अपडेट साझा किया। विवेकानंद हॉस्पिटल के डा. अर्पित गुप्ता ने किडनी रोग से संबंधित, डॉक्टर अरुण कुमार पांडे (एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, लखनऊ) ने प्रेगनेंसी के दौरान होने वाली डायबिटीज के बारे में चर्चा की। आईएमए अध्यक्ष डॉ ब्रजेश सिंह और आयोजन सचिव डॉ डीआर मौर्य ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में डॉ केपी वर्मा, डॉ राजेश गुप्ता, आईएमए सचिव डॉ. ओमिका चौहान, डॉ. मनीष चौहान, डॉ अमित राज शर्मा, डॉ मनोज, मल्होत्रा, डॉ विपिन गुप्ता, डा. केएस सिंह, डा. एके मेहरोत्रा, डा. अरविंद गुप्ता, कोषाध्यक्ष डा.सीबी सिंह आदि मौजूद रहे

## एक नजर

### अभिनेता पंकज धीर ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या कार्यालय।** धारावाहिक महाभारत में कर्ण की भूमिका निभाने वाले अभिनेता पंकज धीर शनिवार यहां रामलला का दर्शन-पूजन किया। उन्होंने हनुमानगढ़ी पहुंचे हनुमंतलला के दरबार में हाजिरी लगाई और आशीर्वाद लिया। अभिनेता पंकज धीर ने कहा कि अयोध्या आकर अभिभूत हूं। पहली बार यहां आया हूं। जितना सोचा था, अयोध्या का वैभव उससे अधिक दिख रहा है। रामलला का आशीर्वाद लेकर मुंबई जा रहा हूं। कहा किसी फिल्म की शूटिंग करने का मौका अयोध्या में मिला तो जरूर आऊंगा।

### लेखपाल की तहरीर पर नौ के खिलाफ मुकदमा

**रामनगर, बाराबंकी।** तालाब की भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहे नौ लोगों पर लेखपाल ने स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। थाना रामनगर के ग्राम तारापुर गुमान में स्थित तालाब की भूमि पर गांव के ही विनोद, प्रमोद, ममता, राम लखन, सतीराम, राम प्रकाश, धर्मराज, पप्पू, छेदू के द्वारा पिछले पांच वर्षों से अवैध तरीके से कब्जा करके फसल बोने का काम किया जा रहा था। हल्का लेखपाल बृजेश कुमार ने थाने पर दी गई तहरीर में कहा है कि उक्त भूमि जो कि तालाब के नाम दर्ज है। उपरोक्त जमीन पर नौ लोगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर सरसों में गेहूं की फसल 5 वर्षों से बोई जा रही है। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालो के विरुद्ध दर्ज कराए गए मुकदमे से क्षेत्र के दबंग भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया है।

### मारपीट के चार दोषियों को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार।** न्यायालय ने शनिवार को मारपीट के आरोप में दोषी पाए गए चार लोगों को 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सभी अभियुक्तों को 3-3 हजार रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया है। दरियाबाद थाने में वर्ष 2013 में मारपीट का एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसमें प्रधान रावत पुत्र छोटी रावत, हरिकेश पुत्र प्रधान, सुखराम उर्फ खोखली पुत्र प्रधान तथा लालजी पुत्र प्रधान निवासी ग्राम पेमई का पुरवा मजरे सैदखानपुर थाना दरियाबाद को नामजद किया गया था। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अभियुक्तों को 3-3 वर्ष का सश्रम कारावास व 3-3 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# पहली बार रामलला ने 50 मिनट तक किया विश्राम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भव्य मंदिर में अपने आराध्य को निहारने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु का हुजूम उमड़ रहा है। प्रतिदिन करीब दो लाख श्रद्धालु रामलला का दर्शन-पूजन कर रहे हैं। रामलला को विश्राम देने के लिए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट ने दर्शन अवधि अब बदलाव किया है। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद शनिवार को पहली बार रामलला ने 50 विश्राम किया है। शनिवार को दोपहर 12 बजे से एक बजे के बीच आरती भोग लगने के बाद मंदिर के गर्भगृह का कपाट बंद कर दिया गया। इस दौरान रामलला ने विश्राम किया।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि शनिवार का दोपहर 12 बजे की आरती के बाद मंदिर का पट बंद कर दिया गया जाएगा। इस दौरान करीब 50 मिनट तक रामलला को विश्राम कराया गया। मंदिर का कपाट एक बजे के करीब फिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिया गया। बता दें कि प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालु का रेला उमड़ा तो मंदिर को सुबह सात बजे से रात 10 बजे तक खोलना पड़ा। उसके बाद रामलला को दोपहर में विश्राम नहीं कराया जा रहा था।

**पूजित गंगा जल से रामलला की रजत प्रतिमा का किया गया अभिषेक:** प्राण प्रतिष्ठा के बाद से राम मंदिर में चल रहे 45 दिवसीय मंडपोत्सव में शनिवार को भीष्माष्टमी पर पूजित गंगाजल से रामलला की उत्सव मूर्ति का अभिषेक किया गया। माघ शुक्ल अष्टमी को राममंदिर के ट्रस्टी जगद्गुरु विश्वप्रसन्न तीर्थ ने प्रमोदवन स्थित अपने आश्रम में गंगाजल से युक्त कलश की विधिविधान पूजा-अर्चना की। इसके बाद पैदल कलश लेकर रामजन्मभूमि परिसर पहुंचे।



रामपथ से पूजित गंगा जल लेकर पहुंचे राम मंदिर के ट्रस्टी विश्व प्रसन्न तीर्थ। अमृत विचार

### प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 25 दिनों में एक करोड़ का कारोबार

**अयोध्या, अमृत विचार।** भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होते ही रामनगरी के सैकड़ों परिवारों को रोजगार से नए अवसर मिले हैं। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 23 जनवरी से अब तक महज 25 दिनों में यहां के व्यापारी एक करोड़ से अधिक का कारोबार कर चुके हैं। थोक कारोबारी अश्वनी गुप्ता ने का कहना है कि सबसे अधिक खरीदारी रामलला की तस्वीर की हो रही है। उनका कहना है कि रामलला की तस्वीर को लेकर हर दिन लगभग 1000 रुपये की तस्वीर की बिक्री हो रही है। इसके अलावा चाभी का छल्ला, स्टैन्डी, स्टिकर, बिल्ले, झंडा, टी-शर्ट, मूर्ति छपी हुई फाइबर प्लेट और अन्य सामान भी शामिल हैं।



### रामलला के समक्ष हेमा मालिनी ने दी भरतनाट्यम की प्रस्तुति

**अयोध्या कार्यालय।** प्रख्यात अभिनेत्री और मथुरा की सांसद हेमा मालिनी ने शनिवार को रामलला के समक्ष भरतनाट्यम की विभिन्न प्रस्तुतियों से अपनी श्रद्धा निवेदित की। श्रीराम जन्मभूमि परिसर में चल रहे रागोत्सव में पहुंची हेमा मालिनी ने अपनी प्रस्तुतियों का शुभारंभ श्रीराम की स्तुति से किया। करीब 40 मिनट की प्रस्तुति में भाव भंगिमाओं से उन्होंने भरतनाट्यम से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने प्रस्तुति की शुरूआत श्रीराम की स्तुति श्री रामचंद्र कृपालु भज मन हरण भव भय दारूणम्...से की। वहीं इसके बाद रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम...की प्रस्तुति दी।

### बिजली विभाग की टीम पर हमला

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** विद्युत कनेक्शन एवं बकाया बिल की जांच करने गांव पहुंची विद्युत कर्मचारियों की टीम पर एक व्यक्ति ने अपने परिवार के साथ हमला कर दिया। दोनों पक्षों की शिकायत पर बदोसराय पुलिस जांच में जुटी है।

मामला कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के ग्राम मरौचा का है। शनिवार को विद्युत सबस्टेशन कोटवाधाम से पावर कारपोरेशन के अवर अभियंता नींबूलाल मीटर रीडर शिवम् मिश्रा व लाईन मैन अनुज कुमार के साथ मरौचा गांव में चेकिंग अभियान चला रहे थे।



गोरखपुर में 68वें रेल सप्ताह समारोह के आयोजन पर महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी सीपी चौहान को उनके सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया। **अमृत विचार**

### गृहमंत्री के मामले में सुनवाई टली

**संवाददाता, सुलतानपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने 2 मार्च की तारीख नियत की है।

एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान बीती पेशी पर दर्ज किया गया था। कोर्ट में शनिवार को परिवादी के अन्य गवाह का बयान होना था। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था।

## पैसों के लेन-देन में युवक पर चाकू से हमला, मौत

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बा में शनिवार को दिनदहाड़े एक युवक के ऊपर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर मरणासन्न कर दिया गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे उसके परिजनों ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल पर मामले की जांच पड़ताल की।

कस्बे के मोहल्ला हुसैनिया निवासी प्रशांत कुमार वर्मा उर्फ आकाश (23) शनिवार सुबह अपने मित्र रोहित के साथ में कस्बे के सर्वाधिक संवेदनशील मोहल्ला साजन तालाब के पास बैठा था। तभी उसी मोहल्ले का एजाज उर्फ इज्जु अपने हाथ में डंडा लेकर वहां आया और आकाश से पैसा मांगने लगा, लेकिन आकाश ने उसकी बात अनसुनी कर दी। जिस पर एजाज ने आकाश के ऊपर डंडे बरसाने शुरू कर दिए। यह देख आकाश ने डंडा पकड़ लिया लेकिन इसी बीच एजाज ने चाकू निकाल लिया और आकाश के सीने पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर उसे मरणासन्न कर दिया। उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे उसके परिजनों व पड़ोसियों ने लहूलुहान हालत में पड़े आकाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## जिले में व्यापारी महासम्मेलन तीन को

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी जिला इनकी द्वारा मार्च माह में जिले में एक बहुत बड़ा व्यापारी महासम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। जिसके सम्बंध में भाजपा जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में योजना बैठक की गयी।

बैठक में मुख्य तिथि के रूप में व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अनूप गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ पुरुषोत्तम पूरी, विधायक रामफेरन पाण्डेय, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद गुप्ता उपस्थित रहे। योजना बैठक में मुख्य तिथि के रूप में उपस्थित व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक अनूप गुप्ता ने कहा कि जिले के छोटे से लेकर बड़े व्यापारियों को एक मंच पर लाया जाएगा जिसमें उनकी कठिनाइयों की जानकारी तथा सुझाव भी पूछे जाएंगे। व्यापार प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक पुरषोत्तम पुरी ने कहाकि भाजपा सदैव व्यापारी वर्ग के हितों की चिंता करते हुए उन्हें व्यापार क्षेत्र में कई सुविधाए उपलब्ध कराती है इसीलिए आज देश के व्यापार का ग्राफ बढ़ा है। व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अरविंद गुप्ता ने कहा कि व्यापारी अपने आपको भाजपा शासनकाल में सुरक्षित महसूस करता है क्योंकि भाजपा के आने के बाद से बिचौलियों, कमिश्खोरी, भ्रष्टाचार मुक्त, भयमुक्त और गुंडाराज समाप्त करके व्यापार के लिए सुरक्षित वातावरण दिया है। विधायक श्रावस्ती राम फेरन पाण्डेय द्वारा व्यापारी सम्मेलन को सफल बनाने हेतु अपने सुझाव दिए। योजना बैठक में दिवाकर शुक्ला, रमन सिंह, सुभाष सत्या, अरुण पाण्डेय, दिलीप कुमार गुप्ता, कृष्ण कुमार गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



बैठक में मौजूद विशिष्टजन। अमृत विचार

# पांचाल से निकाला गया ब्रह्म सत्संग का मंत्र

## पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन को रिटायर्ड आईजी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने किया संबोधित

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** पांचाल प्रभा हरण ने ब्रह्म सत्संग का मंत्र इसी पांचाल से निकाला था। आज इसकी ब्रांडिंग किए जाने की आवश्यकता है। यह बात मेला राम नगरिया में आयोजित पांचाल शोध एवं विकास समिति के सम्मेलन में पूर्व पुलिस महानिरीक्षक इतिहासविद शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कही। पूर्व आईजी ने कहा कि जितना वैभवशाली इतिहास फर्रुखाबाद का है, उतना किसी अन्य जनपद का नहीं सुना। इतिहास शोध और सीखने का विषय है। सीखकर आगे बढ़ने का माध्यम है। दुनिया के साथ चलने के लिए अपनी सोच को वैज्ञानिक करना पड़ेगा। कैंची धाम के बाबा नीब करौरी का मुख्य स्थान फर्रुखाबाद है। सबसे मृदु भाषा से बोलना ही पर्यटन का आधार है। उन्होंने मुगल आक्रांताओं का इतिहास भी दोहराया। संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त सचिव भूपेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्राचीन गौरव को स्थापित करने के लिए संस्था निरंतर कार्यरत है। सम्मेलन में संस्था प्रमुख सुरेंद्र सिंह सोमवंशी ने कहा कि फर्रुखाबाद सभी धर्म के अनुयायियों की आस्था का केंद्र हैं। उन्होंने कपिल मुनि महाभारत और रामायण काल के अनेक स्थानों की विस्तृत जानकारी दी। श्वेता दुबे ने सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सहभागिता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि होटल प्रबंधन पर्यटन संस्थान बीआर विश्वविद्यालय, आगरा के निदेशक डॉ. लव कुश मिश्रा ने कहा कि हमें अपने इतिहास पर गर्व करते हुए सरकार के सामने तथ्यपूर्ण ढंग से मांगे रखनी हैं। जनपद का नाम बदलने से हम अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़ सकेंगे। आज हमें कोई भी कार्य अर्थव्यवस्था से जोड़कर करना होगा, जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण अयोध्या है। वहां छोटे-छोटे लोग अच्छी कमाई कर रहे हैं। भारत आज धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बन रहा है। इसे और अधिक बढ़ाना है। उन्होंने फर्रुखाबाद का नाम भीष्म पितामाह नगर करने का प्रस्ताव रखा। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने कहा कि फर्रुखाबाद अगर आज भी विकास से अछूता है। इसके लिए जनप्रतिनिधि जिम्मेदार हैं। ब्रह्मदत्त द्विवेदी की कमी आज खल रही है। वीरेंद्र सिंह राठौर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिले का नाम बदलवाने के लिए जिला पंचायत के माध्यम से प्रस्ताव भेजने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में कै. डीएस राठौर, प्रो. मुकेश राठौर, प्रो. जीत बहादुर सिंह, जितेंद्र सिंह राजावत, निहारिका पटेल, पंकज वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



सम्मेलन में बोलते मुख्य अतिथि पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह।

### अब तक तीन पुस्तकें लिख चुके हैं शैलेन्द्र

पूर्व आईजी शैलेन्द्र प्रताप सिंह अब तक तीन पुस्तकें बैस जाति पर लिख चुके हैं। उन्होंने कहा कि उनके पूर्वज हर्ष वर्धन कन्नौज के रहने वाले थे। वह देश-विदेश में घूम- घूम कर शोध कर रहे हैं। कम्पिल नगरी का गौरवशाली इतिहास रहा है। द्रोपदी का जन्म कम्पिल नगरी में ही हुआ था। महावीर स्वामी का पहला प्रवचन कम्पिल में हुआ। जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर स्वामी विमल नाथ का जन्म कम्पिल में ही हुआ था।

### पूर्व विधायक के मामले में गवाह तलब

**सुलतानपुर।** कादीपुर के पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा समेत अन्य आरोपियों के सड़क जामकर प्रदर्शन व पथराव के मामले में दर्ज केस में अभियोजन साक्षी को कोर्ट न्यायाधीश एकता वर्मा ने तलब किया है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 27 फरवरी की तारीख नियत की है।

लोक अभियोजक वैभव पांडेय के मुताबिक कादीपुर क्षेत्र के संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज के सामने 17 अक्टूबर 2002 को सड़क दुर्घटना में छात्रा पूनम श्रीवास्तव की मौत हो गई थी। आरोप है कि घटना से आक्रोशित पूर्व विधायक रामचंद्र चौधरी, अभिषेक सिंह राणा, सर्वेश सिंह , जितेन्द्र सिंह, लाल बहादुर, शिवभूषण सिंह, पंकज, बृजेश, विपिन, वेद प्रकाश समेत 14 लोगों ने कादीपुर कोतवाली में पहुंचकर बलवा, नारेबाजी, पथराव और लूटपाट की थी। तत्कालीन कोतवाल शिवराज सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था।


### वर्ग पहेली-346

**बाएं से दाएं**

3. अलग-अलग करने की अवस्था या भाव।
4. 1. अतिसार रोग 2. जलोदर।
5. हंस या बत्तख की जाति का एक पक्षी।
6. दादा या बाबा के पिता, परदादा।

**ऊपर से नीचे**

1. हिमालय, पर्वतराज, नगाधिपति।
2. एक प्रकार की कांटेदार झाड़ी।
4. 1. एक प्राचीन बाजा 2. युद्ध क्षेत्र में बजाया जाने वाला एक प्रकार का ढोल।
5. 1. अरब के मक्का शहर की वह चौकोर इमारत जिसकी नींव इब्राहीम के द्वारा रखी हुई मानी जाती है और उक्त इमारत को मुसलमान ईश्वर का घर मानते हैं; पवित्र तीर्थस्थल 2. उक्त जगह जहाँ मुसलमान लोग हज करने जाते हैं 3. चौकोर चीज़ 4. पासा।



### वर्ग पहेली - 345 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 रू | म | | 2 गे | | 3 लो |
| | | | र | | न |
| 4 अ | ति | दु | स | ह | |
| | | | र | | |
| 5 प | रो | प | का | र | |
| पु | | | री | | 6 चा |
| 7 पी | ना | | | | रा |

### सुडोकू-63

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | 3 | | | 8 | | 5 | |
| | | 2 | | | | | | 6 |
| | | | | | 1 | | 4 | |
| | 2 | 6 | | | 4 | | 9 | |
| 7 | | | | | | | | 8 |
| | 3 | | 2 | | | 7 | 1 | |
| 6 | | | 1 | | | 8 | | |
| 2 | | | | | | 4 | | |
| | 5 | | 6 | | | | | 1 |

### सुडोकू - 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 2 | 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 5 |
| 7 | 6 | 5 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 | 2 |
| 3 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 6 | 7 | 9 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 3 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 3 | 5 | 6 | 2 | 7 | 9 | 8 |
| 5 | 7 | 8 | 1 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 |
| 6 | 5 | 1 | 7 | 2 | 8 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 9 | 1 | 5 | 6 |
| 4 | 3 | 9 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 | 7 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 फरवरी, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 08 .15 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष:** आज आपको विपरीत लिंगी जातकों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं, इसीलिए नाप-तौल कर बातें करें। आपको अनावश्यक बातों पर आपको ध्यान नहीं देना चाहिए।

**वृष:** आज नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। अपने व्यक्तित्व को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। समाज में आपकी छवि निखरेगी।

**मिथुन:** आज आप थोड़ा सुस्त सा महसूस करेंगे। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा बिल्कुल न करें। पुराना कर्ज आपको बहुत ज्यादा परेशान करेगा। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। अपना चरित्र अच्छा रखें।

**कर्क:** आज नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में आपकी आय में वृद्धि होगी। प्रेम विवाह के लिए परिवार की सहमति मिल सकती है। अचल संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप भाग ले सकते हैं।

**सिंह:** आज रोग से पीड़ित लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। विरोधी आपसे क्षमा मांग सकते हैं। परिवार में आपका सम्मान बढ़ेगा। आप दूसरों की सहायता करने का काफी प्रयास करेंगे। सभी काम आराम से एवं धीमी गति से करेंगे।

**कन्या:** आज चंचलता पर नियंत्रण रखना आपके लिए बहुत जरूरी है। घरेलू वातावरण थोड़ा अशांत रहेगा। छोटी-छोटी बातों पर परिजनों के साथ उलझने से बचें। यदि आप झूठ बोलते हैं तो आपको समस्या होगी।

**तुला:** आज मुख में छाले आपको परेशान कर सकते हैं। कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक बातों में समय बर्बाद न करें। घर पर भी आपका मन नहीं लगेगा। भागदौड़ वाले कार्यों के कारण थोड़ा हताश महसूस करेंगे।

**वृश्चिक:** आज कार्यक्षेत्र में काम का दबाव घटने से आप प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी को आज आप कहीं घुमाने ले जा सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बड़ा व्यावसायिक अनुबंध हो सकता है। पिता का आशीर्वाद और मार्गदर्शन आपको प्राप्त होगा।


**धनु:** आज भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। उधार देने से आपको बचना चाहिए। अपनी छुपी हुई प्रतिभा को उभारने के लिये प्रयास करेंगे। कारोबार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

**मकर:** आज व्यापार में आपको नया प्रयोग करने से पहले ठीक तरह से जांच-पड़ताल कर लेना चाहिए। प्रेमी जन के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर बड़ा जोखिम न लें। संतान को लेकर आपको खर्च ज्यादा करना पड़ सकता है।

**कुंभ:** आज पुराने साथियों के साथ मुलाकात होगी। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। मानसिक तनाव के कारण आप परेशान होंगे। महत्वपूर्ण उपकरण या वाहन खराब हो सकता है।

**मीन:** आज शिक्षा के क्षेत्र में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। दोपहर के बाद आपको आर्थिक परेशानियों से राहत मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद समाप्त होंगे। कारोबार में बड़ा आर्थिक लाभ प्राप्त हो सकता है। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-रोहिणी 09 .23 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### आज की फिल्में

| | |
|---|---|
| दरार सुबह : 10 .00 | ए मैन कॉल्ड ओटो सुबह : 10 .10 |
| अनाड़ी रात : 07 .00 | 2012 रात : 09 .00 |
| चक दे इंडिया सुबह : 08 .37 | क्यों! हो गया न सुबह : 10 .30 |
| तारा वर्सेज बिलाल रात : 09 .40 | फ्लाइट रात : 07 .30 |
| | हम तुम्हारे हैं सनम सुबह : 11 .36 |
| | यह जवानी है दीवानी रात : 07 .00 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

15 साल का चिंटू अपने पापा के साथ एक होटल में गया।
पापा (वेटर से) - एक बियर और एक आइसक्रीम लाओ।
चिंटू- आइसक्रीम क्यों पापा, आप भी बियर लीजिए न
उसके बाद होटल से घर तक चिंटू की सुताई चालू रही।
ये देखकर होटल का वेटर जोर जोर से हंसने लगा।

पत्नी (पति से)- पूरा दिन क्रिकेट, क्रिकेट..!!
मैं घर छोड़ कर जा रही हूं...
पति- (कमेंटरी के अंदाज में)
पहली बार कदमों का बेहतरीन इस्तेमाल।

# पुस्तक समाज: एक नया और जीवंत समाज

शब्दों की भीड़। दशों दिशाओं से हमारी ओर आते गतिशील शब्द। पूरब से आते शब्द पश्चिम से आते शब्दों से टकराते हैं, मिलते हैं। इसी तरह उत्तर दक्षिण सहित सभी दिशाओं से भी। भारतीय चिंतन में आकाश का गुण शब्द कहा गया है। शब्द ध्वनि ऊर्जा हैं। शब्द पहले अरूप थे। लिपि नहीं थी। सिर्फ बोले सुने जाते थे। वे संवेदन प्रकट करने का माध्यम थे। फिर हर्ष, विषाद, क्रोध और बोध आदि भाव प्रकट करने का माध्यम बने। विश्व शब्द भंडार बढ़ता रहा। मुझे लगता है कि यह संसार शब्दों का ही मेला है। तत्सम, तद्भव यहां मिलते हैं, छोटाई बड़ाई त्याग कर। हरेक रूप के लिए शब्द। जितने रूप उतने शब्द। फिर लिपि बनी उनका रूप बना। उनकी छपाई की तकनीकी विकसित हुई। शब्द संचय पुस्तक बने। पुस्तकें भाव संवेदन, विषाद, प्रसाद और हर्ष उल्लास की भी प्राणवान काया बनीं। पुस्तकें ज्ञान संचय हैं। संप्रति भारत की राष्ट्रीय राजधानी में विश्व पुस्तक मेला है। विश्व के तमाम देशों से पुस्तकें आई हैं। पुस्तक मेला दुनिया के पुस्तक प्रेमियों का आकर्षण है। भारतवासी पुस्तकों को प्रणाम योग्य मानते हैं। शब्द ब्रह्म हैं। पुस्तकों की काया है शब्द। सो प्रणाम के योग्य हैं। भारत का 'वाणी प्रकाशन' सुप्रतिष्ठित है। इसके स्वत्वाधिकारी अरुण जी कहते हैं, ''पुस्तकें उपभोक्ता सामग्री नहीं हैं। इसका अर्थशास्त्र समाजशास्त्र से गहराई से जुड़ा है।''

मेला मिलन है और खरीदें बेचें तो बाजार। मेला हरेक तीर्थ का संगमन रहा है। बाजार का लक्ष्य लाभ है और मेला का लक्ष्य आनंद। मेला प्रीतिभाव है, बाजार वस्तु भाव। 'पुस्तक मेला' की बात ही और है। पुस्तकें बुलाती हैं, आओ, हमको ले चलो अपने साथ। मन खिंचा चला जाता है पुस्तक मेले की ओर। एक नया और जीवंत समाज। पुस्तक समाज। मोटी पुस्तकें, पतली सुकुमार पुस्तकें। रंग रूप में सजी धजी रची पुस्तकें। खूब पढ़ी जाने वाली लोकप्रिय पुस्तकें। अतिरिक्त लोकप्रिय मगर अति अल्पकालिक प्रभाव डालने वाली पुस्तकें। विविध आयामी पुस्तकें रस आपूरित से हहराती, भीनी गंध बिखेरती हैं। मैं पुस्तकों को प्रणाम करता हूं। यह प्रणाम प्रत्यक्ष रूप में पुस्तक की काया के प्रति है अप्रत्यक्ष रूप में उसके जीवन्त संवाद, रस प्रवाह के प्रति है। मेरा मन तार्किक है। संशयी भी है। पुस्तकें संशय और तर्क को और स्वस्थ करती हैं। बहुधा तर्क के परे भी ले जाती हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

पुस्तक रचनाकार की अंतर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नहीं। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है, जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समा जाऊंगा।"

पुस्तकों में शब्द हैं। शब्दों के अर्थ हैं। हरेक शब्द का अपना गर्भ भी है। शब्द का गर्भ बड़ा न्यारा है। वह अपने भीतर अर्थ पालता है। शब्द का अर्थ जड़ नहीं होता। उसका मूल है भाव। इसलिए शब्द का भावार्थ भी होता है। शब्द अपने अन्तस् में भावार्थ लेकर चलता है। अर्थहीन शब्दों का कोई उपयोग नहीं। वे निरर्थक हैं। पुस्तकें शब्द से भी बड़ा काम करती हैं। वे अपनी काया में कागज (या सी.डी.) हैं। शब्द उनके मन प्राण है, भाव उनकी आत्मा है और ज्ञान उनकी बुद्धि। मनुष्य की तरह उनमें भी 4 घटक हैं। शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा। वे प्राणवान हैं। जीवमान हैं। वैशेषिक दर्शन व चरक ने आत्मा को भी द्रव्य बताया है।

पुस्तकें संरक्षक, मार्गदर्शक व पालक हैं। पुस्तकों में शब्द रस प्रवाह का नाद है। पुस्तक का पाठ पर्याप्त नहीं। रस प्रवाह में बहने और आनंदित होने के लिए पुनर्पाठ जरूरी है। ऐसा आनंद सतत प्रवाही है। अन्तहीन है और अनंत भी। विश्व की सभी सभ्यताओं में पुस्तकों के आदर की परंपरा है। कुरान, बाइबिल, अवेस्ता आदि के आदर सर्वविदित हैं। वेद, उपनिषद्, रामायण और गीता आदि का आदर बहुत पुराना है। शब्द सबके हैं। वे सार्वजनिक संपदा हैं। शब्द की सामर्थ्य बड़ी है। प्रयोगकर्ता की सामर्थ्य शब्द का अर्थ खोलती है। लेखक, कवि या साहित्यकार शब्द प्रयोग की स्वतंत्रता से नया संसार गढ़ते हैं।

पुस्तक रचनाकार की अन्तर्काया होती है। कागज का पुलिंदा नहीं और शब्दों का ढेर भी नहीं। ह्वाइट मैन ने 'लांग मैन' कविता में लिखा था "यह पुस्तक नहीं मेरी काया है। जो इसे छूते हैं, वे एक मनुष्य को छूते हैं। वह मैं हूं, जिसे आप छू रहे हैं। मैं इन पृष्ठों से प्रकट होकर तुम्हारे हृदय में समा जाऊंगा।" कालिदास, तुलसी, निराला, पी.बी. शेली आदि के शब्द ऐसे ही हैं। मैंने तमाम पुस्तकें लिखी हैं। हिन्दुत्व देश का सर्वाधिक चर्चित शब्द है। वाणी प्रकाशन ने कृपापूर्वक मेरी लिखी 'हिन्दुत्व का मधु' प्रकाशित किया है। पुस्तकें मेरी शब्द देह हैं। लेकिन मेरी वास्तविक देह बुद्धि से भिन्न। मैं गुस्सा होता हूं, वे नहीं गुस्साती। मैं यशलोभी हूं। वे प्रसिद्धि पाकर भी विनम्र बनी रहती हैं।

पुस्तकें रचनाकार की देह हैं। 'हिन्द स्वराज' गांधी की शब्द काया है। शब्द काया पुस्तक के कारण अमर है और शरीर नश्वर। गांधी की देह नहीं रही, अक्षर देह अक्षर-अविनाशी है। मनुष्य मत्र्य है, मनुष्य सृजित शब्द संसार अमत्र्य है। मनुष्य क्षरणशील है और मृत्युबंधु। मनुष्य का अनाशवान भाग अक्षर है। देह क्षरणशील और नाशवान। अमरत्व प्राचीन प्यास है मनुष्य की। मनुष्य जानता है कि उसे मरना है, मृत्यु अवश्यंभावी है तो भी अमर होना चाहता है। अमर होने की लालसा कहां से आई? मृत्यु की ध्रुव सत्यता के बावजूद ऐसी इच्छा का कारण एक ही जान पड़ता है कि मनुष्य के भीतर क्षर के साथ अक्षर तत्व भी है। क्षर जाता ही है और अक्षर-अविनाशी है ही। यही अक्षर प्यास उसे अक्षर-अमर बने रहने के लिए प्रेरित करती है। शब्द अक्षरों का ही प्रेमपूर्ण संयोजन हैं। ऐसी जानकारी भी पुस्तकों से ही मिलती है।

शब्द उगते हैं मनोभूमि पर। कोमल पुष्प जैसे आकर्षक। मधुगंध उड़ेलते हैं और हृदय में पैठ जाते हैं। जैसे शब्द कमनीय, सुकुमार और काम्य वैसी ही पुस्तकें। पुस्तकों ने विचार भी धारण किया है। शब्द ब्रह्म कहे गये हैं। पुस्तकें इस ब्रह्म को धारण करती हैं। ब्रह्म सदा रहता है, शब्द भी सदा रहते हैं। सृजन में मनुष्य का अमरत्व है। पुस्तकें हमारे स्वयं पुनर्सृजन और पुनर्नव गतिशीलता का उपकरण हैं। पढ़ना, सुनना, जानना चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाता है। यहां नवसृजन के अवसर हैं और इस अनुष्ठान का मंगल उपकरण हैं पुस्तकें। प्राइमरी की पहली कक्षा में ही पुस्तक प्रणाम सिखाया गया था। प्रतिदिन पढ़ाई शुरू करने के पहले पुस्तक को सिर माथे लगाना ज्ञान प्राप्ति की तैयारी है। अध्ययन में विनम्रता की भूमिका है। यह मस्तिष्क की ग्राह्यता बढ़ाती है।

पुस्तकें माता पिता और आचार्य एक साथ हैं-शब्द रूप में। शब्द संसार वास्तविक संसार की तरह विराट है। शब्द और वाक्य संसार का वर्णन करते हैं। शब्द संसार को धारण करती है वाणी। शतपथ के ऋषि ने ठीक ही वाणी को विराट बताया है। पुस्तकें हम सबको लोकमंगल के लिए प्रेरित करती हैं। हम उपभोक्ता वस्तुओं पर तमाम खर्च करते हैं। लेकिन पुस्तकों की कीमत का रोना रोते हैं। पुस्तकों के साथ होना सौभाग्यशाली होना है। मुझे नहीं पता कि स्वर्ग या नर्क होते हैं या नहीं होते। स्वर्ग के बारे में अनुमान करता हूं कि वहां पुस्तकालय जरूर होंगे। न हों तो काहे का स्वर्ग? नरक में तो पुस्तकालय होने ही चाहिए नहीं तो प्रसाद को विषाद समझने की गल्ती होती रहेगी। मुक्ति की बेचैनी में पुस्तकें ही मार्गदर्शन कर सकती हैं। पुस्तकों की सब जगह होना चाहिए। जहां जहां पुस्तकें वहां वहां ज्ञान ज्योति।

# पांचाल का हिस्सा था फर्रुखाबाद

बीते दिनों फर्रुखाबाद जाना हुआ। फर्रुखाबाद अपने दामन में जितना इतिहास समेटे है, लगता है उसे अभी तक पूरी तरह से खोला नहीं जा सका है। अभी बहुत शोध की जरूरत है और इसके साथ ही साथ लगता है जिले को भी शायद उतनी महत्ता नहीं हासिल हो सकी जिसका वह हकदार है।

फर्रुखाबाद छठी शताब्दी ईसा पूर्व के पांचाल महाजनपद का हिस्सा था। पांचाल के ही राजा उपनिषदों के शीर्ष विचारक प्रवाहण जैवलि थे जिन्होंने श्वेतकेतु को ब्रह्म/आत्मा का ज्ञान दिया था। महाभारत काल में जहां के राजा द्रुपद थे और जहां की ही पांचाली थी। पांचाल राज्य की राजधानी काम्पिल्य अथवा कम्पिल थी। काम्पिल्य जैन धर्मावलंबियों के आस्था का प्रमुख केंद्र है। जैन धर्म के तेरहवें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ की जन्मभूमि भी है। यहां संकिसा में गौतम बुद्ध भी आए थे और स्त्रियों के लिए भी यहां संघ के द्वार खोले। यहां अशोक स्तंभ था, यहां ह्वेनसांग आया था। कुछ वर्ष पूर्व तक फर्रुखाबाद का ही हिस्सा इत्र नगरी कन्नौज भी था। कन्नौज पांचाल देश का एक प्रमुख नगर था और जिसका प्राचीन नाम कान्यकुब्ज था। छठी शताब्दी में हर्षवर्धन जैसे शासक की राजधानी कन्नौज थी। मैं पड़ोस के कोसल महाजनपद के बैसवाड़ा (रायबरेली) का रहने वाला हूं और महान हर्षवर्धन मेरे पूर्वजों में थे।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

मध्य युग में मुगल सम्राट के आदेश पर इस इलाके के सूबेदार के रूप में मोहम्मद खां बगंश (अफगानी पठान) यहां आए और उन्होंने वर्ष 1714 में आसपास के 52 गांवों को एकीकृत करके मुगल बादशाह फर्रुखसियर के नाम से मुख्यालय बनाकर उसका नाम फर्रुखाबाद रखा। मुगल बादशाह फर्रुखसियर कभी फर्रुखाबाद नहीं आए। कुछ दिन बाद वह इलाहाबाद सरकार के भी प्रमुख बनाए गए और उसी पद के दायित्वों को निभाते हुए एक दिन उन्होंने सेना के साथ मुगल साम्राज्य के विरोधी छत्रवाल को महोबा के जैतपुर किले में जा घेरा। किले पर घेरा कई महीनों चला। छत्रसाल ने मराठा सरदार बाजीराव से मदद मांगी। बाजीराव के आते ही बंगश घेरा छोड़कर भाग लिए। रात्रि में विजय उत्सव मनाया गया और छत्रसाल ने पारसी पत्नी की बेटी मस्तानी की शादी वाजीराव से कर उन्हें अपने इलाके का एक तिहाई हिस्सा भी दिया। 1857 की क्रांति के समय मस्तानी के ही बंशज अली बहादुर बांदा के नवाब और झांसी की रानी के साथी थे। मैं महोबा का कप्तान रहा और अक्सर जैतपुर के किले में जाकर शांति से बैठता था। किले के अंदर सुंदर झील भी थी। मेरे पसंदीदा शायर दाग देहलवी की तीन बेटियों वाली नानी (वज़ीर खानम उर्फ़ छोटी बेगम की मां) अकबाई बाई डेरेवाली फर्रुखाबाद की ही थी। रामपुर के नवाब सैयद यूसुफ़ अली ख़ान बहादुर मंझली को पसंद कर ले गए थे और बिल्कुल कश्मीरन लगने वाली छोटी वज़ीर खानम के तीसरे पति के रूप में प्यार करने/शादी करने वालों में नवाब लोहारू भी थे, जिन्होंने बाद में दिल्ली के अंग्रेज रेजीटेंट फ्रेजर की हत्या की थी। मिर्ज़ा ग़ालिब से भी पूछताछ हुई थी और नवाब लोहरू को फांसी हुई थी। इन्हीं नवाब लोहारू के बेटे नवाब दाग थे। वजीर खानम के चौथे पति दिल्ली सम्राट बहादुर शाह ज़फ़र के बेटे फ़खरू साहब थे। इस कहानी के लिए फ़ारूक़ी साहब के उपन्यास 'कई चांद थे सरे आसमां' ज़रूर पढ़े।

भवाली में नीम करोरी बाबा की ध्यान स्थली कैंची धाम (भवाली) आजकल दर्शनार्थियों की भीड़ से भरा रहता है, पर नीम करौली बाबा की कर्म स्थली नीम करोरी भी फर्रुखाबाद जिले में है। फर्रुखाबाद देश का सबसे ज्यादा आलू पैदा करने वाला जिला है। 100 के लगभग कोल्ड स्टोरेज है यहां। यही हाल कन्नौज का है। कुटीर उद्योग के रूप में यहां का वस्त्र छपाई और जरी वस्त्र उद्योग बहुत प्रसिद्ध है।

# चिकित्सकीय परिप्रेक्ष्य में 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना

हिंदी कहानी के सशक्त कहानीकार पं.चंद्रधर शर्मा गुलेरी की एक कहानी 'उसने कहा था' पचास के दशक में अत्यंत लोकप्रिय कहानियों में से एक थी। उसका मुख्य पात्र सिख सैनिक लहना सिंह है। वह विश्व युद्ध में ब्रिटेन की तरफ से जर्मनी की सेनाओं से लड़ाई लड़ रहा था। इसी दौरान एक जर्मन भेदिया उसके क्षेत्र में आ गया और मित्रता बढ़ाने के लिए उसे सिगरेट देते हुए बोला कि पूर्व में मैंने अपने अधीनस्थ सिखों के साथ खूब सिगरेट का आनंद लिया है। बुद्धिमान लहना सिंह तुरंत ताड़ गया कि यह ब्रिटिश पल्टन में आया कोई जासूस जर्मन सैनिक है जिसे भारत के सिखों के सिगरेट न पीने के विषय में कुछ अता-पता नहीं है। उसने आव न देखा ताव उस जर्मन जासूस की वहीं कपाल क्रिया कर दी। यह कहानी जब लिखी गई तब यह शत प्रतिशत सच था कि सिख युवक या युवती सिगरेट-धूम्रपान कतई नहीं करते। तम्बाकू हाथ नहीं लगाते। परंतु तेजी से बदलते आज के समाज में क्या हम ये बात दृढ़ता से कह सकते हैं कि सौ प्रतिशत सिख सिगरेट नहीं पीते। तम्बाकू नहीं खाते। शायद 99 प्रतिशत सिख विशेषतः सरदारनी महिलाएं धूम्रपान अभी भी नहीं करती हैं। इस तथ्य को ध्यान में रखकर हम अपने चिकित्सा विद्यार्थियों को हमेशा यह आगाह करते हैं कि सिख पंथ के लोगों से धूम्रपान या सिगरेट के विषय में पूछते समय बहुत सावधानी बरतें जिससे उनकी धार्मिक भावना आहत न पहुंचे। क्या आप धूम्रपान करते हैं या तम्बाकू खाते हैं? यह सीधे-सीधे पूछने की गलती कभी मत करें। आज जब हृदया घात (दिल का दौरा), ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की महामारी हमारे चारों तरफ विकराल रूप में फैली हुई है। इन सब बीमारियों का एक प्रमुख कारण तम्बाकू और धूम्रपान है। हमें कभी-कभी कुछ ऐसे उदाहरण सिख मरीजों के मिल जाते हैं, जो उस पक्की लकीर के अपवाद होते हैं कि सिख धूम्रपान नहीं करतें हैं। इसलिए हर चिकित्सक को इस अपवाद का ध्यान अपने मन-मस्तिष्क में विशेषतः उस समय जब उसे किसी अनसुलझी समस्या से सामना करना पड़े जरूर रखना चाहिए। यहां पर मानव मन के इसी पहलू को दर्शाती हुई एक घटना का उल्लेख करना चाहूंगा।



डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

एक छत्तीस वर्षीय संभ्रांत सिख परिवार की महिला को घर पर रात में अचानक चक्कर आता है। छाती में दर्द की शिकायत होती है। घर वाले उसे निकट के अस्पताल में ले आते हैं। ईसीजी की जांच होती है। ईसीजी में दिल में गड़बड़ी के कुछ संदेहास्पद चिन्ह मिलते है। ईको टेस्ट किया जाता है, उसमें भी कुछ असामान्य बातें मिलती हैं। अलबत्ता खून के टेस्ट में हृदया घात का कोई प्रमाण नहीं मिलता। उसने इसके पूर्व किसी अन्य दिल की बीमारी, ब्लड प्रेशर या डायबिटीज होने से इंकार किया। किसी प्रकार की गर्भ निरोधक गोलियों के सेवन की बात पूछने पर उसने बताया कि वह ऐसी कोई गोली नहीं लेती वरन थायरॉयड के लिए विगत पांच वर्षों से नियमित औषधि लेती है। किसी अन्य प्रकार की औषधि या गोली से उसने पूर्णतः इंकार कर दिया। धूम्रपान के विषय में पूछने पर भी उसने प्रथम दृष्टया मना कर दिया। सीने में दर्द, ईसीजी व ईको में गड़बड़ी को ध्यान में रखते हुए उसे गहन चिकित्सा कक्ष में रखने का निर्णय लिया गया, परंतु वह मानी नहीं और अपनी मर्जी से घर चली गई।

घर पर उसे फिर सीने में अत्यंत तीव्र दर्द उठता है और वह अर्धरात्रि में अस्पताल लाई जाती है। पुनः ईसीजी किया गया। इस ईसीजी में तीव्र हृदयाघात के चिन्ह साफ साफ उभर आते हैं। विज्ञान सम्मत प्रोटोकॉल के अनुसार हृदय धमनी का एंजियोग्राफी करने निर्णय किया गया। एंजियोग्राफी के बाद पता चला कि उसकी बांयी हृदय धमनी की मुख्य शाखा में पूर्ण अवरोध था। कैथिटर द्वारा अवरोध हटाया गया। नस पूर्ण रूप से अवरोध मुक्त की गई। हृदय नलिका में पूर्ण रक्त प्रवाह पुनः लौट आया। उसके अंदर औषधियुक्त छल्ला भी लगाया लगा जिससे भविष्य में उस नलिका में फिर अवरोध न हो सकें। परंतु एक बात चिकित्सकों को परेशान कर रही थी कि आखिर इस इक हरे बदन की चुस्त-दुरुस्त महिला को हार्ट अटैक क्यों पड़ा? उसे न ब्लड प्रेशर है न ही डायबिटीज। वह गर्भ निरोधक गोलियों को लेने से भी इंकार कर रही है। फिर इसे इतना तेज दिल का दौरा क्यों पड़ा? कहीं न कहीं दाल में कुछ काला अवश्य है? हम लोग किसी महत्वपूर्ण जोखिम बिन्दु को पकड़ नहीं पा रहें हैं।

विशेषज्ञ चिकित्सक ने दूसरे दिन सबेरे फिर पूछा क्या आप किसी प्रकार की गोली या तम्बाकू आदि का सेवन करती हैं? सिख महिला सकपका गई। बोली आप इतना पूछ रहें हैं तो बता रही हूं। मैं क्लब में जाकर धूम्रपान करती हूं। सिगरेट के अलावा गांजा भी पीती हूं। शराब से भी परहेज नहीं करती, परंतु आप यें बातें मेरे परिवार को कतई न बताएं। अब तस्वीर साफ थी कि उस महिला को इस कम उम्र में सिगरेट और गांजा पीने के कारण इतना तीव्र हृदयाघात पड़ा। इसमें थोड़ा बहुत योगदान अल्कोहल का भी रहा होगा।

सिखों के धूम्रपान न करने की लक्ष्मण रेखा को लांघने वाले प्रकरण हमें यह सोचने के लिए बाध्य अवश्य करते हैं कि हम इस बात का ध्यान मरीज से बात करते समय और उनका परीक्षण करतें समय विशेषतः मुंह के अंदर धूम्रपान या तम्बाकू का निशान मिलने पर हम उनसे इस विषय में बड़ी संजीदगी से एक पूछ जरूर लें। अब 'उसने कहा था' के लहना सिंह का जमाना नहीं रहा।

# शिक्षा, मूढ़वर्ग और लोक संस्कृति

हिन्दी साहित्य सम्मेलन की आवाज आज भले ही सुनाई नहीं दे रही, किंतु एक जमाना था कि महामना मालवीय और राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन के नेतृत्व में वह साहित्य के जागरण का ज्योतिस्तंभ था। महात्मा गांधी इससे जुड़े थे और उन्होंने सन् 1917 में इंदौर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ने वाले साहित्य ने जनता के गहरे स्तरों में जाकर जागरण की ज्योति जगाई थी। हिन्दी साहित्य की वह धारा लोक की कसौटी पर खरी उतरी थी, लेकिन आजादी के बाद एक नए प्रकार का रीतिकाल आ गया। साहित्य दरबारों में हाजिरी लगाने लगा, पुरस्कार पाने लगा, अपनी जी हजूरी पर इतराने लगा। उस मनःस्थिति में संस्थाएं लड़खड़ाने लगीं, नागरी प्रचारिणी सभा हो या सम्मेलन हो, वह जमाना आया कि राहुलजी को काम नहीं मिल सका था, वे श्रीलंका गए। निरालाजी और नागार्जुन के जीवन की कहानी किसी से छिपी नहीं है, शास्त्रीजी के जमाने में जब गोपाल प्रसाद व्यास को पद्मश्री देने के लिए बात आई तो व्यासजी ने शास्त्रीजी के पास जाकर कहा कि स्वतंत्रता-आंदोलन में एक भारतीय आत्मा माखनलाल चतुर्वेदी को भुला दिया गया? तब उनको पद्मभूषण दिया गया था। किसी जमाने में सम्मेलन पत्रिका बहुत प्रतिष्ठित पत्रिका थी। सन् 1973 में सम्मेलन पत्रिका ने लोक संस्कृति अंक निकाला था और उसका संपादन श्री रामनाथ सुमन ने किया था। जब लोक संस्कृति अंक का संपादन कर रहे थे, तब उनकी मनः स्थिति क्या थी, इसे हम उनके संपादकीय में समझ सकते हैं। उन्होंने लिखा कि "ऐसा हुआ है कि शिक्षा-मूढ़वर्ग जब हमारी संस्कृति की उस धारा को छोड़कर पथ-भ्रष्ट हो गया है, जब वह धारा से कटकर दूर चला गया है और जीवन की गुलकारियां उसके आत्म-ओज पर छा गई हैं, तब भी अशिक्षित सामान्य जनता ने अपने युग-युग के संचित आदर्शों को अपने हृदय के रक्त से सींचकर जीवित रखा है। मस्तिष्क के अहंकार में जय संपन्न एवं सभ्य वर्गों के पांव डगमग हो गए हैं, तब शताब्दियों की अमृत ज्योति को देश के अगणित जनपदों में फैले अदृश्य हृदयों की स्नेह धारा प्राप्त हुई है। जाति के जीवन की वाणी इस अटपटे बैन में, उनकी अकृत्रिम वाणी में, उनकी व्यथा एवं अनुभूति में, उनके रोने और गाने में, उनके जीवन क्रम में सिमिट-सिमिट कर फिर-फिर जी उठी है।"



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

श्री रामनाथ सुमन ने लिखा था कि "जब साहित्य राजप्रसादों के विलास-कक्ष में बंद हो गया, तब प्रणय का पावनकारी मुक्तिनाद ग्राम वधूटियों एवं ग्राम-तरुणों के कंठों में अमराइयों के बीच फूटा, तब साहित्य की सरस्वती सहस्रधा होकर लोक-कंठ पर तरंगित हुई, तब संस्कृति अतर्क्य विश्वासों एवं प्रेरणाओं का आधार लेकर मीरा की भक्ति के चरणों में घुंघरू बन गई, तब यह लक्ष-लक्ष ग्राम निवासों की दीवारों पर शिल्प बनकर उभरी, तब उसने सहस्र शिलाओं को जीवित अहल्या का रूप दिया, संगीत और वाद्य उसकी झंकार से मुखरित हो गए। जीवन अगणित तरंगों में अगणित वाद्यों में बजा और अगणित गीतों में फूट उठा। यही सब समष्टिगत आत्म प्रकाश लोक संस्कृति है।

# दुनिया के महाकाव्य

प्राचीन महाकाव्यों में बहुतेरे चमत्कारिक और अलौकिक प्रसंग मिलते हैं, जैसे कि हनुमान जी एक ही छलांग में समंदर पार कर गए, सीता जी धरती से पैदा हुईं, महर्षि अगस्त्य घड़े में पैदा हुए, आदि आदि। आज कई एक लोग इन चमत्कारों का मजाक उड़ाते हैं, मानो यह सिर्फ भारत के महाकाव्यों में होता हो। हमें जानना चाहिए कि दुनिया में जितने भी महाकाव्य हैं, वे सभी ऐसे ही चमत्कारों से भरे पड़े हैं। दरअसल महाकाव्य साहित्य की वह विधा है जिसकी कहानी पार्थिव जगत की घटनाओं और आकाशीय चमत्कारों के बल पर आगे बढ़ती है। इन चमत्कारों का मजाक उड़ाना साहित्य के बारे में अपनी घोर अज्ञानता का परिचय देना है।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

युगबोध का अभाव साहित्यिक कृतियों के अर्थ का अनर्थ बना देता है। प्राचीन काल का साहित्य वर्तमान की आंखों से नहीं, बल्कि प्राचीन काल की आंखों से पढ़ना चाहिए। तभी आप अपने पुरखे लेखकों का सही आंकलन कर सकते हैं।

महाकाव्यों का युग मानव सभ्यता और संस्कृति का शैशव काल है। बच्चों को चमत्कार बहुत भाते हैं। अतः यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं कि दुनिया के सारे महाकाव्य समान रूप से अलौकिक प्रसंगों से भरे हुए हैं। महाकाव्य मानव सभ्यता और संस्कृति के शैशव काल की गाथाएं हैं, लेकिन आज अगर कोई इन प्रसंगों को सचमुच सही मानता हो तो उसकी मूर्खता का कोई जवाब नहीं।

# राम मंदिर के दौर में माता सीता की चर्चा

देश अभी भी पिछली 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उत्साह से निकला नहीं है। इस पृष्ठभूमि में माता सीता पर चर्चा करना समीचीन रहेगा। माता सीता के बिना श्रीराम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और पुरुष हैं। खैर, ये सभी तथ्य बहुत मशहूर हैं। हालांकि सुखद आश्चर्य यह है कि एक अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम ने सीता पर एक प्रामाणिक पुस्तक लिखी है। 'द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता' को प्रसिद्ध प्रकाशक 'मोतीलाल बनारसीदास पब्लिशिंग हाउस' ने प्रकाशित की है। डेना मरियम अपनी पुस्तक में सीता के जीवन की पारंपरिक कथा को प्रतिस्थापित करती है। माता सीता वास्तव में देवी नारायणी का अवतार हैं। सीता उस समय एक नई सभ्यता की नींव रखने में श्रीराम के साथ शामिल होने के लिए पृथ्वी पर आती हैं जब मनुष्य प्राकृतिक दुनिया से अलग होने लगा था। वह लोगों के दिल और दिमाग में जंगलों और नदियों, पौधों और जानवरों के जीवन के लिए एक महान प्रेम पैदा करना चाहती है। सीता की जीवन यात्रा एक महिला की बुद्धिमत्ता, साहस और निःस्वार्थ बलिदान की कहानी है।

अपनी किताब में लेखिका सीता के बचपन, परिवार और अन्य पहलुओं के बारे में विस्तार से लिखती हैं।



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

सीता जिनकी भारत पूजा करता है, पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है।

लेखिका ने पहला अध्याय 'मिथिला में बचपन' लिखा है। इस अध्याय को इस भाव से लिखा गया है मानो वह (सीता) अपनी कहानी खुद लिख रही हों। "मेरा जन्म प्राचीन साम्राज्य विदेहनगरी, जिसे मिथिला भी कहा जाता है, में एक गरीब ब्राह्मण परिवार में हुआ था। मेरे पिता जनक महाराज के घर में सेवा करते थे"। वाल्मीकि रामायण के अनुसार माता सीता का जन्म जनकपुर में हुआ था। जनकपुर का प्राचीन नाम मिथिला तथा विदेहनगरी था। भगवान श्रीराम से विवाह के पहले सीता ने ज्यादातर समय यहीं व्यतीत किया था। महाभारत काल में जनकपुर एक जंगल के रूप में था।

378 पृष्ठों की इस पुस्तक में डेना मेरियम ने सीता के विवाह, मिथिला से प्रस्थान, अयोध्या में समायोजन, प्राचीन अयोध्या में पुनर्जन्म, मंदोदरी को सीता की शिक्षा, अयोध्या में वापसी, जंगल में वापसी आदि विषयों पर लिखा है। उन्होंने एक अध्याय सीता और उनके पुत्रों क्रमशः लव और कुश को भी समर्पित किया है। महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों के लिए राम द्वारा सीता को वन में निर्वासित करने की घटना, जब वह पांच महीने की गर्भवती थीं, रामायण की सबसे परेशान करने वाली और समझ से परे घटनाओं में से एक है। यह घटना भगवान के प्रति विश्वास की गंभीरता से परीक्षा लेता है और कुछ मामलों में वास्तव में इसे तोड़ देता है जिससे कुछ लोग भगवान राम के प्रति कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। वे भूल जाते हैं कि यह एक दिव्य लीला है और भगवान जो करते हैं उसे करने के उनके अपने कारण हैं और वे हमेशा हमारी छोटी समझ के दायरे में नहीं होते हैं।

सीता जिनकी भारत पूजा करता है, पर एक किताब लिखने के लिए डेना मेरियम ने भारत में ऋषिकेश, अयोध्या और वैष्णों देवी जैसे कई हिंदू तीर्थ स्थानों की यात्रा की है। उनके लिए भारत दूसरे घर की भांति है। वह मैक्स मूलर और फादर कामिल बुल्के की परंपरा की विदेशी हैं, जिन्होंने भारत और हिंदू धर्म के अहम प्रतीकों का गहराई से अध्ययन किया।

फादर कामिल बुल्के के लिए भारत अपनी मातृभूमि से भी कहीं ज्यादा प्यारा था। बेल्जियम में जन्मे फादर कामिल बुल्के की जग विख्यात विशेषता यह है, वे रामकथा के मर्मज्ञ और हिंदी के विद्वान थे। उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से 'रामकथा उत्पत्ति और विकास' पर 1950 में पी.एच.डी. की। इस शोध में संस्कृत, पाली, प्राकृत, अपभ्रंश, हिंदी, बांग्ला, तमिल आदि समस्त प्राचीन और आधुनिक भारतीय भाषाओं में उपलब्ध राम विषयक विपुल साहित्य का ही नहीं, वरन तिब्बती, बर्मी, सिंघल, इंडोनेशियाई, मलय, थाई आदि एशियाई भाषाओं के समस्त राम साहित्य की सामग्री का भी अत्यंत वैज्ञानिक रीति से उपयोग हुआ है। तुलसीदास उन्हें उतने ही प्रिय थे जितने अपनी मातृभाषा फ्लेमिश के महाकवि गजैले या अंग्रेजी के महान ड्रेमेटिस्ट विलियम शेक्सपियर। 'रामकथा-वैश्विक संदर्भ में' का लोकार्पण करते प्रसिद्ध साहित्यकार केदारनाथ सिंह ने एक बार कहा था, फादर कामिल बुल्के के शोधग्रंथ 'राम कथा' की सर्वत्र चर्चा है। वास्तव में इस ग्रंथ से हिंदी के संग-संग विदेश में भी रामकथा के तुलनात्मक साहित्य अध्ययन की शुरुआत हुई। खैर डेना मरियम ने 1990 के दशक के अंत में अंतर-धार्मिक आंदोलन में काम करना शुरू किया जब उन्होंने वर्ष 2000 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में आयोजित धार्मिक और आध्यात्मिक नेताओं के मिलेनियम विश्व शांति शिखर सम्मेलन के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया। 40 से अधिक वर्षों तक डेना मरियम परमहंस योगानंद की शिष्या और क्रिया योग ध्यान की अभ्यासी रही हैं। वह वैदिक परंपरा के महान ग्रंथों की भी लंबे समय से छात्रा रही हैं। यह समय है जब माता सीता का गहराई से अध्ययन करने वाले पाठक और विद्वान उनसे मिलकर यह समझें कि वह भारत और हिंदू धर्म से इतनी गहराई से क्यों जुड़ी हुई हैं। अंत में उन्होंने एक और महत्वपूर्ण पुस्तक 'रुक्मिणी एंड द टर्निंग ऑफ टाइम' भी लिखी है।

# जीवन का ऋण

चार्वाक दर्शन अनुमानों के आधार पर जीवन जीने को सही नहीं मानकर प्रत्यक्ष अनुभूति को ही उचित मानता है। चार्वाक दर्शन के 'यदा जीवेत् सुखं जीवेत्, ऋणम् कृत्वा घृतम् पिवेत्' सूत्र को परिभाषित करते विद्वानों ने 'जब तक जीओ सुखपूर्ण जीवन जीओ, ऋण लेकर घी पीओ' का अर्थ निकाला कि जीवन में आनंद के लिए उधार रुपया-पैसा लेना पड़े तब भी पीछे नहीं हटना चाहिए। यह रुपया स्वरूप बनाने तथा पैसा आत्मा की प्यास बुझाने से है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

चार्वाक मत की इस परिभाषा पर चिंतन मनन करने से प्रतीत होता है कि इसकी गहराई में कुछ और भी भाव निहित है। इस सूत्र में 'घृत' शब्द पर मंथन करने की जरूरत है। घृत अपने आप में दूध के मथे जाने के बाद तैयार होने वाला पदार्थ है। यह तो सामान्यतया लोग जानते हैं दूध को गर्म करने के बाद नवनीत (मक्खन) से घृत निकलता है। मनुष्य का जीवन भी तो नौ माह गर्भ में 'मां' के अंश से पोषित होकर जन्म लेने और मातृ-दुग्धपान से होता है। इसी दुग्ध को आगे चलकर घृत बनाने के लिए मनुष्य को मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा तथा सहस्रार चक्रों से शक्ति उधार लेकर उसमें व्याप्त घृत-अंश का सदुपयोग करना है। इस स्थिति में कुंडलिनी जागृत होती है। लोकजीवन में एक मुहावरा 'घी के दीए जलाना' प्रयोग किया जाता है जिसका अर्थ ही है कि आनंद मनाना। जिस आनंद और सुख की बात चार्वाक के सूत्र में है, वह यही है कि कल्पना के आधार पर किसी सुख के पीछे नहीं भागना, बल्कि कुदरत द्वारा बहुमूल्य शरीर में जो धन छुपा है, उससे ऋण लेकर घृत पीआ जाए। वैसे भी मनुष्य पंचमहाभूतों पृथ्वी, जल, अग्नि, आकाश तथा वायु के ऋण से ही जीवन व्यतीत करता है। इस ऋण की अदायगी के लिए इन पंचमहाभूतों की रक्षा करनी चाहिए।

# देश को जोड़ना ही सच्ची देशभक्ति : राहुल गांधी

## भदोही की यात्रा रद, वायनाड रवाना हुए राहुल

**भदोही :** भारत जोड़ो न्याय यात्रा की अगुवाई करते हुए, बिहार से उत्तर प्रदेश पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चंदौली और वाराणसी की यात्रा के बाद भदोही की यात्रा रद कर दी और वह वायनाड रवाना हो गए। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश तिवारी ने शनिवार को रजपुरा चौराहे पर होने वाली जनसभा के मंच से यह जानकारी दी। तिवारी ने बताया कि शाम करीब चार बजे उन्हें यात्रा रद होने की जानकारी मिली। राहुल गांधी को किसी आकस्मिक कारणों से अपने लोकसभा क्षेत्र में जाना पड़ रहा है जिसकी वजह से गाधी वाराणसी से हवाई अड्डा चले गए जहां से वह वायनाड जा रहे हैं।

**एजेंसी, वाराणसी**

**भारत** जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे पड़ाव में शनिवार को यहां गोदौलिया चौराहे पर लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह देश मोहब्बत का देश है, नफरत का नहीं। उन्होंने कहा कि भाई-भाई में टकराव से देश कमजोर होगा और देश को जोड़ना ही सच्ची देश भक्ति है।

राहुल गांधी ने कहा कि मैं गंगा जी के सामने अहंकार से नहीं आया हूं, सिर झुकाकर आया हूं। इस यात्रा में सबको लगना चाहिए कि वह अपने भाई से मिलने आये हैं। उन्होंने कहा कि देश में दो भारत हैं, एक अमीरों का और एक गरीबों का। मीडिया को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि ये सारे चैनल उद्योगपतियों के हैं। ये देश के किसानों, मजदूरों के मुद्दे को नहीं दिखाएंगे। ये मीडिया मोदी जी को 24 घंटे दिखाएगा, ऐश्वर्या राय को दिखाएगा, लेकिन असल मुद्दे को नहीं दिखाएगा। इस दौरान राहुल गांधी ने भीड़ से राहुल नाम के लड़के को अपने पास बुलाकर पढ़ाई में खर्च रुपयों और बेरोजगारी के बारे में बात की। राहुल गांधी ने पूछा कि नोटबन्दी से किसी को फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि देश में दो ही मुद्दे हैं बेरोजगारी और महंगाई।


वाराणसी में शनिवार को काशी विश्वनाथ के दर्शन कर बाहर निकलते राहुल गांधी।

**विधायक पल्लवी पटेल भी हुईं राहुल गांधी की यात्रा में शामिल**

यूपी में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन गोलेगड्डा क्षेत्र से प्रारंभ इस यात्रा में राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस के अन्य नेताओं के साथ खुली जीप में खड़े होकर काशी विश्वनाथ मंदिर गए और मंदिर के गोदौलिया क्षेत्र में भ्रमण किया। इस दौरान पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने सर्व सेवा संघ के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की।

बैठक के बारे में सर्व सेवा संघ के वरिष्ठ सदस्य राम धीरज ने बताया कि हममें से आठ लोगों ने राहुल गांधी से मुलाकात की। हमने उन्हें सर्व सेवा संघ के इतिहास के बारे में जानकारी दी। धीरज के मुताबिक, उन्होंने (गांधी ने) हमसे कहा कि कांग्रेस के सत्ता में आने पर सरकार ध्वस्त परिसर का पुनर्निर्माण करेगी। अपना दल (कमेरावादी) की नेता और कौशांबी के सिराथू से विधायक पल्लवी पटेल भी वाराणसी में इस यात्रा में शामिल हुईं। वह खुली जीप में राहुल गांधी के बाईं ओर खड़ी थीं। उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुक्रवार को चंदौली जिले से शुरू हुई।

### दर्शन की फोटो खींचने की इजाजत न मिलने पर भड़के राहुल

भारत छोड़ो न्याय यात्रा पर वाराणसी पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि बाबा काशी विश्वनाथ का दर्शन कर जलाभिषेक किया लेकिन हैरानी की बात यह है कि प्रशासन ने दर्शन करते समय फोटो खींचने की इजाजत उन्हें नहीं दी। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि मंदिर के कैमरापर्सन द्वारा खींचे फोटो को साझा किया जाएगा लेकिन साढ़े तीन घंटे तक लगातार प्रयास करने पर भी फोटो उपलब्ध नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि फिर कुछ सात तस्वीरें भेजी गईं जिनमें से एक भी दर्शन करने की नहीं हैं, जबकि मंदिर के कैमरापर्सन ने फोटो खींची थीं। ऐसा करके वाराणसी के जिला प्रशासन ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वह दिल्ली में बैठे कैमराजीवी के मुलाजिम से ज्यादा और कुछ नहीं।

## प्रधानमंत्री देश को तानाशाही की ओर ले जा रहे : खरगे

**मंगलुरु :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि मोदी सरकार को केंद्र की सत्ता में वापस नहीं लाया जाना चाहिए क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को तानाशाही की ओर ले जा रहे हैं।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसरों का सृजन करने और सभी नागरिकों के बैंक खातों में 15 लाख रुपये जमा करने के अपने वादों का सम्मान नहीं किया। मोदी तानाशाह बनना चाहते हैं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों और मीडिया सहित संपूर्ण शासन व्यवस्था को नियंत्रित करना चाहते हैं।

# नए भारत का दर्शन कर रहे हैं देशवासी

**भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में सीएम योगी ने देश और प्रदेश में हो रहे बदलावों का किया जिक्र**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजधानी दिल्ली में भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में हिस्सा लिया। भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में सीएम योगी ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को बदलते हुए भारत की झलक दिखाई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी उत्तर प्रदेश से देश को नेतृत्व देते हैं और काशी विश्वनाथ धाम से जो यात्रा प्रारंभ हुई,वह आज अयोध्या तक पहुंच चुकी है।


भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में भाग लेने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला अपने भव्य और दिव्य मंदिर में पांच सदी के बाद पुनः विराजमान हो चुके हैं। हर राम भक्त, हर सनातन धर्मावलंबी, इस घटना से प्रफुल्लित है। पूरे भारत को इस दिन की प्रतीक्षा सदियों से थी।

सीएम योगी ने कहा कि आज देशवासियों ने एक नए भारत का दर्शन किया है। इस देश में हर नागरिक को सम्मान मिलता है। अधिवेशन के दौरान जब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजनैतिक प्रस्ताव रखा तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसका समर्थन किया, जिससे पूरा माहौल योगी मय हो गया।

## कर्ज में डूबे पिता ने तीन बच्चों को जलाकर मार डाला

**कटिहार :** बिहार के कटिहार जिले में कर्ज में डूबे एक पिता ने अपने तीन बच्चों को कथित तौर पर जलाकर मार डाला। पुलिस के मुताबिक, यह घटना शुक्रवार और शनिवार की दरमियानी रात को जिले के भरिन गांव में हुई। मृतकों की पहचान रिंकी कुमारी (9) और उसके दो भाई - राजा कुमार (12) और शुभंकर कुमार (13) के रूप में की गई है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि उनके पिता दिनेश सिंह ने उन्हें आग लगा दी और बाद में खुद को भी आग लगा ली। प्रारंभिक जांच में दिनेश सिंह के कर्ज में डूबे होने और मानसिक रूप से परेशान होने की बात सामने आई है।

# डीआईओएस की मनमानी पर हाई कोर्ट सख्त

## निदेशक की अनुमति बिना डीआईओएस को आदेश पारित करने का अधिकार नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने जौनपुर के जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा मनमाने ढंग से एक शिक्षक को सेवा कार्यों से रोकने के मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा है कि संबंधित अधिकारी शिक्षा निदेशक की अनुमति बिना इस प्रकार से मनमाने आदेश पारित न करें। इसके साथ ही अधिकारी द्वारा आक्षेपित आदेश के आदेश पर रोक लगा दी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार की पीठ ने सरोज कुमार की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। दरअसल संबंधित



अधिकारी ने दिनांक 13.2.2024 को एक आदेश पारित किया कि जिन सहायक अध्यापकों और प्रवक्ताओं की सेवाएं नियमित नहीं की गई हैं,उन्हें बोर्ड परीक्षाओं में ड्यूटी आवंटित नहीं की जाएगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि नियमितीकरण का मामला अभी लंबित है। अतः उक्त अधिकारी को इस पर कोई आदेश पारित

**कोर्ट-कचहरी**

**मनमाने ढंग से शिक्षक को सेवा कार्यों से रोकने का मामला**

करने की आवश्यकता नहीं है।

इसके अलावा तदर्थ आधार पर संस्थान में कार्यरत शिक्षक या व्याख्याता को सभी सेवा लाभ दिए जाएंगे। मामले के अनुसार याची वर्ष 1997 में एलटी ग्रेड में एक अल्पकालिक रिक्ति पर सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्त हुआ था, जिसकी मंजूरी 1 वर्ष बाद जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा दी गई थी।

इसके बाद वर्ष 2004 में अल्पकालिक रिक्ति को मूल रिक्ति में परिवर्तित कर दिया गया। याची की ओर से बताया गया कि शासनादेश दिनांक 9.11.2023 के पारित होने के बाद याची का वेतन नवंबर 2023 से रोक दिया गया। शासनादेश के अनुसार तदर्थ शिक्षकों की नियुक्तियों की वैधता और नियमितीकरण के दावे को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक उनके दस्तावेजों की जांच नहीं हो जाती है। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची की सेवाओं को नियमित करने के लिए चयन समिति को आवश्यक दस्तावेज भेजे गए हैं, लेकिन आज तक उस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया।

**एक नजर**

### रामनगर में जंगल गई महिला को बाघ ने मार डाला

**रामनगर, अमृत विचार :** जंगल में लकड़ी बीनने गई महिला को बाघ ने मौत के घाट उतार दिया। शनिवार को ग्राम ढेला में गांव में कलादेवी (50) गांव की ही तीन अन्य महिलाओं के साथ जंगल में लकड़ी और घास लेने के लिए गई थी। इसी बीच बाघ ने कला देवी पर हमला कर उसे मार दिया। बाघ महिला को करीब 2 किलोमीटर तक जंगल में घसीट ले गया। साथ में मौजूद महिलाओं ने शोर मचाया लेकिन बाघ की दहाड़ से घबरा गईं और गांव में आकर इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। वन विभाग के कर्मचारी और ग्रामीणों ने महिला के शव को खोजने के लिए जंगल में सर्च अभियान चलाया। काफी देर बाद कला देवी का शव जंगल में लहूलुहान हालात में मिला जिससे आक्रोशित हो गए, ग्रामीणों की रेंज अधिकारी अजय ध्यानी के साथ तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की भी हुई।

### भूख हड़ताल के बाद झुका तंत्र

**गरमपानी, अमृत विचार :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे से तमाम गांवों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण काकड़ीघाट - मटीला मोटर मार्ग को दुरुस्त करने तथा जीआइसी चौमूधार में प्रधानाचार्य तथा रिक्त पड़े महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों के पदों पर तैनाती करने की मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से चली आ रही भूख-हड़ताल अधिकारियों के लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हो गई। भूख हड़ताल पर डटे बीडीसी प्रतिनिधि रमेश सिंह भंडारी ने चेतावनी दी की यदि समय रहते व्यवस्थाओं पर सुधार नहीं किया गया तो फिर दोबारा आंदोलन शुरु कर दिया जाएगा। भूख हड़ताल समाप्त होने के बाद अधिकारियों ने भी राहत की सांस ली। हाइवे से सटे मटीला गांव स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक परिसर में बीते मंगलवार से बीडीसी प्रतिनिधि रमेश सिंह भंडारी ने भूख हड़ताल शुरु कर दी थी।

# पति के खिलाफ प्राथमिकी वैवाहिक संबंध में जहर घोलने के समान : कोर्ट

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपहरण के अपराध हेतु दर्ज अलग-अलग प्राथमिकियों का सामना कर रहे तीन लड़कों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई को रद करते हुए कहा कि दो व्यक्तियों के बीच के सच्चे प्रेम को कानून की कठोरता या राज्य की कार्यवाही के माध्यम से नियंत्रित नहीं किया जा सकता है, भले ही वे नाबालिग हों। कई परिस्थितियों में न्याय के तराजू पर ऐसे मामलों को तौलना कठिन हो जाता है, क्योंकि यह गणितीय परिशुद्धता या सूत्रों या प्रमेयों के आधार पर कार्य नहीं करते हैं बल्कि तराजू के एक पलड़े में कानून होता है और दूसरी तरफ बच्चों, उनके माता-पिता और परिवारीजनों का संपूर्ण जीवन होता है, लेकिन कई बार किशोर जोड़ों के खिलाफ राज्य/पुलिस की कार्रवाई को उचित ठहराने में कानून को रूढ़ियों से जूझना पड़ता है। ऐसे मामलों में जहां जोड़े विवाह में प्रवेश करते हैं, वहां उनके माता-पिता द्वारा पति/लड़के के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कार्यवाही उनके वैवाहिक रिश्ते में जहर घोलने जैसी है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने अपहरण के आरोपियों की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए की। दरअसल कोर्ट के समक्ष तीन ऐसे याची थे, जिन पर शिकायतकर्ताओं की बेटियों को बहला-फुसलाकर शादी करने का आरोप है जबकि सभी मामलों में लड़के और लड़कियां पहले से सहमत थे और उनके बीच प्रेम संबंध था। इसके साथ लड़कियों ने भी अपने बयानों में यह स्वीकार किया है कि उन्होंने खुद ही अपना घर छोड़कर अपना जीवनसाथी चुना था। अंत में कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामले वैवाहिक जोड़ों के लिए अधिकतम उत्पीड़न के अलावा कुछ नहीं है, इन्हें जल्द से जल्द रद किया जाना चाहिए।

## हर चेक पोस्ट पर स्थापित किया जाए सीसीटीवी

**देहरादून :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने शनिवार को सचिवालय स्थित वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार में निर्वाचन के दौरान प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर, पुलिस बल व केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक ली।

बैठक में पुलिस, आबकारी समेत अन्य विभागों के अधिकारी शामिल रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. पुरुषोत्तम ने पुलिस व केंद्रीय पुलिस बल की तैनाती, इंटर स्टेट व इंटर डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग व हर चेक पोस्ट पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरा व सर्विलांस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# बॉर्डर पर पुख्ता की जा रहीं सुविधाएं

**संवाददाता, टनकपुर**

**अमृत विचार:** शनिवार को एसएसबी के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी ने पंचम वाहिनी के अंतर्गत आने वाले सीमा क्षेत्र से लगे तीन बीओपी का मुआयना कर जवानों की समस्या भी सुनी। उन्होंने कहा कि नेपाल से लगी भारतीय सीमा पूरी तरह सुरक्षित हैं। सीमा पर स्थित सभी आधारभूत सुविधाओं को तेजी से बढ़ाया जा रहा है।

डीजी चौधरी ने मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन भी किए। इस दौरान मां पूर्णागिरि धाम के पुजारी पंडित गिरीश तिवारी ने पूजा-अर्चना कराने के साथ डीजी को मां पूर्णागिरि धाम के आध्यात्मिक महत्व की जानकारी दी।


सीमा क्षेत्र से लगे बीओपी का मौका मुआयना करते एसएसबी के डीजी दलजीत सिंह चौधरी।

भारत व नेपाल के बीच पांच राज्यों से 1751 किमी की सीमा लगी है। डीजी दलजीत सिंह चौधरी ने भारत-नेपाल सीमा से लगे पंचम वाहिनी के अंतर्गत आने वाली तीन बीओपी कलढुंगा, ठुलीगाड़ और बूम का मुआयना किया। सीमा क्षेत्र में संचार व बिजली व्यवस्था बेहतर किए जाने के भी निर्देश दिए। डीजी ने कहा कि सीमा पर आधारभूत ढांचे को लगातार बेहतर किया जा रहा है। इस अवसर पर एसएसबी रानीखेत के महानिरीक्षक अमित कुमार, पंचम वाहिनी के कमांडेंट अनिल कुमार सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी अमित कुमार, उप कमांडेंट चंद्रशेखर सी पाटिल, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. घनश्याम पटेल आदि मौजूद रहे।



### वायु सेना के 'वायु शक्ति' में आकाश से वज्रपात

**जोधपुर/नयी दिल्ली :** राजस्थान के जैसलमेर में भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब पोखरण रेंज में शनिवार को भारतीय वायुसेना ने अभ्यास 'वायु शक्ति-2024' के तहत युद्ध और हमला करने की क्षमताओं का प्रदर्शन किया। राफेल, एसयू-30 एमकेआई, मिग-29, मिराज-2000, तेजस, सी-17 और सी-130जे सहित भारतीय वायुसेना के 120 से अधिक विमानों ने आकाश से वज्रपात की टैगलाइन को ध्यान में रखते हुए अभ्यास में भाग लिया। लड़ाकू विमानों ने जमीन और हवा में दुश्मन के ठिकानों को निशाना बना नष्ट किया। एक राफेल विमान ने हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल से भी सफलतापूर्वक निशाना साधा। अभ्यास में परिवहन विमानों द्वारा लड़ाकू सहायता परिचालन का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें सी-17 द्वारा भारी रसद की आपूर्ति और भारतीय वायुसेना के विशिष्ट गरुड़ कमांडो को ले जाने वाले सी-130जे द्वारा हमला शामिल है।

# 21 को चार राज्यों में धरना देंगे किसान

**एजेंसी, मुजफ्फरनगर**

**भारतीय** किसान यूनियन (भाकियू) के नेता राकेश टिकैत ने शनिवार को कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर 21 फरवरी को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड में धरना देंगे।

टिकैत ने यह भी बताया कि शनिवार को यहां सिसौली में हुई पंचायत ने एक प्रस्ताव पारित किया है जिसमें संयुक्त किसान मोर्चा से सरकार द्वारा किसानों की मांगें नहीं माने जाने पर 26 और 27 फरवरी को दिल्ली तक ट्रैक्टर मार्च निकालने को कहा गया है। पंचायत ने हरियाणा और पंजाब में हुई घटनाओं की भी निंदा की है। यह पंचायत संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-



**मांगें न पूरी होने पर दिल्ली तक ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे किसान: टिकैत**

राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा द्वारा बुलाए गए किसानों के दिल्ली चलो मार्च के बीच आयोजित की गई थी। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी के अलावा, किसान कृषकों के कल्याण के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने, किसानों और खेत मजदूरों के लिए पेंशन तथा कर्ज माफी, लखीमपुर खीरी हिंसा के पीड़ितों के लिए न्याय, भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को बहाल करने और पिछले आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा देने की भी मांग कर रहे हैं। केंद्र सरकार पर दबाव डालने के लिए किसान पंजाब और हरियाणा के दो सीमा बिंदुओं पर मौजूद हैं जहां उनकी हरियाणा के पुलिस कर्मियों के साथ झड़प हुई है और पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे हैं।

यहां पंचायत में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए टिकैत ने कहा कि किसानों के हित के लिए टिकैत परिवार के सदस्य किसी भी बलिदान के लिए तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सिसौली में हुई पंचायत में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड से भाकियू के 30 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया।

## पात्रों तक योजना का लाभ पहुंचाएं

**देहरादून, अमृत विचार:** राज्यमंत्री अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार ने विकास भवन सभागार देहरादून में अनु. जाति के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। राज्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी माह में एक बार ब्लॉक स्तर पर भ्रमण कर स्थानीय जनप्रतिनिधयों से क्षेत्र की परेशानी पर चर्चा करें।

उन्होंने निर्देश दिए विभिन्न वर्गों के जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ पहले मिले, इसके लिए बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। राज्यमंत्री ने अधिकारियों को धरातल पर जाकर योजना की प्रगति जांचने के निर्देश दिए साथ ही महिला समूहों की आर्थिकी बढाने हेतु उनकों प्रशिक्षित करते हुए स्वरोजगार से जोड़े।

# 2018 से पूर्व मदरसा था न मस्जिद : डीएम

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** डीएम वंदना सिंह ने बनभूलपुरा में धीरे-धीरे कर्फ्यू हटाया जा रहा है, वहां हालात सामान्य हो रहे हैं।

अराजक तत्व रात के अंधेरे का फायदा उठाकर फिर कोई गैरवांछनीय हरकत नहीं कर दे इसलिए रात्रि कर्फ्यू है, दिन में पूरी तरह ढील दे दी गई है। स्कूल बसें, टैक्सी वगैरह नियमानुसार संचालित हो सकती हैं। जनता ने प्रशासन पर भरोसा जताया है तो प्रशासन भी ढाल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि 5 मई से 6 फरवरी तक अतिक्रमण हटाने की 262 कार्रवाई हुई हैं। बनभूलपुरा में भी जो कार्रवाई हुई है, सरकारी जमीन से अवैध निर्माण

**वर्ष 2019 में शुरू की प्लॉटिंग, कोविड-19 लहर में धड़ल्ले से काट दिए प्लॉट**

हटाने की थी। हाईकोर्ट में पूर्व पार्षद ने जनहित याचिका लगाकर कहा था कि सरकारी जमीन स्टांप पर बेची जा रही है। इसी तरह की खरीद फरोख्त मलिक का बगीचा में जमीन की खरीद फरोख्त में हुआ था। यह आरोप कि समुदाय विशेष को टारगेट किया जा रहा है पूरी तरह गलत है। गौलापार के गंगापुर कबडाल में 64 बीघा जमीन से कब्जा छुड़ाया है जिसमें अन्य समुदाय के लोग काबिज थे।

डीएम ने कहा कि सैटेलाइज इमेज के मुताबिक वर्ष 2012 से 2017 तक मलिक का बगीचा में बगीचा था। 2018 के बाद बगीचा गायब हुआ और इसके बाद वहां मदरसा, मस्जिद बनाया गया। 2020 में कुछ हिस्से में प्लॉटिंग हुई और फिर कोविड-19 की लहर में 2023 तक जबरदस्त प्लॉटिंग कर दी गई। बस इस प्लॉटिंग को रोकने के लिए कार्रवाई की गई थी। यह पूरी तरह प्रशासन ने भूमाफिया अब्दुल मलिक के खिलाफ कार्रवाई थी, जिसे जानबूझकर तूल दे दिया गया।

### हर मौत की होगी जांच

डीएम वंदना सिंह ने कहा कि बनभूलपुरा बलवे में जो भी लोग मारे गए हैं, हर मौत की जांच की जाएगी। जैसे प्रकाश की मौत का सच सामने आया है, वैसे ही हर मौत का सच भी सामने आएगा। पुलिस इनकी जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

# बनभूलपुरा दंगे का आरोपी मलिक ईडी के राडार पर

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** सरकारी जमीन पर कब्जे की साजिश करने वाला अब्दुल मलिक अब ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के रडार पर आ चुका है। अरबों के आसामी मलिक और उसके बेटे ने कई राज्यों में अपना साम्राज्य खड़ा किया है। अब पुलिस अब्दुल मलिक और उसके बेटे अब्दुल मोईद की संपत्ति की जांच ईडी से कराने जा रही है।

बनभूलपुरा लाइन नंबर 8 में रहने वाले अब्दुल मलिक की कोठी को देख कर कोई सोच भी नहीं सकता कि कोठी के अंदर दैनिक उपयोग का करोड़ों का माल होगा। फरीदाबाद हरियाणा से बसपा के टिकट कर लोकसभा चुनाव में भाग्य आजमा



**मलिक और उसके बेटे की संपत्ति की जांच के लिए ईडी को भेजेंगे पत्र**

चुके मलिक ने तब हल्द्वानी नगर पालिका से चेयरमैन का चुनाव भी लड़ा, लेकिन हार गया। जेसीबी के शोरूम, कॉलोनाइजर समेत कई धंधे करने वाला मलिक कई शिक्षण संस्थानों का कई राज्यों में संचालन करता है। पुलिस ने हल्द्वानी के लामाचौड़ स्थित उसके मरियम कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल एजुकेशन में भी दस्तावेजों की पड़ताल की। बताया जाता है कि इसकी फ्रेंचाइजी राज्य के बाहर भी कई शहरों में हैं। हल्द्वानी के लैंडमार्क अब्दुल्ला बिल्डिंग का अब्दुल मलिक वारिस भी है, जिसमें कई बड़े घर और बड़े व्यापार संचालित होते हैं। पुलिस पहले से ही मलिक और उसके बेटे की संपत्ति की जांच कर रही है, लेकिन जिस तरह से रिकवरी हो रही है उसे देखते हुए अब ईडी को भी जांच सौंपी जा सकती है। पुलिस सूत्रों कहना है कि ईडी जांच के लिए पुलिस पत्र लिख रही है।

### मलिक की कोठी से मिली राडो की घड़ी और विदेशी करेंसी

अब्दुल मलिक की कोठी कुर्क करने पहुंची पुलिस भी दंग रह गई। बाहर से सामान्य दिखने वाली लाइन नंबर 8 में बनी कोठी अंदर से आलीशान है। 18 घंटे से अधिक वक्त तक चली कार्रवाई में पुलिस को बेशकीमती राडो की घड़ियां, सऊदी का इत्र और विदेशी करेंसी के साथ एक ऐसा डाइनिंग टेबल सेट मिला, जिसकी कीमत 8 लाख रुपये के करीब आंकी जा रही है। कुर्की की कार्रवाई पैरामिलिट्री फोर्स की निगरानी में की गई। शुक्रवार को शुरू हुई कार्रवाई अगले दिन शनिवार दोपहर में खत्म हो सकी। दंगे का मास्टर माइंड लाइन नंबर 8 में बने घर में अपनी पत्नी, बेटे मोईद और बहू के साथ रहता है। इस कोठी में करीब 15 कमरे हैं। शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे पुलिस ने कुर्की की कार्रवाई शुरू की, जो रात 12 बजे तक जारी रही। अगली सुबह करीब 10 बजे फिर कुर्की का सिलसिला शुरू हुआ तो दोपहर बाद तक जारी रहा। करीब 18 घंटे चली इस कार्रवाई में पुलिस ने मलिक के घर में लगे हर वो सामान जब्त कर लिया, जो बिक सकता है। जिसमें घर के खिड़की और दरवाजे भी शामिल हैं।

## खेल डायरी

### भारतीय पुरुष टीम ने पहले मैच में चिली को रौंदा

**विश्व टेटे टीम चैंपियनशिप**

**बुसान (कोरिया), एजेंसी।** भारतीय पुरुष टीम ने शनिवार को चिली को आसानी से 3-0 से हराकर विश्व टेबल टेनिस टीम चैम्पियनशिप में अपना अभियान जीत से शुरू किया। स्टार भारतीय पैडलर (टेबल टेनिस खिलाड़ी) शरत कमल (95 रैंकिंग) ने दुनिया के 53वें नंबर के निकोलस बुरगोस पर जीत हासिल की। इस जीत से भारत दो अंक लेकर ग्रुप तीन में दक्षिण कोरिया (चार अंक) और चिली (तीन अंक) से पीछे तीसरे स्थान पर पहुंच गया। अब भारतीय टीम रविवार को पोलैंड से भिड़ेगी, जिसके बाद उसका सामना सोमवार को दक्षिण कोरिया और मंगलवार को न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय महिला टीम रविवार को हंगरी के सामने होगी।

### नागल हारे, रामकुमार-साकेत ने जीता खिताब में

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल शनिवार को बेंगलुरु ओपन के सेमीफाइनल में इटली के स्टेफानो नापोलिटानो से हार गए। इटली के खिलाडी के सामने रविवार को खिताबी मुकाबले में दक्षिण कोरिया के सेओंगचान होंग की चुनौती होगी। रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ने फाइनल में फ्रांस के मैक्सिम जानवियर और कॉन्स्टेंटाइन कॉजमीन की जोड़ी को हराकर पुरुष युगल खिताब जीता। रामकुमार और साकेत के लिए यह लगातार दूसरा खिताब था। उन्होंने पिछले हफ्ते चेन्नई में खिताब जीता था। वहीं सेमीफाइनल से पहले नागल को एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आने के लिए केएसएलटीए द्वारा सम्मानित किया गया और पांच लाख का चेक दिया गया।

### तूर, ज्योति, हरमिलन को एशियाई खेलों में मिला स्वर्ण

**तेहरान, एजेंसी।** भारत के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर, फर्राटा धाविका ज्योति याराजी और लंबी दूरी की धाविका हरमिलन बैंस ने शनिवार को एशियाई इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन अपनी-अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता। तूर और ज्योति ने अपने-अपने राष्ट्रीय रिकॉर्ड में सुधार किए। तूर ने अपने दूसरे प्रयास में 19.72 मीटर के साथ नया राष्ट्रीय इनडोर रिकॉर्ड कायम किया। ज्योति ने महिलाओं की 60 मीटर बाधा दौड़ 8.12 सेकंड में पूरी कर स्वर्ण पदक जीता। हरमिलन बैंस ने 1500 मीटर दौड़ में 4 मिनट 29.55 सेकंड में स्वर्ण जीता। शैली सिंह और नयना जेम्स ने भी महिलाओं की लंबी कूद में क्रमशः 6.27 और 6.23 मीटर के साथ पांचवां और छठा स्थान पाया।

### भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया को दी शिकस्त

**राउरकेला, एजेंसी।** वंदना कटारिया के गोल की बदौलत भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग मैच में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को 1-0 से हराकर उलटफेर करने में सफल रही। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज टीम की रक्षापंक्ति ने शानदार खेल दिखाते हुए ऑस्ट्रेलिया की अग्रिम पंक्ति को गोल करने का मौका नहीं दिया। वंदना ने 34वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदल कर भारत को बढ़त दिलाई जो मैच के आखिर तक बरकरार रहा। मौजूदा टीम में टीम की यह 7 मैचों में सिर्फ दूसरी जीत है। इस जीत के साथ ही भारत ने इस महीने की शुरुआत में भुवनेश्वर चरण में ऑस्ट्रेलिया से मिली 0-3 की हार की टीस को कुछ हद तक कम किया। भारतीय टीम को घरेलू चरण के अपने आखिरी मैच में रविवार को अमेरिका से भिड़ना है।

### एफआईएच प्रो लीगः भारत ने आयरलैंड को 1-0 से हराया



**भुवनेश्वर, एजेंसी।** गुरजंत सिंह के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की बदौलत भारत ने शुक्रवार रात कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयरलैंड पर 1-0 की जीत के साथ एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण का समापन किया। गुरजंत सिंह 60वें मिनट में भारत की ओर से एकमात्र गोल करने वाले खिलाड़ी थे। भारत ने मैच में आक्रमण शुरुआत की। उन्हें मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर तीसरे मिनट में मिला, लेकिन हरमनप्रीत की ड्रैग-फ्लिक को आयरिश डिफेंडर ने पोस्ट के पास बचा लिया। भारत ने गुरजंत के फील्ड गोल के जरिए गतिरोध तोड़ दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अब लीग के अपने रिटर्न मैच खेलने के लिए राउरकेला जाएगी। भारत राउरकेला चरण के अपने पहले मैच में 19 फरवरी को स्पेन से भिड़ेगा।

# जायसवाल का शतक, भारत ने इंग्लैंड पर कसा शिकंजा

## तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन यशस्वी के 104 और शुभमन के नाबाद 65 रन से भारत को 322 रन की बढ़त

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला**

**राजकोट, एजेंसी**



भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (104 रन रिटायर्ड हर्ट) के तीसरे टेस्ट शतक और शुभमन गिल के नाबाद 65 रन से इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे दिन स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 196 रन बनाकर मैच में शिकंजा कस दिया। जायसवाल (133 गेंद, 9 चौके, 5 छक्के) ने मैदान के चारों ओर शॉट लगाए और श्रृंखला में दूसरा शतक जड़कर 400 से ज्यादा रन बना चुके हैं। इससे भारत की कुल बढ़त 322 रन की हो गई है।

खेल समाप्त होने तक गिल (120 गेंद, 6 चौके, 2 छक्के) के साथ दूसरे छोर पर रात्रि प्रहरी कुलदीप यादव 3 रन बनाकर खेल रहे हैं। जायसवाल के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद रजत पाटीदार बिना खाला खोले रेहान अहमद का शिकार हो गए। जायसवाल ने आक्रामक बल्लेबाजी की शुरूआत जेम्स एंडरसन के ओवर में 2 चौके और 1 छक्का लगाकर 19 रन बनाकर की। अगले ओवर में टॉम हार्टले पर 2 छक्के जड़ दिए। इंग्लैंड ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बदलाव किया लेकिन जायसवाल की आक्रामकता बनी रही। उन्होंने फिर अहमद पर दो रिवर्स स्वीप शॉट लगाए। मार्क वुड की गेंदबाजी पर जायसवाल थोड़े शांत हुए लेकिन तब वह 90 रन के करीब पहुंचे तो एक एक रन लिए। वुड पर चौका लगाकर उन्होंने तीसरा शतक पूरा किया। लेकिन पीठ में खिंचाव से उनको रिटायर होना पड़ा। इंग्लैंड को पहली पारी में 319 रन पर समेटने के बाद खेलने उतरी भारतीय टीम ने दूसरे सत्र में कप्तान रोहित शर्मा (19) का विकेट जल्दी गंवा दिया। रोहित जो रूट की गेंद पर स्लॉग स्वीप शॉट की कोशिश में पगबाधा आउट हुए। वहीं गिल ने पांचवां अर्धशतक जड़ा। रविवार को भारतीय टीम इस बढ़त को 400 से आगे बढ़ाना चाहेगी। रोहित के जल्दी आउट होने से भारत की चिंता बढ़ सकती थी क्योंकि बढ़त ज्यादा नहीं थी लेकिन जायसवाल और गिल ने दूसरे विकेट के लिए नाबाद 155 रन की सांझेदारी की। दोपहर के सत्र में मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए भारत को पहली पारी में 126 रन की बढ़त दिलाई। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 290 रन बना लिए थे लेकिन पूरी टीम 71.1 ओवर में 319 रन पर सिमट गई। इसमें सिराज ने 4 और कुलदीप ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ने क्रमशः 1 और 2 विकेट लिए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (41) ने जडेजा (51 रन देकर 2 विकेट) पर हावी होने का प्रयास किया लेकिन उनकी टाइमिंग सही नहीं थी और बुमराह ने डीप मिडविकेट पर कैच लेकर बड़ा विकेट लिया। बेन फोक्स (13) सिराज की गेंद पर आउट हो गए और उनका कैच रोहित ने मिड ऑन पर लपका। सिराज ने फिर रेहान अहमद और जेम्स एंडरसन के विकेट झटके। वहीं जडेजा ने टॉम हार्टले का विकेट लिया। सुबह बुमराह (54 रन देकर 1 विकेट) और कुलदीप (77 रन देकर 2 विकेट) ने भारत को दबदबा बनाने में मदद की। बेन डकेट ने रात की 133 रन की पारी को 153 रन में तब्दील किया। उन्होंने 151 गेंद पर 23 चौके और 2 छक्के जड़े थे। वह कुलदीप का शिकार हुए। इंग्लैंड ने सुबह 2 विकेट पर 207 रन से खेलना शुरू किया। इंग्लैंड ने जो रूट (18) का विकेट गंवा दिया जो रात के स्कोर में 9 रन ही जोड़ सके। वह बुमराह की गेंद पर रिवर्स शॉट खेलकर दूसरी स्लिप में खड़े यशस्वी जायसवाल को कैच दे बैठे।



### भारतीय टीम ने पूर्व कप्तान की याद में बांह पर बांधी पट्टी

भारतीय खिलाड़ियों ने इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे टेस्ट के तीसरे दिन पूर्व कप्तान दत्ताजीराव गायकवाड़ की याद में बांह में काली पट्टी बांधी। भारत के लिए 1951 से 1962 के बीच 11 टेस्ट खेलने वाले दत्ताजीराव का 13 फरवरी को निधन हो गया था। दत्ताजीराव पूर्व बल्लेबाज और कोच अंशुमन गायकवाड़ के पिता थे।

### अश्विन ने राजकोट टेस्ट से नाम लिया वापस

रविचंद्रन अश्विन ने पारिवारिक कारणों के चलते इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच से नाम वापस ले लिया है। बीसीसीआई ने शुक्रवार देर रात इसकी पुष्टि करते हुए बयान जारी किया कि अश्विन पारिवारिक चिकित्सा आपातकाल के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट से हट गए हैं। इस चुनौतीपूर्ण समय में बीसीसीआई और टीम अश्विन का पूरा समर्थन करती है।

### मैदान पर जो रूट का शॉट चयन चौकाने वाला थाः सिराज



**राजकोट।** तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इस बात से हैरान हैं कि मैच के तीसरे दिन क्रीज पर इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने जसप्रीत बुमराह के खिलाफ 'रिवर्स रैंप' शॉट खेला और विकेट गंवा दिया। रूट एक घंटे क्रीज पर बिता चुके थे और 18 रन पर खेल रहे थे। वह दूसरे बल्लेबाजों की तरह तेजी से रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने स्ट्राइक रेट बढ़ाने के लिए बुमराह के खिलाफ स्लिप से ऊपर से 'रिवर्स रैंप' शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन दूसरी स्लिप में यशस्वी को कैच दे बैठे। टीम के लिए शतक जड़ने वाले बेन डकेट (153) के साथ उनकी साझेदारी टूटने के बाद इंग्लैंड अपने कुल स्कोर में 100 रन भी नहीं जोड़ सका। इंग्लैंड की पहली पारी 319 रन पर सिमटी जिससे भारत ने 126 रन की बढ़त हासिल की। सिराज ने कहा कि बेन डकेट के साथ रूट साझेदारी बढ़ रही थी, अगर वह थोड़ा और खेलते तो हमारे लिए मुश्किल हो जाती।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी-445) | दूसरी पारी 196/2 (51 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल रिटायर्ड हर्ट | 104 | 133 | 9/5 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट | 19 | 28 | 3/0 |
| शुभमन गिल खेल रहे हैं | 65 | 120 | 6/2 |
| रजत पाटीदार का अहमद बो हार्टले | 00 | 10 | 0/0 |
| कुलदीप यादव खेल रहे हैं | 03 | 16 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 05, **विकेट पतन:** 1-30, 2-191, **गेंदबाजी:** एंडरसन 6-1-32-0, रूट 14-2-48-1, हार्टले 15-2-42-1, वुड 8-0-38-0, अहमद 8-0-31-0

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 319/10 (71.1 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन | 15 | 28 | 2/0 |
| बेन डकेट का गिल बो कुलदीप | 153 | 151 | 23/2 |
| ओली पोप पगबधा बो सिराज | 39 | 55 | 5/1 |
| जो रूट का जायसवाल बो बुमराह | 18 | 31 | 2/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 04 | 0/0 |
| बेन स्टोक्स का बुमराह बो जडेजा | 41 | 89 | 6/0 |
| बेन फोक्स का रोहित बो सिराज | 13 | 37 | 2/0 |
| रेहान अहमद बो सिराज | 06 | 13 | 1/0 |
| टॉम हार्टले स्ट जुरेल बो जडेजा | 09 | 17 | 2/0 |
| मार्क वुड नाबाद | 04 | 03 | 1/0 |
| जेम्स एंडरसन बो सिराज | 01 | 03 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 20, **विकेट पतन:** 1-89, 2-182, 3-224, 4-225, 5-260, 6-299, 7-299, 8-314, 9-314, 10-319, **गेंदबाजी:** बुमराह 15-1-54-1, सिराज 21.1-2-84-4, कुलदीप 18-2-77-2, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 10-0-51-2

### यशस्वी बड़ा खिलाड़ी बनने की राह परः डकेट



**राजकोट।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने भारत के यशस्वी जायसवाल को 'उभरता हुआ सितारा' करार देते हुए कहा कि टेस्ट क्रिकेट में विपक्षी खेमे के खिलाड़ियों को आक्रामक बल्लेबाजी करने के लिए प्रेरित करने का श्रेय उनकी टीम को दिया जाना चाहिए। जायसवाल ने इंग्लैंड की बहुचर्चित 'बैजबॉल' तरीके से बल्लेबाजी करते हुए तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन शनिवार को भारत की दूसरी पारी में शतक ठोका। पीठ में ऐंठन के कारण रिटायर्ड हर्ट होने से पहले उन्होंने 133 गेंदों में 104 रन की पारी में नौ चौके और पांच छक्के लगाए। जायसवाल एक समय 73 गेंद में 35 रन बनाकर खेल रहे थे लेकिन दिन के आखिरी सत्र में उन्होंने अपना रवैया बदला और आक्रामक शॉट से शतक पूरा किया। डकेट ने कहा कि जब आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को इस तरह खेलते हुए देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि हमें कुछ श्रेय लेना चाहिए।

# रणजी में दोहरा शतक जड़ संजीत ने रचा इतिहास



दोहरा शतक जड़ने के बाद बल्ले को चूमते संजीत देसाई।

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचारः** छत्तीसगढ़ के बल्लेबाज संजीत देसाई ने इकाना स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी मुकाबले के दूसरे दिन शनिवार को इतिहास रचा। उन्होंने अपने 15वें प्रथम श्रेणी मैच में पहला शतक जड़ा और उन्होंने दोहरे शतक का सफर तय किया। उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेल के दूसरे दिन शनिवार को संजीत देसाई ने 202 और कप्तान अमनदीप खरे ने 114 रन की पारी खेली। इससे छत्तीसगढ़ ने 414 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया।

उत्तर प्रदेश की टीम अपनी पहली पारी खेलने के लिए मैदान में पहुंची। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक मेजबान उत्तर प्रदेश ने तीन विकेट पर 110 रन बना लिए हैं। छत्तीसगढ़ से उत्तर प्रदेश 304 रन पीछे है। सौरभ कुमार 55 और कप्तान नितीश राणा 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं।

संजीत ने 113 और अमनदीप 70 रन की अपनी पारी को आज आगे बढ़ाया। पांचवें विकेट के लिए दोनों बल्लेबाजों के बीच 332 गेंदों पर 212 रनों की साझेदारी हुई। अमनदीप ने 151 गेंदों पर 114 रन 15 चौके और एक छक्के की मदद से बनाए। टीम का स्कोर जब 212 रन था तब अमनदीप को आकिब खान ने नितीश राणा के हाथों कैच करा दिया। दूसरे छोर पर टिके संजीत आठवें विकेट के रूप में आउट हुए। उन्हें अटल बिहारी ने शोएब सिद्दीकी के हाथों कैच कराया। संजीत ने 356 गेंदों पर 23 चौके और 4 छक्के की मदद से 202 रन बनाए। संजीत का इससे पहले उच्च स्कोर 67 रन था। संजीत की आक्रामक बल्लेबाजी पर उत्तर प्रदेश के गेंदबाज अंकुश लगाने में असफल रहे। उन्हें रोकने को उत्तर प्रदेश ने कई बार रणनीति बदली।

### उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार के 300 विकेट

उत्तर प्रदेश के सौरभ कुमार सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 55 रन देकर 5 विकेट चटकाए। सौरभ कुमार प्रथम श्रेणी मैचों में 300 विकेटों का आंकड़ा पार कर गए। उन्होंने अपने 70वें प्रथम श्रेणी मैच में 5 विकेट लेकर अपने विकेटों की संख्या 302 पहुंचा दी है। सौरभ के अलावा आकिब खान ने तीन, अटल बिहारी और यश दयाल ने एक-एक विकेट लिए।

### सौरभ संग कप्तान नितीश राणा ने संभाला मोर्चा

पहली पारी खेलने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत आज अच्छी नहीं रही। 40 रनों के योग पर अभिषेक गोस्वामी (4), प्रियम गर्ग (6), कर्ण शर्मा (6) पवेलियन लौट गए। इसके बाद बल्लेबाज सौरभ कुमार और कप्तान नितीश राणा ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने बड़ी सूझबूझ से बल्लेबाजी की। दोनों उत्तर प्रदेश को 110 रनों तक ले गए। आज का खेल खत्म होने तक सौरभ कुमार 55 और नितीश राणा 38 रन बनाकर विकेट पर मौजूद हैं। छत्तीसगढ़ के रवि किरन ने दो और आशीष चौहान ने एक विकेट लिया।

# महिला टीम पहली बार फाइनल में

## सेमीफाइनल में पूर्व चैंपियन जापान को 3-2 से हराया

**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**

**बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप**



भारतीय महिला टीम ने शनिवार को सेमीफाइनल में दो बार की पूर्व चैम्पियन जापान को 3-2 से हराकर पहली बार बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने पहला युगल, अस्मिता चालिहा ने दूसरा एकल और 17 वर्षीय अनमोल खरब ने निर्णायक एकल जीतकर भारत को खिताबी भिड़ंत तक पहुंचाया। भारतीय महिला टीम रविवार को फाइनल में थाईलैंड के सामने होगी।

भारत ने 2016 और 2020 के चरण में पुरुष टीम स्पर्धा में दो कांस्य पदक जीते थे। जापान की टीम हालांकि अकाने यामागुची, युकी फुकुशिमा और सयाका हिरोटा तथा मायु मातसुमोटो और वाकाना नागाहारा के बिना खेल रही थी। उसने भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश की। पीवी सिंधू पहले एकल में अया ओहोरी के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी। तृषा और गायत्री ने पहले युगल ने नामी मातसुयामा और चिहारू शिडा की जोड़ी को हराकर भारत को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अस्मिता ने फिर नोजोमी ओकुहारा के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और क्रास शॉट और स्मैश से उलटफेर भरी जीत से भारत को 2-1 से आगे कर दिया। तनीषा क्रास्टो को चोट लगी है, जिससे सिंधू ने अश्विनी पोनप्पा के साथ जोड़ी बनाई लेकिन वे रेना मियायूरा और अयाको साकुरामोटो की जोड़ी की बाधा पार नहीं कर सकी और हार गई। अब दोनों टीमें 2-2 की बराबरी पर थीं। अनमोल ने नातसुकी निडायरा को हराकर भारत को पहली बार फाइनल में पहुंचाया।

## बॉलीवुड हलचल

# कबीर के साथ फिर काम करेंगे सलमान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान एक बार फिर से कबीर खान की फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। सलमान खान ने निर्देशक कबीर खान के साथ सुपरहिट फिल्म एक था टाइगर में काम किया। इसके बाद सलमान खान और कबीर खान की जोड़ी बजरंगी भाईजान में साथ नजर आयी। लंबे समय के बाद यह जोड़ी एक बार फिर से नजर आ सकती है। कबीर खान इन दिनों साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'चंदू चैंपियन' की शूटिंग में व्यस्त है। सलमान खान दोबारा कबीर खान के साथ काम करने पर विचार कर रहे हैं। सलमान खान ए आर मुरुगदास की फिल्म के बाद कबीर सिंह की फिल्म कर सकते हैं।

### वेबसीरीज शोटाइम में सुपरस्टार के किरदार में हैं राजीव




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता राजीव खंडेलवाल वेबसीरीज शो टाइम में सुपरस्टार के किरदार में नजर आएंगे। राजीव इन दिनों वेबसीरीज शो टाइम को लेकर चर्चा में है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शो टाइम पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। राजीव ने शो टाइम में सुपरस्टार अरमान सिंह का किरदार निभाया है। राजीव ने बताया, शो टाइम में मेरा किरदार कई सुपरस्टार्स से प्रेरित है। इस सीरीज में कई कलाकार की कहानी को दिखाया जाएगा। मैं उनका नाम नहीं लूंगा, लेकिन मुझे यकीन है कि सीरीज देखकर आपको उनमें से कुछ की याद जरूर आएगी। राजीव ने कहा, शो टाइम में वह कहानियां हैं जो हमने सुपरस्टार्स के बारे में सुनी हैं। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। शुरू में शो टाइम करने से मैंने ना कह दिया था। मुझे लगा कि यह कुछ बहुत अलग है। मैं कभी भी अरमान के किरदार से खुद को जोड़ नहीं पाया हूं।

# घरवाली बाहरवाली-3 में नजर आएंगे शुभी-यश




**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री शुभी शर्मा एवं अभिनेता यश कुमार की आने वाली फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 की शूटिंग शुरू हो गई है। इसके निर्माता और निर्देशक अजय श्रीवास्तव हैं। अजय श्रीवास्तव एवं यश कुमार ने कहा कि घरवाली बाहरवाली फिल्म को लोगों ने खूब सराहा था। उसी वक्त हमने इसके सीक्वल का फैसला किया था और हम इसकी शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हमारी इस फिल्म की कहानी फैमिली प्रो है और इसमें लोगों को संस्कार, व्यवहार और इमोशन के साथ एक हेल्दी मनोरंजन मिलने वाला है। फिल्म की कहानी पर ज्यादा अभी बात नहीं की जा सकती लेकिन इसके हाइलाइट्स ऐसे होने वाले हैं जो आपको फिल्म के प्रति आकर्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि यह फिल्म भी पहली फिल्म की अपेक्षा लोगों में ज्यादा पसंद की जाएगी। शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म मेरे लिए कई मायनों में खास है। सबसे पहले की इस फिल्म में मेरा किरदार बेहद दमदार है और मैं अपने किरदार को लेकर बेहद उत्साहित हूं। दूसरी बात यह भी है कि इन दोनों भोजपुरी में कई अच्छी फिल्में बन रही हैं उनमें से जो स्क्रिप्ट मुझे पसंद आती है मैं उसे हां करने में देर नहीं लगती। घरवाली बाहरवाली-3 लोगों को अपनेपन का फील देगी और मैं समझती हूं कि यह फिल्म हर कोई अपने घर परिवार में या फिर दोस्तों के साथ मिलकर देख सकेंगे। गीत संगीत और संवाद बेहद सुग्राही है। मैं अपील करुंगी कि जब यह फिल्म रिलीज हो तो आप सभी जरूर इसे देखें और अपना प्यार एवं आशीर्वाद दें। उल्लेखनीय है कि अजय श्रीवास्तव निर्मित और निर्देशित फिल्म घरवाली बाहरवाली-3 के लेखक संजय राय हैं, जबकि फिल्म में यश कुमार और शुभी शर्मा के साथ गरिमा दीक्षित, नीलम पांडेय, जयप्रकाश सिंह, धनंजय सिंह और रविकांत यादव भी प्रमुख भूमिका में दिखेंगे।

# शुभी शर्मा और देव सिंह की फिल्म 'सास हैं कि डायन' बनकर तैयार



**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी अभिनेत्री शुभी शर्मा और अभिनेता देव सिंह की आने वाली फिल्म सास हैं कि डायन की शूटिंग पूरी हो गई है। निर्माता अंशुमान सिंह और निर्देशक राजकुमार प्रसाद राजू फिल्म सास हैं कि डायन लेकर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर देव सिंह ने बताया कि इसमें मेरा किरदार कुछ अलग है, जिसे करके खूब मजा आया उम्मीद करता हूं कि यह दर्शकों को भी पसंद आएगा। मुझे अभिनेता के तौर पर हर तरह के किरदार को निभाने की ललक रही है और जब भी मुझे यह मौका मिलता है तो मैं उसे करता हूं। इस फिल्म में एक से एक दिग्गज कलाकार हैं। उनके साथ काम करके एक अलग ही अनुभूति हुई। वहीं, शुभी शर्मा ने कहा कि यह फिल्म सीधा-सीधा परिवार के सेंटीमेंट पर आधारित है। जब मुझे इसका ऑफर आया था। तब मैं भी टाइटल सुनकर चौंक गई थी, लेकिन कहानी ने मुझे इस फिल्म से जोड़ लिया और आज यह फिल्म तैयार है। जास मोशन पिक्चर के बैनर से बनी फिल्म के कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण हैं। फिल्म के लेखक सुरेंद्र मिश्रा और विवेक मिश्रा हैं। डीओपी हरीश सावंत और संगीत अमन श्लोक का है। फिल्म में देव सिंह और शुभी शर्मा, ऋचा दिक्षित, रितेश उपाध्याय, रामसूजन सिंह, जे नीलम, सोनिया मिश्रा, विद्या सिंह, रोहित सिंह मटरू, जाफरी, सहिस्ता रॉय और रागिनी दुबे हैं।

### कुछ रीत जगत में हेमराज का किरदार चुनौतीपूर्ण : धर्मेश



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता धर्मेश व्यास का कहना है सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के आने वाले शो कुछ रीत जगत की ऐसी है में 'हेमराज' का किरदार निभाना उनके लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। धर्मेश व्यास और ख़ुशी राजपूत ने नंदिनी के सास-ससुर हेमराज रतनशी और चंचल रतनशी की भूमिका निभाई हैं। धर्मेश व्यास ने बताया, कुछ किरदार यह बताने के लिए बनाए जाते हैं कि समाज में क्या नहीं किया जाना चाहिए। ऐसा ही हेमराज का किरदार है। हालांकि मैं इसके खिलाफ हूं जो परंपरा के नाम पर छिपा हुआ है, इसलिए हेमराज का किरदार निभाना एक चुनौती है और साथ ही मेरे लिए ऐसी प्रथाओं के खिलाफ जागरूकता पैदा करने और बातचीत शुरू करने का एक मौका भी है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

## एक नजर

### हैजा पीड़ितों की मदद को भारत ने जाम्बिया भेजी दवाओं की खेप

**नई दिल्ली।** जाम्बिया में हैजा का प्रकोप सामने आया है। हैजा की गंभीरता को देखते हुए भारत ने जाम्बिया को मानवीय सहायता भेजी है। भारत ने हैजा पीड़ितों की मदद के लिए लगभग 3.5 टन वजनी मानवीय सहायता खेप भेजी है। इसमें जल शुद्धिकरण के लिए जरूरी सामान, क्लोरीन की गोलियां और ओआरएस पाउच शामिल हैं। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने बताया कि भारतीय उच्चायुक्त ने जाम्बिया सरकार को मानवीय सहायता की खेप सौंप दी है। उन्होंने कहा कि भारत इस कठिन समय में जाम्बिया के साथ खड़ा है।

### ईरान: सिरफिरे ने अपने ही 12 रिश्तेदारों को मारी गोली, मौत

**तेहरान।** ईरान के दूरदराज ग्रामीण इलाके में 30 वर्षीय एक सिरफिरे शख्स ने शनिवार को अपने 12 रिश्तेदारों की गोली मारकर हत्या कर दी। यह गोलीबारी दशकों में हुई सबसे घातक घटना है। करमान प्रांत के न्याय विभाग के प्रमुख इब्राहिम हामिदी ने बताया कि बंदूकधारी ने पारिवारिक विवादों के कारण एक गांव में सुबह-सुबह अपने पिता, भाई और अन्य रिश्तेदारों पर गोलियां चला दीं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हमलावर की अभी पहचान नहीं हुई है और उसने कलाश्निकोव असॉल्ट राइफल का इस्तेमाल किया। ईरान में किसी भी हिंसक घटना में मरने वालों की संख्या ये सबसे अधिक है।

### मुंबई में 31.6 लाख के मादक पदार्थों के साथ तीन गिरफ्तार

**ठाणे।** नवी मुंबई में 31.6 लाख रुपये मूल्य की मेथिलीन डाइऑक्सी-मेथामफेटामाइन (एमडीएमए) और ब्राउन शुगर रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम कोपरखैरने इलाके से संदिग्ध रूप से घूम रहे आरोपियों को पकड़ा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 63 ग्राम एमडीएमए और 253 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद की, जिसकी कीमत 31.6 लाख रुपये है। आरोपी मोहम्मद शमीम इस्माइल अंसारी उर्फ सैम, खालिदा खातून मोहम्मद अजीम अंसारी और आफिया खातून हयात मोहम्मद अंसारी को गिरफ्तार किया गया जबकि उनकी साथी रुकसाना अंसारी फरार है।

### ब्रिटेन: हत्या के आरोप में भारतीय मूल के युवक को उम्रकैद की सजा

**लंदन।** लंदन की एक अदालत ने महिला की हत्या के 30 साल पुराने मामले में भारतीय मूल के एक युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संदीप पटेल को 1994 में लंदन के वेस्टमिंस्टर इलाके में मरीना कोप्पेल नामक महिला के फ्लैट पर चाकू मारकर उनकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था। दोषी मानते हुए कोर्ट ने शुक्रवार को उम्रकैद की सजा सुनाई है। पुलिस ने कहा-मजबूत साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई गई है।

## तेलंगाना में बदमाशों ने 20 कुत्तों को मारी गोली, 5 जख्मी जांच में जुटी पुलिस टीम

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना के महबूबनगर जिले में गुरुवार रात कुछ अज्ञात बदमाशों ने 20 आवारा कुत्तों की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी। गोलीबारी में पांच कुत्ते बुरी तरह जख्मी भी हैं। पुलिस को घटना के बारे में शुक्रवार को पता चला। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग से महज दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस गांव में गोलीबारी के बाद लोग काफी डरे हुए हैं।

स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ता अदुलापुरम गौतम ने कहा, 'स्थानीय लोगों ने बताया कि आधी रात के बाद कार में कुछ नकाबपोश आए और कुत्तों पर बंदूक से गोलियां चला दीं। इस घटना में लगभग 20-25 कुत्ते मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। हमने इस घटना को लेकर पुलिस अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि अज्ञात बदमाशों की पहचान की जा रही है। शुरुआती जांच में एक प्रत्यक्षदर्शी ने दावा किया है कि कार में आए एक व्यक्ति ने ही अपराध को अंजाम दिया है। पंचायत अधिकारी की शिकायत के आधार पर पुलिस ने शस्त्र अधिनियम और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।

## हैदराबाद में आकार ले रही गूगल की भव्य इमारत

*तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक भव्य इमारत आकार ले रही है। ये है, सर्च इंजन गूगल का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा ऑफिस। जो शहर के वित्तीय इलाके गच्छीबावली क्षेत्र में बन रहा है। करीब 1500 लोग दिन-रात इसे बनाने में जुटे हैं, फिर भी इसके 2026 तक पूरा होने की संभावना कम है। यहां काम कर रहे प्रोजेक्ट इंजीनियरों ने बताया कि ऑफिस 30 लाख वर्ग फीट में बन रहा है, जिसका अभी करीब 20% ही काम हुआ है। इसे पूरा बनने में अभी 7 साल और लगेंगे।*

**1000** करोड़ रु. की लागत से तैयार हो रहे ऑफिस में 18 हजार कर्मचारी कर सकेंगे काम

**30** लाख वर्ग फीट में हैदराबाद में बन रहा है गूगल का दूसरा सबसे बड़ा कार्यालय

### सबसे बड़ा ऑफिस माउंटेन व्यू



गूगल का ऑफिस 35 लाख वर्ग फीट में बना अभी हैदराबाद के कोंडापुर में गूगल का जो दफ्तर है, उसमें 7 हजार कर्मचारी है। जबकि गूगल का सबसे बड़ा ऑफिस अमेरिका के कैलिफोर्निया के माउंटेन व्यू में है, जो करीब 35 लाख वर्ग फीट में फैला हुआ है।






### अंडाकार में बनेगी इमारत

अभी नींव का बेस बन चुका है। उसके ऊपर चार बड़े त्रिकोणीय स्तंभ बन रहे हैं। इनके ऊपर 23 मंजिला ऑफिस की अंडाकार इमारत खड़ी होगी, जिसमें एक साथ 18 हजार कर्मचारी काम कर सकेंगे। प्रोजेक्ट की लागत 1000 करोड़ रुपये है।

### हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम्स हॉल

ब्रिटिश फर्म ऑलफोर्ड हॉल मोनाघन मॉरिस ने इसे डिजाइन किया है। ये भारत में कंपनी का पहला निर्माण है। इस ऑफिस को हरेक मंजिल पर सूरज की रोशनी और ताजी हवा रहेगी। छत ऐसे डिजाइन की गई है कि उसे कभी भी खोला या बंद किया जा सके। इसमें 7 कैफेटेरिया होंगे। हर तीसरी मंजिल पर जिम और इंडोर गेम हॉल भी डिजाइन किए जाएंगे।

### अभी भारत का सबसे बड़ा ऑफिस सूरत डायमंड बुर्स



भारत में सबसे बड़ा ऑफिस कॉम्प्लेक्स सूरत डायमंड बुर्स है, जो 71 लाख वर्ग फोट में बना है। यदि कैंपस की बात करें तो इंफोसिस का मैसूर कैंपस है, जो 350 एकड़ यानी डेढ़ करोड़ वर्ग फीट में है। सूरत डायमंड बोर्स को 3,500 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन फरवरी 2015 में शुरू हुआ था। अप्रैल 2022 में इसका काम पूरा हुआ। एसडीबी को सूरत की डायमंड इंडस्ट्री ने मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग दोनों के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में स्थापित किया है। सूरत दुनिया के 92 फीसदी नेचुरल डायमंड की मैन्युफैक्चरिंग करता है।

### पाकिस्तान: चुनाव में धांधली की जिम्मेदारी लेते हुए नौकरशाह ने दिया इस्तीफा, सीईसी पर लगाया आरोप

## ईसी-मुख्य जज चुनाव धांधली में शामिल

**इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान में आम चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद एक हफ्ते का समय गुजर चुका है। लेकिन नई सरकार का गठन नहीं हो पाया है। इस बीच, एक वरिष्ठ नौकरशाह ने चुनाव में सभी धांधलियों की जिम्मेदारी लेते हुए शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजे) हालिया चुनाव में हुईं गड़बड़ियों में शामिल थे।

रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा की ओर से यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने आठ फरवरी को हुए चुनावों को लेकर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू कर दिए हैं। पीटीआई आम चुनाव में धांधली और जनादेश की चोरी का आरोप लगा रही है।

चट्ठा ने रावपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो उम्मीदवार चुनाव हा रहे थे, उन्हें जीत दिलाई गई थी। डॉन अखबार ने उनके हवाले से कहा, मैं इन सभी गलत कामों की जिम्मेदारी ले रहा हूं।

मैं आपको बता दूं कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) भी पूरी तरह से धांधली में शामिल थे। चट्ठा ने चुनाव परिणामों में हेराफेरी की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश की पीठ में छुरा घोंपा गया है, जिस वजह से उन्हें नींद नहीं आती है। उन्होंने कहा, मैंने जो अन्याय किया है, उसके लिए मुझे सजा मिलनी चाहिए।



### चुनाव में धांधली के विरोध में सड़कों पर पाकिस्तानी अवाम

कराची पाकिस्तान में 8 फरवरी को हुए चुनावों में धांधली को लेकर विपक्ष खुलकर सड़कों पर आ गया है। सिंध प्रांत में भुट्टो-जरदारी परिवार की पार्टी पीपीपी के खिलाफ बने ग्रैंड डेमोक्रेटिक अलायंस (जीडीए) के हजारों प्रदर्शनकारियों ने जामशोरो में हाइवे को जाम कर दिया। जीडीए का आरोप है कि सिंध में पीपीपी को जीताने के लिए सेना और प्रशासन ने जमकर गड़बड़ियां की है। लोगों को संबोधित करते हुए जीडीए प्रमुख पीर पागरा ने कहा कि आम चुनाव में पीटीआई के निर्दलीय प्रत्याशियों को परेशान किया गया, लेकिन चुनाव आयोग सोता रहा।

### पीएमएलएन ने पीटीआई की मांग की आलोचना की



पाकिस्तान मुस्लिम-लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की आम चुनाव में कथित धांधली में अमेरिकी दखल की जांच की मांग की आलोचना की और कहा कि यह पाकिस्तान पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पार्टी है। इमरान खान ने गुरुवार को अमेरिका को संदेश दिया था कि उसे पाकिस्तान के आम चुनाव में धांधली पर चिंता जतानी चाहिए। इसके बाद पीएमएल-एन की नेता मरियम औरंगजेब ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, हम गुलाम नहीं हैं। यह पाकिस्तान की संप्रभुता के खिलाफ होगा। पीएमएल-एन ने चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ अमेरिका से मदद मांगने को लेकर पीटीआई की आलोचना और उसे याद दिलाया कि आपके अनुसार अमेरिका ने आपकी सरकार गिराने के लिए साजिश रची थी।

## थोड़ा मतभेद न्यायपालिका कार्यपालिका में जरूरी: कौल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **संसद रत्न कार्यक्रम में उन्होंने कहा लोकतंत्र में संतुलन के लिए टकराव जरूरी**

न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत टकराव लोकतंत्र में नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने के लिए अच्छा है। यह बात सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने शनिवार को कही। वह सांसदों को 'संसद रत्न' पुरस्कार प्रदान करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा, संविधान में लोकतंत्र के नियंत्रण और संतुलन का जिक्र है, जो एक प्रशासन, एक विधायिका और अदालत का प्रावधान करता है। न्यायमूर्ति कौल ने कहा, हमारे यहां पहले 'पहले आओ-पहले पाओ' की आवधारणा पर आधारित लोकतंत्र है। इसलिए, सरकार के पास पचास फीसदी से कम मत होंगे, वहां कोर्ट व्यवस्था पर नियंत्रण और संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है। कौल ने आगे एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश का हवाला दिया और कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच थोड़ा बहुत तनाव अच्छा है। लेकिन अगर दोनों के बीच बहुत सी चीजें स्पष्ट नहीं हैं, तो समस्या है।

### इन सांसदों को मिला संसद रत्न पुरस्कार

यह सम्मान भाजपा के सांसद सुधीर गुप्ता, शिवसेना के श्रीकांत एकनाथ शिंदे, भाजपा के सुकांत मजूमदार, कांग्रेस के कुलदीप राय शर्मा और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अमोल कोल्हे को दिया गया। सत्रहवीं लोकसभा में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले आरएसपी के एनके प्रेमचंद्रन, कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, भाजपा के बिद्युत बरन महतो औ भाजपा की हीना गावित को संसद महारत्न' से सम्मानित किया गया। वहीं, राकांपा की सुप्रिया सुले, शिवसेना के श्रीरंग अप्पा बारने, बीजद के भर्तृहरि महताब को 'सांसद उत्कृष्ट महारत्न' से सम्मानित किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का पालन करना इजराइल का दायित्व

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- **जर्मनी के म्यूनिख में चल रहे सुरक्षा सम्मेलन में गाजा के हालात पर बोले विदेश मंत्री जयशंकर**




इजराइल-हमास युद्ध को लेकर दुनियाभर के कई राजनेता इसकी आलोचना कर रहे हैं। वहीं, इस बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर फिलिस्तीन मुद्दे के दो राष्ट्र समाधान का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देश अब न सिर्फ इसका समर्थन कर रहे हैं। बल्कि, इसे पहले कहीं ज्यादा जरूरी मान रहे हैं।

जयशंकर ने जर्मनी के म्यूनिख में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री अन्नालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में एक सुरक्षा सम्मेलन में चर्चा के दौरान यह टिप्पणी की। विदेश मंत्री ने पिछले साल अक्टूबर में इजराइल पर हुए हमलों को आतंकवाद करार दिया। लेकिन, इजराइल की कार्रवाई का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मानवीय कानून का पालन करना तेल अवीव की अंतर्राष्ट्रीय दायित्व है। जयशंकर ने कहा कि यह जरूरी है कि इजराइल को नागरिकों के हताहत होने को लेकर सावधान रहना चाहिए। भारत के स्टैंड को विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि कई पहलू हैं और मोटे तौर उन्हें चार बिंदुओं में बांटा जा सकता है। उन्होंने कहा, हमें स्पष्ट होना चाहिए इजराइल में जो हुआ वह आतंकवाद था।



**श्रीनगर:** शनिवार को जम्मू-कश्मीर के आठ जिलों में भारी बर्फबारी के चलते हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि कश्मीर के बांदीपोरा, बारामूला, कुपवाड़ा, गांदरबल और जम्मू क्षेत्र के डोडा, किश्तवाड़, पुंछ और रामबन जिलों में 2,200 मीटर से ऊपर हिमस्खलन होने के आसार हैं। स्थानीय लोगों को हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है। बता दें, आपदा के समय हेल्पलाइन नंबर 112 जारी किया है। ● एजेंसी

### माउंट एवरेस्ट बेस कैंप के पास दो पर्यटकों की मौत

**काठमांडू/नई दिल्ली।** माउंट एवरेस्ट बेस कैंप के पास दो लोगों की मौत हो गई। आधिकारिक सूचना के मुताबिक मृतकों में चीनी पुरुष और एक यूके की महिला पर्यटक शामिल है। बताया जा रहा है कि दोनों की 18 हजार की ऊंचाई पर होने वाली सांस की तकलीफ के कारण जान गई है। 26 वर्षीय चीनी पर्यटक वोनिसवो डोंग बुधवार को एवरेस्ट बेस कैंप के पास गोरक्षेप में अपने होटल के कमरे में मृत पाये गये थे। डोंग ने काठमांडू से लुक्ला हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद ऊपर की ओर बढ़ते हुए एक रात बिताई थी। वहीं, यूके की 42 वर्षीय पर्यटक एलिजाबेथ डियारो लुक्ला के साथ ही यही हुआ था। फिलहाल, शवों को पोस्टमार्टम के लिए काठमांडू ले जाया जा रहा है, जैसा कि सोलुखुम्बु जिला पुलिस कार्यालय के पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा ने पुष्टि की है।

## भारत आ रहे तेल टैंकर पर हूती आतंकियों ने दागी मिसाइल

**काहिरा।** लाल सागर में हाउती आतंकियों के हमले नहीं रुक रहे हैं। हाउती आतंकियों ने भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर को निशाना बनाकर मिसाइल दागी। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि मिसाइल ने तेल टैंकर एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह यमन से दागी गई थी। हमले में तेल टैंकर को मामूली क्षति पहुंची है। इस पर मौजूद क्रू सदस्य सुरक्षित हैं।

पोलक्स रूस के काला सागर स्थित बंदरगाह शहर नोवोरोसिस्क से 24 जनवरी को रवाना हुआ था। यह भारत के पारादीप के पास 28 फरवरी को पहुंचने वाला है। पारादीप में इंडियन ऑयल कंपनी की तीन लाख बैरल प्रतिदिन क्षमता की रिफाइनरी है। ओसियनफ्रंट मेरीटाइम को एसए के स्वामित्व वाले जहाज का संचालन सी ट्रेड मेरीन एसएस की ओर से किया जाता है।

## यूएनएससी में कब तक दबाई जाएगी 188 देशों की आवाज

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**



- **यूएनएससी में बदलावों को लेकर कंबोज बोलीं -सुधारों के माध्यम से दूर की जाएं असमानताएं**

भारत समेत दुनिया के कई देशों की लंबी समय से चल रही मांग के बाद भी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सुधारों पर कोई भी कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है। बदली हुई परिस्थितियों के बाद भी भारत की मांग को दशकों से अनसुना किया जा रहा है। एक बार फिर से भारत ने संयुक्त राष्ट्र के मंच से ही सभी स्थायी देशों को जमकर खरी-खोटी सुनाई। भारत ने कहा कि 5 स्थायी देश कब तक 188 देशों की सामूहिक इच्छा की अवहेलना करते रहेंगे।

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत रुचिरा कंबोज ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों की मांग करते हुए अपने एक बयान में कहा कि कितने लंबे समय तक 5 सदस्य देशों की इच्छा 188 देशों की सामूहिक इच्छा की अवहेलना करती रहेगी। इसे निश्चित रूप से बदलना होगा।

भारत ने कहा कि सभी देशों को संयुक्त राष्ट्र में समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ के देशों के साथ ऐतिहासिक रूप से अन्याय किया गया है और इसे तत्काल सही करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार करके स्थायी और अस्थायी सदस्यों की संख्या बढ़ाई जाए और उसमें एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देशों को शामिल किया जाए।

## चुनाव आयोग-विस अध्यक्ष का फैसला अन्यायपूर्ण: शरद



**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संस्थापक रहे शरद पवार ने शनिवार को कहा कि चुनाव आयोग और महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष का एनसीपी मामले पर दिया गया फैसला पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। शरद पवार ने कहा कि मामला को लेकर सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। दरअसल चुनाव आयोग ने बीते दिनों अपने फैसले में अजित पवार गुट को असली राकांपा (एनसीपी) माना था और पार्टी का चुनाव चिह्न भी अजित पवार गुट को देने का फैसला दिया था। शरद पवार ने कहा कि हमें ऐसे ही फैसले की उम्मीद थी। स्पीकर अपने पद की शुचिता को बरकरार रखने में असफल रहे। चुनाव आयोग और स्पीकर का फैसला अन्यायपूर्ण है।

## धोखाधड़ी मामला: ट्रंप पर लगा 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

- **न्यूयॉर्क कोर्ट ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर की कार्रवाई, कंपनी के निदेशक के रूप में काम पर भी लगाई रोक**




अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर नागरिक धोखाधड़ी मामले में न्यूयॉर्क के एक कोर्ट ने शुक्रवार को डोनाल्ड ट्रंप और ट्रंप ऑर्गनाइजेशन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए करीब 355 मिलियन डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया। कोर्ट ने ट्रंप को न्यूयॉर्क में कंपनी के निदेशक के रूप में काम करने से तीन साल के लिए रोक लगा दिया।

वहीं, अदालत ने उनके दोनों बेटों डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप को भी 4-4 मिलियन अमेरिकी डॉलर का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। कोर्ट ने दोनों को दो साल के लिए निदेशक के रूप में काम करने से रोक दिया है। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप और उनके बेटों पर बैंकों, बीमा कंपनियों व अन्य लोगों से धोखाधड़ी कर रियल एस्टेट का साम्राज्य खड़ा करने का आरोप है। सभी पर आरोप है कि उन्होंने लाभ लेने के लिए अपनी संपत्ति को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया। हालांकि, ट्रम्प और उनके बेटों ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। वहीं, पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस मामले को अपने साथ धोखाधड़ी करार दिया है।

**विज्ञान** लंबे समय से वैज्ञानिक पृथ्वी के नजदीकी ग्रह में तलाश रहे थे जीवन की संभावना

## शनि के उपग्रह टाइटन में खत्म हुई जीवन की संभावना

**नैनीताल कार्यालय**



शनि ग्रह के साथ उपग्रह टाइटन।

**अमृत विचार:** किसी दूसरे ग्रह पर जीवन बसाने को लेकर शनि के उपग्रह टाइटन में लगी उम्मीद में पानी फिर गया है। अकूत जल खुद में समेटे टाइटन पर लंबे समय से जीवन की तलाश की जा रही थी। अत्यधिक ठंडा व जल के विशाल महासगरों से भरा होने के कारण टाइटन को बियाबान निर्जीव बना दिया है।


टाइटन शनि का महासागरीय चंद्रमा है। जिसके भीतर पृथ्वी से भी अधिक जल भरा हुआ है। जिसे लेकर इस उपग्रह पर जीवन की संभावना थी। इस पर अध्ययन इसलिए भी तेज हुए, क्योंकि यह पृथ्वी का नजदीकी ग्रह है। जिस पर पहुचना आसान था। वर्तमान में वैज्ञानिक हमारे सौर परिवार से बाहर दूर दराज के तारों के चक्कर काट रहे ग्रहों में जीवन की तलाश कर रहे हैं। मगर टाइटन में नजदीक होने के कारण यह हमारी आकांक्षा की पूर्ति कर सकता था। इसलिए नासा कई दशकों से इसकी जांच पड़ताल में जुटा हुआ था। जिसे लेकर अंतरीक्ष यान कैसिनी को विशेषतौर पर इस उपग्रह पर भेजा गया था। टाइटन ने इस उपग्रह पर हैरान करने वाली अनेक जानकारियां जुटाई थी। वैज्ञानिकों के अनुसार टाइटन के महासागर का आयतन पृथ्वी के सभी महासागरों से 12 गुना अधिक है। मगर इतना अधिक जल जीवन के लिए बंजर हो सकता है। नए अनुसंधान के अनुसार टाइटन के भूमिगत महासागर और बाहरी सौर मंडल में अन्य बर्फीले चंद्रमाओं के अंदर के समान महासागरों में जीवन के लिए आवश्यक कार्बनिक रसायन की कमी हो सकती है। टाइटन शनि का सबसे बड़ा चंद्रमा है , जो सौर मंडल में दूसरा सबसे बड़ा चंद्रमा है। यह पेट्रोकेमिकल के धुएं में घिरा होने और इसकी सतह पर कार्बनिक अणुओं के साथ कार्बन है । मगर यह अत्यधिक ठंडा है। इसकी सतह का तापमान -179 डिग्री सेल्सियस है। इतनी ठंडी स्थितियों में, जीवन के लिए रासायनिक प्रतिक्रियाएँ बहुत धीमी गति से आगे बढ़ती हैं।

### कैथरीन नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम ने किया शोध

कनाडा के ओंटारियो स्थित वेस्टर्न यूनिवर्सिटी की कैथरीन नीश कहती हैं कि जहां तरल पानी है, वहां जीवन हो सकता है। जिस कारण इस उपग्रह पर लंबे समय से अध्ययन किये जा रहे हैं और भविष्य में भी जारी रहेंगे। नीश के नेतृत्व मे अंतर्राष्ट्रीय टीम द्वारा शोध किया गया था।

## विपक्षी नेता नवलनी की मौत के जिम्मेदार पुतिन: बाइडन

**वाशिंगटन, एजेंसी**



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुखर आलोचक कहे जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई। नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे, इसी दौरान उनकी मौत हो गई। लेकिन नवलनी की मौत को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने राष्ट्रपति पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा कि नवलनी के साथ जो हुआ वह पुतिन की क्रूरता का सबूत है और अब किसी को मूर्ख ना बनाया जाए। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि अगर उनकी मौत की खबरें सच हैं और मेरे पास यह विश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि वे सच नहीं हैं, क्योंकि हम पुतिन की क्रूरता को जानते हैं और यूक्रेन इसका उदाहरण है।

### कौन थे एलेक्सी नवलनी

नवलनी को पुतिन का घोर विरोधी माना जाता है और उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए अथक प्रयास किए थे। 1976 में जन्मे नवलनी ने कानून की पढ़ाई की और एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान स्थापित की, लेकिन साल 2008 में उन्होंने एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। इसी एक ब्लॉग की बदौलत उनकी लोकप्रियता में दिन दूनी रात चौगुनी रफ्तार से इजाफा हुआ। साथ ही सरकार में शामिल कई नेताओं और वरिष्ठ अधिकारियों को इस्तीफा भी देना पड़ा था।